चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 17, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे 16

मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार गहरा है 15

सीबीआई ने आबकारी घोटाले से जुड़े मामले में कविता को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- मौजूदा समय में के कविता तिहाड़ जेल में बंद हैं

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद कविता को तिहाड़ जेल ही गिरफ्तार कर लिया। कविता तिहाड़ जेल में रहेंगी और एजेंसी उनकी हिरासत मांगने के लिए शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश कर सकती है। उन्होंने कहा कि अगर सीबीआई को उनकी हिरासत मिल जाती है, तो कविता को एजेंसी मुख्यालय स्थित हवालात ले जाया जाएगा, जहां मामले की जांच कर रही भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारी उनसे पूछताछ करेंगे। विशेष अदालत से अनुमति मिलने के बाद सीबीआई ने शनिवार को जेल के अंदर कविता से पूछताछ की थी। बीआरएस नेता से मामले में सह-आरोपी बुच्ची बाबू के फोन से मिले व्हाट्सएप चैट और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी। आरोप है कि आबकारी नीति में कथित बदलाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये दिए गए थे। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

दिल्ली में 2020 के दंगे के 11 आरोपी बरी

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में शामिल 11 आरोपियों को बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई की जिनपर दंगे के दौरान गंगा विहार में संपत्ति जलाने और चोरी में शामिल होने का आरोप था। न्यायाधीश ने कहा कि मामले में आरोपी व्यक्तियों पर लगाए गये आरोपों को साबित नहीं किया जा सका, जिसकी वजह से इनको आरोपों से बरी किया जाता है। गोकलपुरी थाने में अंकित चौधरी, सुमित, पप्पू, विजय, आशीष कुमार, सौरभ कौशिक, भूपेन्द्र, शक्ति सिंह, सचिन कुमार, राहुल और योगेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

यूनिवर्सिटी में युवक की पीट-पीटकर हत्या

महिला का हाथ पकड़ने पर हुई घटना, रात भर ट्रैक्टर के पहिए से उसे बांधकर रखा था

झांसी, एजेंसी

बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में रात के समय महिला का हाथ पकड़ने पर लोगों ने युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इसके बाद लोगों ने उसे रस्सी से ट्रैक्टर के पहिए में बांधकर रखा। सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

मध्यप्रदेश के पन्ना निवासी दो बहनें अपने पतियों के साथ बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में बाउंड्री वॉल का निर्माण करने गईं हैं। दोनों महिला पतियों के साथ यूनिवर्सिटी में ही झोपड़ी बनाकर रहती हैं। बुधवार रात महिला अपने पति के साथ झोपड़ी के बाहर चबूतरे पर सो रही थी। रात दो बजे नशे की हालत में एक युवक आया और महिला का हाथ पकड़कर खींचने लगा। महिला ने पति को जगाया तो युवक भागने लगा। महिला के पति ने युवक को पकड़ा और यूनिवर्सिटी के गार्ड को बुलाया। इस दौरान महिला के पति, गार्ड और लोगों ने युवक को बेरहमी से पीटा। सुबह पुलिस के पास ले जाने की बात कहते हुए लोगों ने युवक को ट्रैक्टर के पहिए में बांध दिया। गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की एफआईआर दर्ज की

गार्ड के कहने पर दोनों महिलाएं यूनिवर्सिटी चौकी पुलिस के पास पहुंची। महिलाओं ने पुलिस को पूरी घटना के बारे में बताया। पुलिस ने भगवानदास, नेता, हीरालाल सहित अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को मेडिकल कॉलेज की मार्च्युरी में रखवाया गया है। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की शिनाख्त कराई जा रही है।

एक नजर

कोर्ट ने कहा, ईडी के सामने पेश हों कांग्रेस विधायक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के कांग्रेस विधायक धरम सिंह छोकर को धनशोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश होने को कहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने विधायक छोकर को मौखिक रूप से सुरक्षा दी और एजेंसी से कहा कि अगर उन्हें गिरफ्तार करने की जरूरत हो तो वह अदालत के समक्ष आवेदन दायर करे। पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा, ''हम इसे आदेश में दर्ज नहीं कर रहे लेकिन आपसे कह रहे हैं कि अगर उन्हें गिरफ्तार करना है तो आवेदन करें।

सीबीआई ने शिकायतों के लिए जारी की ई-मेल आईडी

नई दिल्ली। सीबीआई ने ई-मेल आईडी जारी की है जिस पर पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले में पीड़ित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में ई-मेल आईडी जारी की है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, उत्तर 24 परगना के डीएम से भी अनुरोध किया गया है कि वे इलाके में संबंधित ई-मेल आईडी के बारे में प्रचार करें और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार क्षेत्रों में व्यापक प्रसार वाले स्थानीय अखबारों में एक सार्वजनिक सूचना भी जारी करें। सीबीआई प्राप्त शिकायतों पर मामले दर्ज करना शुरू करेगी।

दो टूक : भ्रष्टाचारियों को जेल जाना पड़ेगा ये मोदी की गारंटी है

जयपुर व ऋषिकेश की चुनावी सभा में कांग्रेस सहित सभी विपक्षीदलों पर निशाना साधा

जयपुर/ऋषिकेश, एजेंसी

राजस्थान के करौली की चुनावी सभा में नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर निशाना साधा। कहा कि भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये आम चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने का चुनाव है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस का ना सिर्फ इतिहास खतरनाक है, बल्कि कांग्रेस के इरादे भी खतरनाक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसने युवाओं की नौकरी में भी लूट के मौके तलाशे और यहां राजस्थान में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में 'पेपर लीक' उद्योग खड़ा हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी ने आपको गारंटी दी थी कि भाजपा की सरकार आएगी और पेपर लीक माफिया जेल के भीतर दिखाई देंगे। आज मोदी की गारंटी पूरी हुई कि नहीं? आज राजस्थान ही नहीं पूरे देश में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। ऋषिकेश की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने ऋषिकेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि गढ़वाल में भी देश के अन्य हिस्सों की तरह लहर दिखाई दे रही है।

ऋषिकेश की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

गुरुवार को आईडीपीएल के हॉकी मैदान में हुई रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि जब-जब देश में कमजोर और अस्थिर सरकार आई है, तब-तब दुश्मनों ने फायदा उठाया है। भारत में तब आतंकवाद ने पैर पसारे लेकिन आज मोदी की मजबूत सरकार है इसलिए आतंकवादियों को घर में घुसकर मारा जाता है। अब भारत का तिरंगा युद्ध क्षेत्र में भी सुरक्षा की गारंटी बन गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का काम देखा है। सात दशक बाद जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने का साहस, तीन तलाक के खिलाफ कानून, महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण, सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10% आरक्षण देने का काम किया।

विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार होती तो वन रैंक-वन पेंशन कभी भी लागू नहीं होता। हमने पूरा करने की गारंटी दी थी और पूरा भी करके दिखाया। कांग्रेस का दावा था कि वन रैंक-वन पेंशन लागू होने पर पूर्व सैनिकों को 500 करोड़ रुपये देंगे। मोदी ने वन रैंक-वन पेंशन लागू करके एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा पूर्व सैनिकों के बैंक खाते में पहुंचा दिए। उत्तराखंड में भी साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये से ज्यादा सैनिक परिवारों को मिले हैं। कांग्रेस शासन के समय में तो सैनिकों के पास बुलेटप्रूफ जैकेट तक की कमी रहती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने अपने सैनिकों को भारत में बनी बुलेटप्रूफ जैकेट दी। आज देश में ही आधुनिक रायफल से लेकर लड़ाकू विमान बन रहे हैं।

कांग्रेस ने मां गंगा के अस्तित्व पर उठाए थे सवाल

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी उत्तराखंडी नहीं भूल सकता है कि कांग्रेस ने हरिद्वार में हर की पैड़ी पर मां गंगा के अस्तित्व पर सवाल उठाए और कहा कि हर की पैड़ी एक नहर के किनारे बसी है। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान उत्तराखंड की पहचान ब्रह्मकमल से जुड़ी हुई है।

बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंदा दंपती समेत पांच की गई जान

- एक बाइक पर दंपती और दूसरी पर तीन दोस्त अपने करीबी के घर ईद मिलने जा रहे थे
- भीड़ ने किया नेशनल हाईवे जाम, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बमुश्किल शांत कराया

अरबाज खान | आकिब खान | उवैस | साहिब खान | साकरा बेगम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : पांच परिवारों की ईद की खुशियां सड़क हादसे की भेंट चढ़ गई। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बेकाबू डंपर ने दो बाइकों को रौंद दिया। इसमें ईद मिलने जा रहे दंपती और तीन दोस्तों की मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। डीएम-एसपी ने बमुश्किल लोगों को शांत किया।

ईद के उल्लास में डूबे अड़ौली निवासी उवैस (32) व उनकी पत्नी साफरा बेगम (30) और दूसरी बाइक पर ग्राम विलई पसियापुर निवासी आकिब (21) पुत्र हसीन, परेवा वैश्य गांव निवासी अरबाज (26) पुत्र अकील व साहिब (25) पुत्र शाहिद अपने रिश्तेदारों से ईद मिलने जा रहे थे। जहानाबाद थाना क्षेत्र में ग्राम निसरा बरात बोझ के पास तेज गति डंपर ने दोनों बाइकों को रौंद दिया। हादसे में पांचों की मौत हो गई। सड़क पर पांच लाशें देख परिजन व अन्य लोग गुस्से पर काबू नहीं कर पाए और हाईवे पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सीओ सदर प्रतीक दहिया, इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। इस बीच डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय व अन्य अधिकारी पहुंच गए। डीएम-एसपी ने डंपर चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग हाईवे से हटे।

> सड़क हादसे में दो बाइकों पर सवार पांच लोगों की मौत हुई है। टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक का पता लगाने को टीम लगाई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। - **अविनाश पांडेय**, एसपी

हरियाणा में स्कूल बस पलटी, छह बच्चों की मौत

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले में गुरुवार को स्कूल बस के पेड़ से टकराकर पलट जाने से छह बच्चों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। मामले में पुलिस ने प्रधानाध्यापक दीप्ति और बस चालक धर्मेंद्र समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हादसे के समय बस चालक नशे में था। राज्य की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने अस्पतालों में घायल छात्रों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि निजी स्कूल को कारण बताओ नोटिस भेजकर पूछा गया है कि ईद पर छुट्टी होने के बावजूद यह कैसे खुला था। यह घटना कनीना में उन्हाणी गांव के पास सुबह 8.30 बजे उस वक्त हुई जब बस प्राथमिक से माध्यमिक कक्षाओं के 40 बच्चों को लेकर जीएल पब्लिक स्कूल जा रही थी। महेंद्रगढ़ एसपी अर्श वर्मा ने घटना की पुष्टि की है। वहीं पुलिस ने स्कूल के एक और अधिकारी होशियार सिंह को भी गिरफ्तार किया है। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया।

हजारा नहर में 9 लोग डूबे, पांच लापता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- एटा के रहने वाले हैं सभी, झाल पर लगे ईद के मेले में आए थे नहर में नहाने गए थे

रोते-बिलखते परिजनों को सांत्वना देते आला अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

अमृत विचार : ईद पर झाल पर लगे मेले में आए एटा जिले के नौ दोस्त हजारा नहर में डूब गए। गोताखोरों और फ्लड यूनिट ने चार दोस्तों को निकाल लिया, जबकि पांच का देर शाम तक पता नहीं चला।

गुरुवार दोपहर को एटा के गांव नगला पोता निवासी 17 वर्षीय मुजाहिद पुत्र मेहंदी हसन, 17 वर्षीय सलमान पुत्र युसूफ, 18 वर्षीय आसिफ पुत्र अतीक, इस्लाम नगर निवासी 16 वर्षीय शाहिद पुत्र हाशिम, नगला पोता निवासी सोहेल पुत्र छोटे, फैजान पुत्र सत्तार, फरमान पुत्र मुन्ने, रोहित पुत्र रफीक एवं निधौली रोड निवासी अभिषेक शर्मा गांव नदरई के समीप बने झाल पर ईद के मेले में घूमने आए थे।

मेले में मौजमस्ती के बाद सभी दोस्तों ने हजारा नहर में नहाने के लिए छलांग लगा दी। देखते ही देखते सभी दोस्त डूबने लगे। बचाव के लिए चिल्लाए तो ग्रामीण गोताखोर नहर में कूद पड़े। पास ही में डेरा डाले पीएसी फ्लड यूनिट के जवान भी पहुंच गए। सोहेल, फैजान, फरमान, रोहित को निकाल लिया जबकि अन्य पांच दोस्त लापता हैं। उनकी तलाश में गोताखोर जुटे हैं। डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम राकेश पटेल, एएसपी राजेश कुमार भारतीय, सीओ सिटी अजीत चौहान, विधायक सदर देवेंद्र राजपूत नहर पर पहुंच गए।

रेस्क्यू तेज करने को कहा, लेकिन देर शाम तक तलाश नहीं हो सकी। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि नौ दोस्त हजारा नहर में स्नान के लिए उतरे और गहरे पानी में डूब गए।चार को बचा लिया गया जबकि पांच की तलाश की जा रही है।

बिजनौर से सांसद मलूक नागर बसपा छोड़ रालोद में शामिल

लखनऊ, अमृत विचार: बिजनौर के सांसद मलूक नागर गुरुवार को बसपा से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए हैं। रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने उन्हें सदस्यता दिलाई है। मलूक नागर के साथ मेरठ के पूर्व मंत्री लखीराम नागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधा नागर ने भी बसपा छोड़ दिया। मालूक नागर को रालोद में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। तारीफ सिंह को भी यही जिम्मेदारी दी गई है। महेश आर्य, जगपाल सिंह सचिव बनाए गए हैं।

बसपा प्रमुख मायावती को भेजे इस्तीफे में मलूक नागर ने पार्टी छोड़ने की वजह बताई है। सांसद ने अपने पत्र में कहा कि पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया। ऐसा पहली बार हो रहा है कि ना तो विधायकी लड़ने दी गई और ना ही सांसदी के लिए टिकट दिया गया। इसलिए नए राजनीतिक ठिकाने पर जा रहा हूं। दरअसल, मायावती ने नागर का टिकट काटकर बिजनौर से चौधरी विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, एनडीए से रालोद के खाते में आई बिजनौर की सीट पर चंदन चौहान उम्मीदवार हैं।

पुलवामा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ लश्कर का आतंकवादी मारा गया

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। मारे गये आतंकवादी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गई है। वह प्रतिबंधित संगठन 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) से जुड़ा था जो लश्कर-ए-तैयबा की शाखा है। मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले गत पांच जनवरी को शोपियां जिले में मुठभेड़ में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया था। हालांकि पांच अप्रैल को सुरक्षा बलों ने बारामूला जिले के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था और एक आतंकवादी को मार गिराया था।

तीन आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों ओवैस अहमद वाजा, बासित फयाज कालू और फहीम अहमद मीर है जो सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी दे रहे थे।

भदोही से रमेश बिंद की जगह डॉ. विनोद को टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पेशे से चिकित्सक विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर की मझवां विस. सीट से विधायक भी हैं

अमृत विचार: भाजपा ने भदोही सीट से डॉ. विनोद बिंद को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। पार्टी ने वर्तमान सांसद डॉ. रमेश चन्द्र बिंद की जगह डॉ. विनोद बिंद मिर्जापुर के मझवां से विधायक को टिकट दिया हैं।

डॉ. विनोद दिसंबर 2022 में वाराणसी और जून 2023 में भदोही के टोल प्लाजा पर हुए विवाद को लेकर चर्चा में रहे हैं। दोनों ही मामलों में विनोद के समर्थकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे। वहीं, भदोही सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने टीएमसी को दी है। यहां से ललितेश पति त्रिपाठी चुनाव लड़ रहे हैं।

साल 2022 के विधानसभा चुनाव में मिर्जापुर के मझवां से सपा से टिकट मांग रहे डॉ. विनोद कुमार बिंद को निराशा हाथ लगी थी। आखिरी समय में उन्होंने निषाद पार्टी का दामन थामा था और फिर एनडीए के प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। वर्तमान सांसद रमेश चन्द्र बिंद को लेकर पार्टी के अंदर ही नहीं आमजन में भी नाराजगी थी।

आचार संहिता के उल्लंघन मामले में बृजभूषण को नोटिस

गोंडा (उप्र), एजेंसी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कैसरगंज संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में नोटिस जारी हुआ है। साथ ही सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि कैसरगंज सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा अनुमति बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क करने तथा धारा 144 का उल्लंघन के आरोप में कार्रवाई हुई है।

चेतावनी भारत समेत 91 देशों को एप्पल की ओर से जारी किया गया हैकिंग का अलर्ट

नेताओं के आईफोन पर मंडराया हैकिंग का खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- यह सूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे

एप्पल ने कहा है कि भारत समेत दुनिया के 91 देश के यूजर्स किसी भी वक्त पेगासस जैसे स्पाइवेयर के शिकार हो सकते हैं। स्पाइवेयर हमलों की जद में आने वाले लोगों में पत्रकार, कार्यकर्ता, राजनेता और राजनयिक शामिल हैं। यह सूचना ऐसे समय आई है जब भारत समेत करीब 60 देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं।

इसी तरह का अलर्ट एप्पल ने पिछले साल अक्तूबर में विपक्ष के कई नेताओं को भेजा था जिसके बाद काफी विवाद भी हुआ था। इससे पहले आईफोन पर हुए पेगासस अटैक को लेकर साल 2021 में सुप्रीम कोट ने एक कमिटी बनाने का आदेश दिया था जिसके पास इस अटैक के जांच की जिम्मेदारी थी। बता दें कि पेगासस स्पाइवेयर को इस्रायल की कंपनी एनएसओ ग्रुप ने तैयार किया है। पेगासस की मदद से किसी भी फोन को हैक किया जा सकता है और यूजर को इस हैकिंग के बारे में भनक तक नहीं लगेगी। एप्पल ने कहा कि भाड़े के स्पाइवेयर हमलों की कीमत लाखों डॉलर होती है। इसके अलावा हमले की अवधि कम होने से उनका पता लगा पाना और उन्हें रोक पाना खासा मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा अधिकांश उपयोगकर्ताओं पर ऐसे हमले कभी भी नहीं किए जाते हैं।

कंपनी ने कहा, नागरिक समाज संगठनों, प्रौद्योगिकी फर्मों और पत्रकारों से मिली सूचनाओं और शोध से पता चलता है कि इसपर आने वाली ऊंची लागत और जटिलता को देखते हुए ये हमले ऐतिहासिक रूप से सरकारी पक्षों से जुड़े रहे हैं। अगस्त 2022 में इस कमिटी ने कहा था कि 29 मोबाइल फोन की जांच की गई जिसमें पेगासस स्पाइवेयर के होने का कोई सबूत नहीं मिला। उस दौरान भारत के कई पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के फोन को पेगासस के जरिए मॉनिटर करने का दावा किया गया था। इस घटना के बाद से एप्पल अपने यूजर्स को संभावित हैकिंग को लेकर पहले ही अलर्ट भेज देता है। इनमें सरकारी की तरफ से भाड़े के स्पाइवेयर विकसित करने वाली निजी कंपनियां भी शामिल हैं जिनमें एनएसओ ग्रुप का स्पाइवेयर पेगासस भी है।

इसे लें गंभीरता से

कंपनी ने कहा किएप्पल ऐसे हमलों का पता लगाने के लिए पूरी तरह से आंतरिक खतरे-खुफिया जानकारी और जांच पर निर्भर करती है। हालांकि, हमारी जांच कभी भी पूरी तरह निश्चित नहीं हो सकती है लेकिन खतरे की ये सूचनाएं अत्यधिक भरोसे वाले अलर्ट हैं। इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना प्रात: 6:30 बजे।

☞ दयावती मोदी एकेडमी परिसर में बचे हुए मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे।

रामपुर आकाशवाणी के पूर्व निदेशक बांके नंदन का निधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आकाशवाणी के वरिष्ठ प्रसारणकर्मी, प्रकांड विद्वान, रचनाकार, प्रोड्यूसर और आकाशवाणी रामपुर के पूर्व केंद्र निदेशक रहे बांके नंदन प्रसाद सिन्हा का गुरुवार को पटना में देहावसान हो गया। उनके निधन पर आकाशवाणी में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति और परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने के लिए प्रार्थना की गई।

बांके नंदन प्रसाद सिन्हा का जन्म पांच जनवरी 1938 को नालंदा बिहार में हुआ था। वह आकाशवाणी दिल्ली में स्क्रिप्ट राइटर के रूप में नियुक्त हुए और आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों पर अपनी सेवाएं दीं। वह आकाशवाणी भोपाल, छतरपुर और भागलपुर में सहायक केंद्र निदेशक रहे। बांके नंदन प्रसाद सिन्हा 1987 से 1990 तक आकाशवाणी रामपुर के केंद्र निदेशक रहे। उसके बाद उनका स्थानांतरण हिंदी रूपक एकांश में निदेशक के पद पर दिल्ली के लिए हुआ। मई 1992 से जनवरी 1996 तक वह आकाशवाणी पटना के केंद्र निदेशक भी रहे। साधारण जीवन उच्च विचार रखने वाले बांके नंदन के निधन पर आकाशवाणी रामपुर में शोक सभा हुई। कार्यक्रम प्रमुख राजीव सक्सेना, वरिष्ठ उद्घोषक असीम सक्सेना, प्रसारण निष्पादक गौरव सक्सेना, विक्रांत चौधरी एवं अवधेश गौतम ने उनके निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनके पुत्र सुंधाशु नंदन ने भी वरिष्ठ उद्घोषक के रूप में आकाशवाणी रामपुर में अपनी सेवाएं दीं और यहीं से वह सेवानिवृत्त हुए।

छुट्टा मवेशियों का मुद्दा भी रहा हावी, पकड़वाने की मांग, फसलों का नकद मूल्य मिले तो किसान हों खुशहाल

फसलों के उचित दाम और समय पर मिले गन्ने का भुगतान

चुनावी चर्चा

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव नजदीक आने पर चुनावी सरगर्मियां भी बढ़ती जा रही हैं। गांव की गलियों और चौबारों पर चुनाव पर गरमा-गरम बहस हो रही है। कोई सपा, कोई बसपा और कोई भाजपा के नुमाइंदे को चुनाव जिता रहा है।

कुछ लोग का कहना है कि पूर्व सांसद बेगम नूरबानो लोकसभा चुनाव में होती तब चुनाव की रंगत कुछ और ही होती। कुछ लोगों का कहना है कि यदि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह सपा में पहले शामिल होते तब चुनावी परिदृश्य बदल सकता था। जबकि किसानों का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा हो जो किसानों की आवाज को संसद में बुलंद करे। किसानों को कृषि उपकरण व रासायनिक खाद पर उत्पादन लागत के अनुसार सब्सिडी मिलनी चाहिए। गन्ना भुगतान समय से न होने पर किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि छुट्टा मवेशियों द्वारा किसानों की फसल रौंदना भी बड़ा मुद्दा है। हमारा सांसद ऐसा हो जो इस मुद्दे को संसद में जोर-शोर से उठाए। जिससे किसानों को छुट्टा मवेशियों से निजात मिल सके। इन्हीं तमाम मुद्दों पर गांव रुस्तमपुर में किसान जुगेन्द्र सिंह के सेलर के बाहर बैठे किसानों से अमृत विचार की टीम ने चुनाव पर चर्चा की।

शाहबाद के रुस्तमपुर गांव में चुनाव पर चर्चा करते किसान। ● अमृत विचार

सरकार को उत्पादन लागत के अनुसार फसलों का मूल्य तय करना चाहिए। किसान को फसल का वाजिब दाम भी नहीं मिल रहा है। गन्ना मूल्य भी लागत के अनुसार निर्धारित होना चाहिए। - दान सिंह

सरकार को किसानों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देना चाहिए। सभी किसान परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनने चाहिए। किसान और उसका परिवार हर समय खतरे में रहता है। किसान के परिवार का निशुल्क बीमा होना चाहिए। - नानुकी यादव

किसान को तुरन्त गन्ने का भुगतान मिले। ताकि, वह अपने बच्चों का शादी-विवाह समय से कर सके। जिस प्रकार दुकानदार किसान से अपने सामान के पैसे तुरंत ले लेता है, उसी तरह किसान को भी फसल का पैसा तत्काल मिलना चाहिए। तभी किसान खुशहाल होगा। - संतराम यादव

किसानों का कर्ज माफ कराने के लिए सदन में मुद्दा उठाए। किसान की आर्थिक हालत कमजोर होती जा रही है। हमारा सांसद ऐसा हो जो छोटे किसानों के कर्ज माफ करने का प्रयास करे। छोटा किसान बैंक के कर्ज में डूबता जा रहा है। - उरमान सिंह

एक नजर

ई-रिक्शा की चपेट में आकर राहगीर घायल

रामपुर, अमृत विचार : ई-रिक्शा की चपेट में आने से राहगीर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन निवासी मनोज दोपहर के समय पनवड़िया जा रहा था। मालगोदाम तिराहे के पास पीछे से आ रहे ई-रिक्शा ने उसकी टांग में टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग भी आ गए। कुछ देर दोनों में नोकझोक होती रही। बाद में लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

रामपुर, अमृत विचार : जामा मस्जिद बिलासपुर में ईदुलफितर की नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईदुलफितर की बधाई दी। इस मौके पर किसान नेता मोहम्मद हनीफ वारसी, सैयद सलीम मियां, मौलाना कयूम, हाफिज कारी, अफरोज, मुराद खान, समीर वारसी, कबीर वारसी, साजिद खान, मारूफ अली, नदीम खान, फैजान अली, रईस अहमद, जावेद खान, उस्मान खान, फिरोज अहमद आदि मौजूद रहे।

आज वोट डालेंगे 356 दिव्यांग मतदाता

सुबह आठ बजे कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होंगी 26 पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिले में 356 दिव्यांग मतदाता गुरुवार को मतदान करेंगे। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुबह आठ बजे कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। ताकि दिव्यांग मतदाताओं के वोट डलवाए जा सकें। इसे लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। सुबह से पोलिंग पार्टियों का कलेक्ट्रेट में पहुंचना शुरू हो जाएगा।

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। लेकिन एक सप्ताह पहले दिव्यागों से मतदान कराया जाएगा। लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र से मत डालने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराएंगी। इसके तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से सुबह आठ बजे पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

▸▸ 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान कराएंगी पोलिंग पार्टियां

जनपद की पांच विधानसभाओं में होगा मतदान, 26 वाहन लगाए गए

85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांगों के वोट डलवाने के लिए 85 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। इस श्रेणी के स्वार में 21 मतदाता हैं। इनके लिए दो पोलिंग पार्टियों के लिए दो वाहन लगाए गए हैं। चमरौआ में 44 मतदाताओं के लिए तीन पोलिंग पार्टियां लगाई हैं। यह तीन वाहनों से रवाना होंगी। इसके अलावा तहसील बिलासपुर में 122 दिव्यांग मतदाता हैं। इनके लिए नौ पोलिंग पार्टियों के लिए नौ वाहन लगाए गए हैं। तहसील सदर में 56 दिव्यांग मतदाता हैं। इनके लिए छह पोलिंग पार्टियां और छह वाहन लगाए गए हैं। मिलक में 103 दिव्यांग मतदाताओं के लिए छह पोलिंग पार्टियां और छह वाहन दिए गए हैं। जिले में कुल 356 दिव्यांग मतदाता है इनके मतदान के लिए 26 पोलिंग पार्टियां और 26 वाहन लगाए गए हैं। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पोलिंग पार्टियां सुबह आठ बजे कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होंगी।

मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराएं जरूरी सामान की किट : राजवीर

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा.राजवीर सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि मुरादाबाद के जिलाधिकारी की तरह रामपुर में भी मतदान कर्मियों को जरूरी सामान वाली किट उपलब्ध कराई जाए। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा.राजवीर सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि जिले में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसमें काफी संख्या में मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। मुरादाबाद की तरह 17 सामान वाली किट उपलब्ध कराई जाए। जिसमें पेस्ट, टूथ ब्रुश, शीशा, छोटी बड़ी चार तौलिया, चार कंघे, मच्छरों से बचने के क्वाइल, साबुन, पेपर, बिस्कुट के आठ पैकेट, बाल्टी, मग, हेयर ऑयल, माचिस, ओडोमास आदि जरूरी सामान निर्वाचन वाले दिन उपलब्ध कराने की मांग की। इस मौके पर अंजुम स्नेही, सक्सेना भी मौजूद रहे।

जिले के 356 दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां उनके घरों पर पहुंचेंगी। इसके 26 पोलिंग पार्टियां शुक्रवार की सुबह आठ बजे कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होंगी। -जोगिन्दर सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी

अनुमति न मिलने से टांडा में नहीं लगा ईद मेला

टांडा, अमृत विचार : नगर में करीब 100 साल से ईदुलफितर के मौके पर लगने वाला मेला इस वर्ष अनुमति न मिलने के कारण नहीं लग सका। उधर दुकानदारों ने अपना सामान मेले में लगा लिया था। लेकिन पुलिस ने मेले में पहुंचकर संचालन रुकवा दिया। मेला न होने से दूर-दराज से आये दुकानदार बेहद परेशान हैं। ईओ पुनीत कुमार का कहना है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण प्रशासन की अनुमति नहीं मिल सकी।

नगर में झंडा चौक के पास स्थित मैदान में प्रत्येक वर्ष ईदुलफितर के मौके पर चार दिवसीय मेले का आयोजन होता है। इसमें विभिन्न खेल तमाशे, झूले के साथ ही मीना बाजार आदि भी लगता है। यह मेला नगर में लगभग 100 साल से भी अधिक समय से लगता आ रहा है। नगरवासियों व कुछ सभासदों का कहना है कि पिछले वर्ष निकाय चुनाव के चलते आचार संहिता लागू थी लेकिन फिर भी मेले का आयोजन हुआ था। इस बार मेले का आयोजन न होने का प्रमुख कारण पालिका प्रशासन द्वारा अनुमति के लिए कोई ठोस पैरवी नहीं करना माना जा रहा है।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

जीपीएस से युक्त होंगे सभी मजिस्ट्रेटों के वाहन : हेम सिंह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह ने बताया कि पोलिंग पार्टियों के लिए निर्धारित वाहनों के साथ सभी सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों के वाहन भी जीपीएस युक्त रहेंगे। ताकि उनकी मूवमेंट की मॉनिटरिंग हो सके। वाहनों में तकनीकी खराबी या अन्य समस्या होने पर तत्काल जरुरी संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर आयोग द्वारा निर्धारित सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही विभिन्न तैयारियों के सम्बन्ध में सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस और पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा ने समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने चुनाव की तैयारियों की बाबत विस्तार से प्रेक्षकों को जानकारी दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान अवधि के दौरान जिला स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित है। इसमें एसडीएम स्तर के अधिकारी को नोडल की जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक स्तर पर तैयारियों को आयोग के निर्देशानुसार बेहद गंभीरता के साथ प्रभावी बनाया जा रहा है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन भी मौजूद रहे।

शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई ईद की नमाज

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों में निर्धारित समय अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। ईदगाह में शहर इमाम मौलाना नसीर खां ने सुबह आठ बजे नमाज अदा कराई। इसके अलावा खौदलपुर खेड़ा पर मुफ्ती बिलाल ने सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज अदा कराई। शांतिपूर्ण तरीके से नमाज मुकम्मल होने पर प्रशासन ने शहर इमाम सहित मुस्लिम समुदाय को फूल पेश कर स्वागत किया।

गुरुवार की सुबह माठखेड़ा रोड स्थित ऐतिहासिक ईदगाह पर भारी संख्या में नमाजी एकत्र हुए। शहर इमाम ने तकरीर बयां करते हुए कहा कि साहिबे निसार सभी पर सदका ए फित्र वाजिब है, जो अपने और अपने लोगों के एक बंदे के ऊपर जो दो किलो गेहूं या उसकी कीमत जो आज के वक्त में साठ रुपए बनती है, उसे ईद की नमाज से पहले ही अदा करें। कहा कि मालों-जेवर की हैसियत रखने वाले जकात जरूर निकालें। अल्लाह उस माल में और इजाफा करता है। जो अल्लाह की राह में जकात नहीं निकालता, अल्लाह उस बंदे से सख्त नाराज होता है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि अल्लाह ने रमजान का मुकद्दस महीना हमारे लिए रहमत, बरकत और मगफिरत के लिए नाजिल किया। अल्लाह ने इसमें रोजा, तरावीह और कुरआन की तिलावत करने का अलग-अलग सबाब अता फरमाया है। हमें चाहिए कि हम अपनी कजा नमाजों को पूरा करें और दीन का रास्ता अख्तियार कर शांति और भाईचारे का पैगाम दें। खुतबा पढ़ने के बाद मुल्क और कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएं कराईं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में दोनों हाथ उठाकर दुआएं मांगी।

ईदगाह पर जनप्रतिनिधियों का लगा जमावड़ा

ईद की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन व खुफिया तंत्र पूरी तरह सतर्क रहा। जैसे ही नमाज अदा करके शहर इमाम व नमाजी ईदगाह से बाहर निकले तो एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, तहसीलदार निश्चय कुमार, क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह आदि ने गले मिलकर बधाई दी। माठखेड़ा रोड स्थित ईदगाह पर जनप्रतिनिधियों का जमावड़ा लगा रहा। कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय कपूर, मौलवी अहमद नबी, आरएलडी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्टू, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद हसन खां, गजाली खां, रवि टंडन, डा.जफर उल्ला खां आदि ने बधाई दी। ईद की नमाज के बाद लोग अपनों की कब्रों पर पहुंचे और गुलाब के फूल और अगरबत्ती आदि जलाकर उनकी व अपनी मगफिरत की दुआ।

भांजी से दुष्कर्म करने में जिला पंचायत सदस्य पुलिस की पकड़ से दूर

रामपुर, अमृत विचार : भांजी को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में जिला पंचायत सदस्य इम्तियाज हुसैन चिंटू समेत कई आरोपी फरार चल रहे हैं। जबकि इस मामले में तीन आरोपी जेल जा चुके हैं।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती को 13 मार्च को जबरन कार में डालकर अपने घर चमरौआ ले गए। जहां इन चारों ने बेल्ट से पीटा और सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने दिल्ली में तहरीर दी थी। दिल्ली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके शहजादनगर थाने को भेज दिया था। इस मामले में आरोपी इम्तियाज हुसैन सहित आठ लोगों पर केस हुआ था। तीन आरोपी पकड़े जा चुके हैं। जबकि जिला पंचायत सदस्य सहित पांच आरोपी फरार हैं।

ईद के दिन मौसम रहा गरम, लोग रहे व्याकुल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ईद के दिन मौसम गरम रहा। जिसके कारण लोग व्याकुल रहे। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 13 अप्रैल को गरज-चमक के साथ वर्षा हो सकती है। वर्षा के बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। अप्रैल की शुरुआत से ही मौसम अपने रंग दिखाने लगा है। गर्मी का प्रकोप दिनों-दिन बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने लू चलने की संभावना जताई है।

अप्रैल में गर्मी ने अपना दिखाना शुरू कर दिया है। लोग शिद्दत की गर्मी से बेहाल होने लगे हैं। ईद के दिन भी तामपान 37 डिग्री रहा। मौसम का मिजाज बदलते ही शीतल पेय पदार्थो की बिक्री जोर पकड़ने लगी है। राहे रजा और राहे मुर्तजा पर बेल का शर्बत, गन्ने का रस और आइसक्रीम के ठेलों पर बिक्री बढ़ गई है। ईद पर लोगों ने दोपहरी में ठंडे पेय पदार्थ पीकर गर्मी से राहत पाई। मौसम वैज्ञानिक 13 अप्रैल को गरज-चमक के साथ वर्षा का अनुमान जता रहे हैं। शिद्दत की गर्मी होने के चलते ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने नीम और पीपल की छांव में दोपहरी गुजारी। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पर्यावरणविद् डा. बेबी तबस्सुम बताती हैं कि कार्बन डाई आक्साइड, मीथेन सहित अन्य गैसों के उत्सर्जन के कारण तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इससे अप्रैल में ही लोगों को मई व जून की गर्मी का एहसास होने लगा है। गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। पूर्व के वर्षों की अपेक्षा इस बार अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। प्रकृति से छेड़छाड़ न करें। क्योंकि प्रकृति से छेड़छाड़ करने पर वह अपना बदला जरूर लेती है। पेड़-पौधों का कटान न करें।

गर्मी में बाइक से गुजरता परिवार। ● अमृत विचार

हाल-ए-मौसम

● आद्रता	22 प्रतिशत
● वायु वेग	11 किमी. प्रतिघंटा

▸▸ मौसम वैज्ञानिकों ने 13 अप्रैल को वर्षा का जताया है अनुमान

▸▸ वर्षा के बाद लोगों को गर्मी से मिल सकती है कुछ राहत

13 और 15 अप्रैल के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में तेज हवा, तड़ित झंझावात एवं वज्रपात के साथ वर्षा की संभावना है। -डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

अनदेखी — बारिश के दिनों में भर जाता है पानी, लोगों को आवाजाही में करना पड़ता है काफी दिक्कतों का सामना

साईं विहार में 12 वर्ष से नहीं हुआ सड़क का निर्माण, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : साईं विहार में करीब 12 वर्ष से सड़क का निर्माण नहीं होने से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियां आ रही हैं। बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। इसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती है। कई बार मोहल्लेवासी अधिकारियों को ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग कर चुके हैं लेकिन फिर भी स्थिति जस की तस है।

ज्वालानगर की साईं विहार कालोनी में बने ज्ञान सरोवर धर्मशाला के आसपास बसी कालोनी में करीब 90 मीटर सड़क 12 वर्ष से जर्जर हालत में है। इसके कारण से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने कई बार सांसद से लेकर शहर विधायक तक को पत्र देकर सड़क बनाने की गुहारल लगाई, लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़क टूटी होने के कारण वाहन पलटने का खतरा बना रहता है। स्कूली बच्चे भी इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। हमेशा आशंका सताती रहती है कि बच्चों के साथ कोई अनहोनी न हो जाएग। नाली भी नहीं होने के कारण परेशानी आती है। घरों का पानी सड़क पर आ जाता है।

साईं विहार की जर्जर सड़क। ● अमृत विचार

साईं विहार में सड़क नहीं बनने के कारण जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिस कारण वाहन निकलने के दौरान पलटने का खतरा बना रहता है। स्कूली बच्चे भी ई-रिक्शा से इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। - चित्रांश

काफी समय से सड़क टूटी होने के कारण आवाजाही में परेशानी आती है। कई बार अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। - सोनू लोधी

सड़क के साथ नाली भी नहीं बनी है। कुछ घरों का पानी सड़क पर भर जाता है। वाहन निकलने के दौरान कपड़े गंदे होने का खतरा बना रहता है। काफी समय से सड़क नहीं बनने से परेशानी होती है। - शिवम

सड़क बनवाने को लेकर विधायक, सांसद और नगर पालिका के अधिकारियों को कई बार ज्ञापन देकर गुहार लगाई। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सड़क की हालत बेहद खराब है। - प्रिंस सक्सेना

लखविंदर सिंह ने थामा भाजपा का दामन

कार्यालय संवादाता, रामपुर

अमृत विचार : कद्दावर नेता लखविंदर सिंह समेत सैकड़ों की तादाद में सिख समाज से जुड़े जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भारतीय जनता पार्टी के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पहुंचे। प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर व राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि बहुत खुशी का दिन है। बड़ी संख्या में जिले के सम्मानित सिख समाज के नेता ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। हम सभी दिल से स्वागत करते हैं। सिख समाज से आए नेताओं ने दावा किया कि वह तन, मन, धन से भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को जीत दिलाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, प्रेम शंकर पांडेय, जिला सह मीडिया प्रभारी शिवा शर्मा, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, जुगेश अरोड़ा, मंजू दिलेर, अवतार सिंह, निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, गुरिंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, अशोक विश्नोई, दिनेश शर्मा, अनुज सक्सेना, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो और विधायक आकाश सक्सेना, संजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान बोलते प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

चतुर्थ कूष्मांडा

नवरात्र में चौथे दिन देवी को कूष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कूष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्मांडा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-ऐं ह्रीं देव्यै नमः।

युवक ने अश्लील वीडियो से बनाया शादी का दबाव, रिपोर्ट

पीड़िता ने तंग आकर जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नगर पालिका के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने अपनी साथी युवती का अश्लील वीडियो बनाकर जबरन निकाह करने का दबाव बनाया। शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए छेड़खानी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पालिका कर्मचारी के खिलाफ देर रात रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती का कहना है कि वह नगर पालिका पालिका में कांट्रेक्ट बेस पर काम करती है। नगर पालिका में मृतक आश्रित में इमली झूले वाली का रहने वाला मोहम्मद शुऐब कमरा नंबर तीन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। युवती का कहना है कि स्टाफ का होने के नाते शुऐब से जान-पहचान हो गई थी। इस दौरान शुऐब ने युवती से अपनी पत्नी और बच्ची को भी मिलाया था। इस तरह आरोपी का युवती के घर आना-जाना शुरु हो गया था। युवती की मां को वह अपनी कार में दिल्ली से दवा भी दिलाकर लाया था। पीड़िता का कहना है कि एक दिन शुऐब उसके घर से टीवी का सेटअप बॉक्स ले गया था। इस दौरान उसने एक कैमरा सेटअप बॉक्स में फिट कर दिया था। इसके बाद सेटअप बॉक्स को युवती के कमरे में लगा दिया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली।

युवती का कहना है कि कर्मचारी ने युवती को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उस वीडियो को अपने मोबाइल में ले लिया और फिर उस पर शादी करने का दवाब बनाने लगा। मना करने पर आरोपी ने वीडियो करे वायरल करने की धमकी दी। युवती ने काफी मना किया, लेकिन आरोपी नहीं माना। पीड़िता की मां के मना करने पर सभी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। युवती ने डीआईजी से शिकायत की। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शुऐब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती ने तंग आकर जहर खाकर की जान देने की कोशिश

पीड़ित युवती ने आरोपी से परेशान होने के बाद जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की। युवती का कहना है कि आरोपी नौ मार्च को उसके साथ जबरन निकाह करने का दबाव बनाया था। मना करने पर उसके साथ छेड़खानी की। इतना ही नहीं आरोपी ने से जूतों से खूब पीटा। बूढ़ी मां उसे बचाने आई तो उसे धक्का देकर भगा दिया। पीड़िता ने कई बार सिविल लाइन थाने में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। वह काफी समय से परेशान थी। अब युवती की रिपोर्ट दर्ज हो गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- निकाह न करने पर दी वीडियो वायरल करने की दी धमकी पांच लाख रुपये भी मांगे

शांतिभंग की आशंका में नौ लोगों का चालान

स्वार, अमृत विचार : पुलिस ने छापामार कार्रवाई करके आपस में मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के नौ लोगों का शांतिभंग में चालान किया है।

गुरुवार को नगर के मोहल्ला अगलगा निवासी इमरान व फुरकान में मामूली बात पर कहासुनी हो गई। बाद में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। गाली-गलौच होने के बाद दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चलने लगे। इससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख झगड़ा कर रहे लोग मौके से खिसकने लगे। मगर पुलिस ने एक पक्ष के इमरान पुत्र रईश, रिजवान पुत्र रईश निवासी मोहल्ला अगलगा, इमरान पुत्र रईश निवासी मोहल्ला रसूलपुर, गुड्डु पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला नोगजा कालोनी, समीर पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला अगलगा वार्ड नंबर सात, समीर पुत्र इकराम निवासी मोहल्ला वार्ड नंबर सात अगलगा व द्वितीय पक्ष के इमरान व उसके भाइयों फुरकान तथा जुनैद निवासी मोहल्ला अगलगा समेत नौ लोगों को शांतिभंग की आंशका में गिरफ्तार किया है।

दहेज उत्पीड़न में फंसा कानपुर का परिवार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दहेज की खातिर महिला को मारपीट करके घर से निकालने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की रोजा विला कालोनी निवासी तहमीना के अनुसार उसका निकाह 30 मार्च 2008 को कानपुर के नया चौक निवासी गौसुल आबेदीन से हुआ था। शादी के समय मायके वालों ने काफी दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुराल वाले खुश नहीं थे। वह उससे और दहेज की मांग कर रहे थे। इस दौरान महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया, लेकिन ससुराल वाले तब भी नहीं सुधरे। लगातार दहेज के लिए उसे परेशान करते रहे। काफी परेशान हो जाने के बाद तहमीना ने 2019 में सिविल लाइन थाने में ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसके बाद ससुरालियों ने तहमीना को किसी तरह मना लिया था और केस वापस करा दिया था। आरोप है कि कुछ दिन बाद ही ससुराल वालों ने उसका गर्भपात करा दिया। 25 जनवरी 2023 को ससुरालियों ने गला दबाकर उसे मारने का प्रयास किया। इसके बाद तहमीना ने पुलिस को तहरीर दी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब पीड़िता ने धारा अदालत की शरण ली। जानकारी मिलने पर ससुराल वालों ने फिर से राजीनामा करा लिया। आरोप है कि महिला के ससुरालियों ने 24 नवंबर 2023 को महिला के पति को संपत्ति से बेदखल कर दिया। इसके बाद महिला को घर से भगा दिया और उसके पति को कहीं छिपा दिया।

दो दिसंबर 2023 को ससुराली उसके मायके आ गए। ससुरालियों ने कहा कि तुम्हारे पति को हमने छिपा दिया है। इसका इल्जाम तुझ पर ही लगाएंगे। पीड़िता ने इस मामले में सिविल लाइन थाने में तहरीर दी है। इसके आधार पर पुलिस ने गौसुल, गुलाम गौस, आयशा बेगम, शाजिया, बानो, जैनब व सना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- पीड़िता ने ससुराल वालों पर लगाया जबरन गर्भपात कराने का आरोप, सात पर रिपोर्ट
- ससुराल वालों ने पति को संपत्ति से बेदखल करके किया गायब

प्रेम विवाह के चक्कर में मारपीट, नौ लोगों पर रिपोर्ट

केमरी, अमृत विचार : प्रेम विवाह के चक्कर में दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्ष के तीन-तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना केमरी थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया की है। यहां यूनुस अंसारी और नूर अहमद अंसारी के परिवार रहते हैं। पुलिस के मुताबिक यूनुस अंसारी पक्ष की युवती ने दूसरे पक्ष के युवक के साथ करीब 10 माह पूर्व प्रेम विवाह कर लिया था। तभी से दोनों परिवारों में रंजिश चली आ रही है। शाम लगभग 6:42 बजे दोनों पक्ष मगरिब की नमाज पढ़कर गांव में बनी छोटी मस्जिद से बाहर निकल रहे थे। दोनों पक्ष मस्जिद से कुछ दूरी पर पहुंचे ही थे कि उनके बीच कहासुनी हो गई। लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। दोनों तरफ से जान से मारने की धमकी दी गईं। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 20-25 मिनट तक दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के यासीन, यूनुस, जाहिद, ताहिर, मुर्तजा, चांद मुस्तफा, अयान, गुलाम साबिर समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

पंजाब में मजदूरी करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, केमरी

अमृत विचार : पंजाब में काम करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। परिजन उसका शव लेने के लिए पंजाब रवाना हो गए हैं। परिजन युवक की हत्या किए जाने आंशका जता रहे हैं।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव जनूनागर निवासी दीपक उर्फ संजू (22) पुत्र भागीरथ लोधी गांव में मजदूरी करके परिवार की मदद करता था। छह माह पूर्व भोट थाना क्षेत्र के गांव बांसनगली निवासी युवती से उसका विवाह हुआ था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण दीपक मजदूरी करने के लिए पंजाब चला गया था। वह अपनी पत्नी को भी साथ ले गया था। गुरुवार की दोपहर परिजनों को सूचना मिली कि दीपक की पंजाब में मौत हो गई है। बेटे की अचानक मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। मृतक अपने परिवार में पांचवें नंबर पर था। उसके परिवार में दो भाई और दो बहन अविवाहित हैं।

दुखद

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पंजाब के लिए हुए रवाना
- पत्नी को भी अपने साथ ले गया था जनूनगर निवासी दीपक

मांग के अनुसार बना रहा था अवैध शस्त्र

संवाददाता, केमरी

अमृत विचार : केमरी पुलिस ने जनूनागर स्थित बंद पड़े ईंट भट्ठे में चल रही अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से भारी संख्या में बने व अधबने अवैध शस्त्र तथा शस्त्र बनाने के उपकरण मिले हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

लोकसभा चुनाव आते ही पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। अवैध शराब और शस्त्र बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में केमरी पुलिस को सूचना मिली कि जनूनागर में बंद पड़े ईंट भट्ठे पर काफी समय से अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चल रही है। पुलिस ने मौके से शहजादनगर थाना के गांव पुरैना निवासी मंगली को गिरफ्तार किया।

पुलिस की गिरफ्त में अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने का आरोपी। ● अमृत विचार

- पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर किया अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा, उपकरण भी मिले
- बंद पड़े ईंट भट्ठे में चल रही थी अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री

थाना प्रभारी सतेंद्र यादव ने बताया आरोपी के पास से दो तमंचे, पौनिया बंदूक, देशी राइफल समेत भारी मात्रा में अधबने अवैध शस्त्र और शस्त्र बनाने के उपकरण व कारतूस मिले। मंगली ने पूछताछ में बताया कि लोकसभा चुनाव में तमंचों की काफी मांग रहती है।

वह पहले से ही तमंचा बनाने का काम जानता है। इसलिए उसने तमंचा बनाने शुरू कर दिया। मांग के अनुसार चोरी छिपे जगह बदल-बदलकर अवैध शस्त्र बना लेता है। मंगली ने बताया कि तमंचे, राइफल और पौनिया को तैयार करके बेचने की तैयारी कर रहा था।

चार बच्चों की मां चार बच्चों के पिता के साथ हुई फरार, बरामद

संवाददाता, केमरी

अमृत विचार : प्रेम प्रसंग के चलते चार बच्चों की मां पड़ोस में ही रहने वाले चार बच्चों के पिता के साथ फरार हो गई। महिला के पति ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके शांति भंग में चालान कर दिया। महिला को उसके पति के हवाले कर दिया है।

मामला केमरी थाना क्षेत्र के गांव का है। यहां रहने वाला एक व्यक्ति मजदूरी करके अपनी पत्नी व चार बच्चों का पालन-पोषण करता है। रविवार को उसने थाने में तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में ही रहने वाले चार बच्चों के पिता का उसके घर आना-जाना था। इसी बीच युवक का उसकी पत्नी के साथ प्रेम-प्रसंग हो गया। दोनों छिप-छिपकर मिलने लगे। कुछ दिन बाद दोनों के परिजनों को इसकी जानकारी हो गई। तब परिजनों ने दोनों के मिलने पर पाबंदी लगा दी। पीड़ित ने युवक को अपने घर आने से साफ मना कर दिया।

बताया जाता है कि सोमवार को वह किसी काम से बाहर गया था। इस दौरान मौका पाकर आरोपी उसके घर में घुस आया और उसकी पत्नी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। जब शाम को वह घर पहुंचा तो पत्नी गायब थी। चारों बच्चे घर में थे। ढाई माह की बच्ची बिस्तर पर बिलख रही थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके महिला को बरामद करते हुए उसके प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने प्रेमी का शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिया।

एक नजर

प्रधान के पति से अभद्रता में आरोपी गिरफ्तार

केमरी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगरिया के फैजनगर में जगपाल लोधी शराब पीकर प्रधान के पति राकेश लोधी से गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर झगड़ा करने पर आमादा हो गया। राकेश लोधी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।

तमंचा समेत गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलकखानम पुलिस ने विजयपाल पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम नबीगंज उर्फ सालारपुर को सालारपुर गेट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा व दो कारतूस मिले। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया।

20 लीटर शराब के साथ पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : थाना सिविल लाइन पुलिस ने पॉलिटेक्निक तिराहे से करीब 50 कदम की दूरी पर आरोपी ओमपाल पुत्र रामचन्द्र निवासी ताशका मझरा को 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसके बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।

बाइक की टक्कर से वृद्ध और दंपती घायल

स्वार, अमृत विचार : तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। बाइक ने टक्कर मारकर वृद्ध को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जबकि बाइक सवार दंपती मामूली रूप से चोटिल हो गये। परिजन वृद्ध को उपचार के लिए उत्तराखंड के बाजपुर ले गए।

बरेली जनपद निवासी पन्नालाल दस दिन पूर्व अपने दामाद समोदिया के पूर्व प्रधान रामचन्द्र के घर आये थे। गुरुवार को पन्नालाल खेतों पर घूमने के बाद घर वापस आ रहे थे। मसवासी निवासी जमील अपनी पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर सैफनी से वापस आ रहा था। इस दौरान तेजगति से आ रही बाइक ने अचानक अनियंत्रित हो गई और समोदिया अड्डे पर बाइक ने पन्नालाल को टक्कर मार दी। इसमें पन्नालाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दंपती मामूली रूप से जख्मी हो गया। परिजन पन्नालाल उपचार के लिए बाजपुर के अस्पताल ले गए।

मजदूर के घर में आग लगने से एक लाख रुपये का नुकसान

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : अजीम नगर थाना क्षेत्र में मजदूर के घर में आग लगने से करीब एक लाख का नुकसान हो गया। आग की चपेट में आकर गृहस्वामी भी मामूली रूप से झुलस गया। हादसे के बाद काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

आग लगने का मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के दौंकपुरी टांडा गांव का है। गांव निवासी मासूम मियां अपने परिवार के साथ ईद की खुशियां मना रहे थे। इस दौरान बिजली के शार्ट सर्किट से उनके घर में आग लग गई। कमरे से लपटें उठती देख परिवार में हड़कंप मच गया। शोर शराबा होने पर पड़ोस के तमाम लोग मौके पर आ गए और पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे।

इस दौरान आग की लपटों की चपेट में आकर मासूम मियां मामूली रूप से झुलस गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा सामान जल चुका था। प्रधान के पति सगीर अहमद ने आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को दी। इस पर हलका लेखपाल ने मौका मुआयना किया। पीड़ित के मुताबिक आग से करीब एक लाख रुयये का नुकसान होने का अनुमान है।

- अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला, मचा हड़कंप
- लपटों की चपेट में आकर गृहस्वामी भी झुलसा

मकान से हजारों रुपये का सामान चुराया

मसवासी, अमृत विचार : चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता में निर्माणधीन मकान से हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। मकान स्वामी ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

बिजारखाता निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को तहरीर सौंपकर शिकायत की है कि उसका मकान खानपुर उत्तरी मार्ग पर निर्माणधीन है। गांव के ही कुछ नशेड़ी युवक हैंडपंप की मशीनव हत्था, सबमर्सिबल का पाइप, सरिया आदि चुरा कर ले गए और गांव के ही कबाड़ी की दुकान पर बेच दिया। उसके मकान से चुराया गया सारा समान कबाड़ी की दुकान पर पड़ा है। इसकी वीडियो भी बना ली गई है। विनोद ने कबाड़ी समेत तीन लोगों का नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार टाइल्स मिस्त्री की मौत

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। उपचार के दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक मुरादाबाद के जलालपुर में अपनी बहन को ईद के मौके पर बुलाने जा रहा था। युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया।

मसवासी के मोहल्ला चाउपुरा निवासी मोहम्मद शादाब (25) टाइल्स मिस्त्री था। वह बुधवार की सुबह लगभग पांच बजे अपनी बहन को बुलाने मुरादाबाद के कस्बा जलालपुर जा रहा था। मुरादाबाद मार्ग पर शेखूपुर के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे काशीपुर के एक अस्पताल भेज दिया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

यहां भी हालत गंभीर होने पर उसे देहरादून के अस्पताल में भेज दिया गया। हालत गंभीर बताते हुए वहां से भी डॉक्टरों ने उसे घर भेज दिया। गुरुवार को घर पहुंचते ही शादाब की मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। ईद के दिन मौत होने से परिवार व रिश्तेदारों में शोक छा गया। मृतक की ढाई माह की एक पुत्री है। शादाब का निकाह एक साल पूर्व हही हुआ था।

पुत्रियों से छेड़छाड़ के विरोध पर पिता को पीटा

मसवासी, अमृत विचार : चौकी क्षेत्र के एक गांव में बेटियों के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपियों ने पिता की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मामला मसवासी चौकी क्षेत्र से एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले व्यक्ति की दो पुत्रियां किसी काम से बाहर गई थीं। घर लौटते समय रास्ते में गांव के ही नाजिम व मुनाजिर पुत्र इश्तियाक और अकरम पुत्र बिन्दु ने उन छींटाकशी शुरू कर दी। इसका दोनों बहनों ने विरोध किया। घर जाकर अपने पिता से शिकायत की। पिता आरोपियों के घर जाकर शिकायत की तो उनके परिजन भड़क गए। उन्होंने ग्रामीण के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित की ओर से नाजिम, मुनाजिर पुत्र इश्तियाक व अकरम पुत्र बिन्दु के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सफलता 30 आरोपियों का शराब अधिनियम में किया चालान

दस दिन में पकड़ी एक हजार लीटर शराब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस विभाग सतर्क है। चुनाव में किसी प्रकार का खलल न पड़ सके इसके मद्देनजर शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ पुलिस काफी सख्ती बरत रही है। पुलिस ने अभियान चलाकर 10 दिन में करीब एक हजार लीटर शराब के साथ 30 आरोपियों को गिरफ्तार करके चालान किया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। पुलिस विभाग चुनाव को शांतिपूर्ण तरह से निपटाने की तैयारी कर रहा है। ताकि चुनाव वाले दिन किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो सके। चुनाव में शराब का भी काफी अहम रोल होता है। इसी को देखते हुए पुलिस पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों को अवैध रूप से बिकने वाली शराब पर प्रतिबंध लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्रों में शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला रखा है। इसके तहत पिछले दस दिन में पुलिस ने शहजादनगर से 220 लीटर स्प्रिट के अलावा मिलक, शाहबाद और शहजादगर क्षेत्र से करीब एक हजार लीटर अवैध शराब पकड़ी। इस दौरान 30 लोगों का चालान भी किया गया। पुलिस की छापामारी अभी भी जारी है।

शराब के साथ पकड़ा गया युवक।

30 वारंटियों को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

चुनाव आयोग की सख्ती को देखते हुए पुलिस अपराध रजिस्ट्रर को भी खंगाल रही है। फरार चल रहे वारंटियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहा रहा है। इसके बाद उन्हें जेल भेजा जा रहा है। 15 दिन में पुलिस 30 से ज्यादा वारंटियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश कर चुकी है।

> लोकसभा चुनाव के मददेनजर आपराधिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। शराब बनाने व बेचने वालों पर लगातार शिकजा कसा जा रहा है। टीमें लगातार दबिश देकर अवैधर रूप से शराब बनाने व बेचने वालों को पकड़ रही है। -राजेश द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक

अटरिया मोड़ पर तेंदुआ दिखाई देने से दहशत

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : बुधवार की रात करीब एक बजे रामपुर के पास अटरिया मोड़ पर तेंदुआ दिखाई देने से हड़कंप मच गया। रामपुर से लौट रहे राहगीरों ने तेंदुए को चहलकदमी करता देख अपनी गाड़ियां रोक लीं। इसके बाद तेंदुआ सड़क किनारे स्थित बाग में चला गया।

जौहर विश्वविद्यालय एवं बैराज के आसपास कई दिन से तेंदुआ देखा जा रहा है। आसपास के गांवों में तेंदुए को लेकर दहशत है, लेकिन वन विभाग मानने को तैयार नहीं है। बुधवार की रात करीब एक बजे खेमपुर निवासी पूर्व प्रधान के पुत्र शाजेब पाशा अपने साथियों के साथ रामपुर से लौट रहे थे। इस दौरान अटरिया मोड़ और हमसफर चौक के बीच तेंदुआ सड़क पर चहल कदमी कर रहा था। तेंदुए को देख राहगीरों ने अपने वाहन रोक लिए। इस दौरान राहगीरों ने तेंदुए की वीडियो भी बनाई। कुछ देर सड़क पर घूमने के बाद तेंदुआ बाग की ओर चला गया। गनीमत यह रही कि तेंदुए ने किसी राहगीर पर हमला नहीं किया।

तेंदुए की तलाश में की कांबिंग

मसवासी, अमृत विचार : कुंदनपुर के जंगल में गुरुवार को फिर तेंदुए की तलाश में वन विभाग की टीम ने कांबिंग की। लेकिन कहीं भी तेंदुआ होने का कोई सुराग नहीं मिला। बीते दिनों क्षेत्र के गांव कुंदनपुर स्थित बुढ़िया फार्म के नजदीक सरदार गुरमुख सिंह को पालेज की सिंचाई करते समय तेंदुआ दिखा था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने जंगल में कांबिंग की लेकिन तेंदुए का सुराग नहीं लग सका। गुरुवार को फिर से वन दरोगा शील कुमार ने तेंदुए की तलाश में कांबिंग की, लेकिन तेंदुए के पदचिन्ह नहीं मिले हैं।

पुलिस ने दो आरोपियों को तमंचों के साथ पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : शाहबाद पुलिस ने दो तमंचों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

थाना शाहबाद पुलिस ने गुड्डु पुत्र बिलाल निवासी मिलक हुसैन गंज को एक तमंचा और कारतूस के साथ अनवा की ओर जाने वाले रास्ते पर मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया। इसके अलावा नंदन पुत्र देवेन्द्र निवासी खेड़ा को एक तमंचा और एक कारतूस के साथ हनुमान मुर्ति तिराहे से मधुकर की ओर सरकारी ट्यूबवैल की पक्की नाली के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

जिलाधिकारी से मिलकर आते बसपा प्रत्याशी जीशान खान व अन्य। ● अमृत विचार

चुनाव आयोग से की टांडा एसओ को हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: बसपा प्रत्याशी जीशान खान ने चुनाव आयोग को संबोधित पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है। इसमें टांडा एसओ को हटाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि इनके रहते चुनाव निष्पक्ष नहीं हो सकता है।

बसपा के लोकसभा प्रत्याशी जीशान खान अपने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद भारत निर्वाचन आयोग को संबोधित ज्ञापन डीएम और एसपी को सौंपा। इसमें कहा है कि 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसे निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराया जाना आवश्यक है। टांडा के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह पचौरी जनता के साथ भेदभाव कर रहे हैं। पिछले उपचुनाव में भी इनकी भूमिका संदिग्ध थी। अब फिर से चुनाव में एक ही स्थान पर तैनात रहना नियम विरुद्ध है। टांडा थाने में इनके तैनात रहते हुए चुनाव निष्पक्ष होना असंभव हैं। इसलिए इन्हें टांडा थाने से हटाया जाए।

एक नजर

स्कूल में ईद मिलते बच्चे।

मुसलमानों का प्रमुख त्योहार है ईद : सुमन

रामपुर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों को रमजान के पाक महीने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को यह भी बताया कि ईद मुसलमानों का प्रमुख त्योहार है। इस दिन सभी के घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। लोग एक-दूसरे के गले मिलते हैं। उन्हें ईद की मुबारकबाद देते हैं। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने बोर्ड डेकोरेशन किया। कार्यक्रम में रिचा देवी, विक्रम कुमार, हुमा आदि उपस्थित रहे।

आप कार्यालय पर हुआ ईद मिलन कार्यक्रम

रामपुर, अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क एवं जिले के सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला, वरिष्ठ नेता मामून शाह खां आदि ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस मौके पर आयुष जौहरी, आदित्य शर्मा, महेश सैनी, मुजफ्फर खां, वासिफ खां, आलमगीर, वाहिद अली, अब्दुल समद, फजले अली, अमीन खां, फैसल मियां, नासिर हुसैन, शिराज जमील खां, समद खां, फैजान खां आदि मौजूद रहे।

शाम को दोस्तों के साथ किया सैर-सपाटा

रामपुर, अमृत विचार : दिन छिपने के बाद युवक और युवतियां अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए निकल पड़े। इस दौरान बहुत से युवक बाइकों से अपने दोस्तों के साथ घूमते रहे। युवतियां अपनी सहेलियों के साथ आंबेडकर पार्क पहुंची। यहां काफी देर तक घूमती रहीं। बच्चों ने झूलों को आनंद लिया। इसके अलावा बहुत से लोग ज्वालानगर और गांधी समाधि के पास बने झरने पर पहुंच गए। यहां सेल्फी लेकर इस पल को यादगार बनाया। देर रात तक सड़कों पर लोगों की आवाजाही बनी रही।

गले मिलकर लोगों को ईद की मुबारकबाद देते सांसद घनश्याम सिंह लोधी।

शाहबाद-बिलारी मार्ग स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

ईद की नमाज के बाद गले मिलते बच्चे। ● अमृत विचार

इबादतगाहों में मुल्क और कौम की तरक्की के लिए उठे लाखों हाथ

मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की गई ईदुलफितर की नमाज, लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ईदुलफितर की नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और अमन के लिए लाखों हाथ बारगाहे खुदावंदी में उठे। शहर की ईदगाह में काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने खुतबे में कहा कि बख्शे बख्शाए लोग घरों को लौटेंगे। नबी-ए-करीम की उम्मत में पैदा किया हम सच्चे उम्मती बनने की कोशिश करें। इसके अलावा जामा मस्जिद समेत जिले की तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान जामा मस्जिद और ईदगाह पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में गुरुवार की सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की गई। शहर की ईदगाह में काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि गरीबों, मिस्कीनों का ख्याल रखें। बच्चों की हर ख्वाहिश सही हो या गलत उसे पूरा न करें। खुतबे में कहा कि अल्लाह ने जो फरीजा दिया था उसको उन्होंने पूरा किया। कहा कि अपने ईमान को मजबूत रखो, अपने अखलाक दुरुस्त करो। जो किसी मजबूरी की वजह से रोजा नहीं रख सके अल्लाह उन्हें माफ फरमाता है। लेकिन, जो बिना वजह रोजा छोड़ता है अल्लाह उसे सजा देता है। इल्म हासिल करो, अपने अंदर समझ बूझ पैदा करो। गीबत, शराब, जुए और हर बुराई से हमें अपने को दूर रखना चाहिए।

कहा कि दुनिया में हमेशा रहने के लिए कोई नहीं आया है। हमेशा यह ध्यान रखा करो कि जब अल्लाह के सामने जाएंगे तो क्या मुंह दिखलाएंगे। कहा कि अल्लाह जब रस्सी को खींचता है तो कोई बचाने वाला नहीं होता है। कहा कि हलाल रोजी कमाओ और अल्लाह हमें महफूज रखे और सभी की हिफाजत अता फरमा। कहा कि रमजान में कुरआन पढ़ा और कुरआन सुना उस रब के लिए हमेशा गिड़गिड़ाते रहो। नियत को अच्छा रखो। नियत खराबी की वजह से सब किया कराया बर्बाद हो जाता है। अल्लाह फरमाता है कि मैंने तुम्हारी बख्शिश कर दी। तुम्हारे गुनाहों को नेकियों से बदल दिया। जाओ अपने घरों को। बख्शे बख्शाए लोग अपने घरों को लौटते हैं।

इसके बाद शहर की जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे ईद की नमाज मौलवी रेहान खां ने पढ़ाई। जिले की मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद मुल्क और कौम की तरक्की के लिए लाखों हाथ उठे और दुआ की गई। ईद की नमाज के दौरान ईदगाह और जामा मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

शाहबाद गेट स्थित ईदगाह पर तैनात डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

ईद की नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

शाहबाद, अमृत विचार : रमजान के खत्म होने पर गुरुवार को ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। ईदगाहों में अमन-चैन की दुआ के साथ ईद की नमाज अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से डीएम जोगिन्दर सिंह एवं एसपी राजेश द्विवेदी ने ईदगाह पहुंचकर निरीक्षण किया। मौके पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। शिद्दत की गर्मी के बावजूद लोगों ने एक घंटे तक खुले आसमान के नीचे बैठकर इबादत की। नमाजियों ने देश में खुशहाली, अमन और भाईचारे के लिए दुआ की। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शाहबाद-बिलारी मार्ग स्थित ईदगाह में शाही इमाम मुफ्ती सलमान ने नमाज अदा कराई। इस अवसर पर एसडीएम सुनील कुमार, तहसीलदार शिवकुमार शर्मा, सीओ अतुल कुमार पाण्डेय, कोतवाल ओमकार सिंह, उपनिरीक्षक बलराम सिंह एवं आदेश कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। चेयरमैन के पति व सपा नेता वसीम खां, नसीम मलिक, हाजी मतलूब अहमद, सय्यद शीराज अली, शहवाज कुरैशी, नजमत अली, सरफराज अली, सभासद सय्यद बब्लू अली, जफर खां, मोहम्मद मियां, साबिर अली, सदाकत खां, रिफाकत, इफ्तेखार अहमद आदि मौजूद रहे।

ईद मिलन समारोह में दी एक-दूसरे को मुबारकबाद

मिलक, अमृत विचार : गुरुवार को ईद-उल-फितर के मौके पर पालिका क्षेत्र की ईदगाह में ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ। नगर के मोहल्ला रौरा कला स्थित ईदगाह पर ईद-उल-फितर के मुबारक मौके पर हुसैन वेलफेयर सोसायटी की ओर से ईद मिलन समारोह हुआ। इसमें सभी धर्मों से जुड़े लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में सोसायटी के सलाहकार पूर्व सभासद इकरार हुसैन ने कहा कि सभी धर्मों के लोगों को जोड़ने के लिए अल्लाह ने कुछ त्योहारों को बनाया है। इसमें होली और ईद भी शामिल हैं। इस मौके पर सोसायटी के सचिव इमरान हुसैन, मोहम्मद इरफान, इरशाद अहमद, सरफराज हुसैन, अशरफ हुसैन, मकसूद अहमद, मोहम्मद असलम, शाकिर कुरैशी, हाजी सईदुल रहमान, जीशान रजा खान आदि मौजूद रहे।

मिलक की ईदगाह में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

मिलक में धूमधाम से मनाई गई ईदुलफितर

मिलक, अमृत विचार : मिलक में ईदुलफितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गुरुवार को आदर्श आचार संहिता के चलते तहसील प्रशासन सतर्क रहा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह ईदगाहों पर ईद की नमाज अदा की गई। सभी प्रमुख मस्जिदों एवं ईदगाहों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रमुख स्थल अधिकारियों की देखरेख में रहे। सकुशल एवं शांति पूर्ण ढंग से नमाज अदा होने के बाद पुलिस एवं अधिकारियों ने राहत की ली। लोगों ने एक दूसरे को आमंत्रित कर सेवइयों के साथ विशेष प्रकार के पकवानों से मुंह मीठा कराया। ईद के दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में वर्षों पुराना हिन्दू-मुस्लिम एकता एवं भाईचारा कायम रहा। निमंत्रण पर हिन्दू-भाई मुस्लिमों के घर पहुंचे और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मीठी सिवइयों के साथ अन्य पकवानों का भी जायका लिया। नगर की ईदगाह पर सुबह से ही एसडीएम राजेश कुमार, सीओ रविन्द्र प्रताप सिंह, कोतवाल धनंजय सिंह, अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद आदि मौजूद रहे। राजनीतिक दलों के प्रमुख हिन्दू समुदाय के लोगों ने मुस्लिम लोगों के साथ गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

रामपुर, अमृत विचार : ग्राम पंचायत जुठिया की ईदगाह में राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की तरफ से शिविर लगाया गया। इसमें राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू ने ग्राम वासियों को गले मिलकर ईदुलफितर पर मुबारकबाद दी। कब्रिस्तान में जाकर अपने बुजुर्गों की कब्र पर फातेहा पढ़ी। इस दौरान काफी लोग मौजूद रहे।

स्वार की ईदगाह में नमाज पढ़ते नमाजी। ● अमृत विचार

सीओ स्वार संगम कुमार को ईद की मुबारकबाद देते विधायक शफीक अंसारी।

गले मिलकर एक दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : ईदुलफितर पर ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गई। ईदगाह के अंदर जिसे जहां जगह मिली वही उसने नमाज अदा की। नमाज के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस-प्रशासन मौजूद रहा।

ईदुलफितर की नमाज की तैयारी को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समाज जुट गया। लोग नमाज का वक्त नजदीक आते ही ईदगाह की ओर चल पड़े। दिन निकलते ही सड़कों पर चहल-पहल दिखाई देने लगी। नगर स्थित ईदगाह में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने भी बड़ी संख्या में नमाज अदा की। ईदगाह में ठीक साढ़े आठ बजे शहर एवं जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद अहमद खतीबी ने नमाज अदा कराई। नमाज से पूर्व शहर ने तकरीर में कहा कि मुसलमान अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पकड़े रहें। रमजान रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। इस महीने में इबादत का सवाब बढ़ा दिया जाता है।

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर पंचायत नरपतनगर समेत गांव रजानगर, अलीनगर उत्तरी, मिर्जापुर, नूरपुर, कुमहरिया, पिपलिया जट, बमना आदि में नमाज अदा की गई। विधायक शफीक अंसारी ने भी नमाज अदा करने के बाद लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान एसडीएम अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी संगम कुमार, तहसीलदार आकाश संत, कोतवाली प्रभारी संदीप त्यागी, नायब तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह, अंकित अवस्थी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे।

सैफनी में शांतिपूर्वक हुई ईद की नमाज

सैफनी, अमृत विचार : नगर सहित क्षेत्र के गांवों में ईद की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हजारों की संख्या में लोगों ने ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अदा की।

गुरुवार की सुबह हजारों लोग ईदगाह पहुंचे। यहां शहर इमाम कारी अतीकुर्रहमान ने नमाज अदा कराई। इसके बाद मुल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए लोगों ने दुआएं कीं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान ने लोगों को गले मिलकर मुबारकबाद दी।

इसके अलावा नगर में हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम समाज के लोगों को गले लगाकर बधाइयां दीं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। मस्जिद और ईदगाह के आसपास थानाध्यक्ष हरिओम सिंह द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे।

मुस्तहिक लोगों तक पहुंचना चाहिए फितरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दरगाह हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह में ईदुलफितर की नमाज गुरुवार की सुबह आठ बजे अदा की गई। मौलाना राशिद साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। मौलाना ने खुतबे में कहा कि फितरा मुस्तहिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। गरीबों, मिस्कीनों की मदद करने पर अल्लाह बहुत खुश होता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा गरीबों और मिस्कीनों की मदद करें। अल्लाह की राह में ज्यादा से ज्यादा खर्च करने वालों की रोजी में अल्लाह तआला बरकत फरमाता है। सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

शनिवार को ईद के मौके पर दरगाह हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह में हुई ईद की नमाज में काफी लोग मौजूद रहे। खुतबे में मौलाना ने कहा कि ईद की खुशियों में गरीबों को भी शामिल करें। फितरे की रकम गरीबों में अदा करने से उनकी ईद की खुशियां भी दोबाला हो जाती हैं। कहा कि अल्लाह की राह में खर्च करने वाले लोग कभी पेरशान नहीं रहते। अल्लाह उनकी कमाई में बरकत अता फरमाता है। इसके बाद मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ हुई।

ईद की नमाज में हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह के सज्जादनशीं शाह फहद अहमद अली जमाली, शाहिद अली खां जमाली, अब्दुल रहमान खां जमाली, जमीर खां जमाली, मुराद मियां जमाली, मुकर्रम जमाली, अतहर जमाली, महफूज खां, वजीर जमाली, महफूज ठेकेदार, भूरा खां जमाली, अफसर खां जमाली, मोमिन जमाली, फरमूद जमाली, कारी इब्ने हसन जमाली आदि शामिल रहे।

हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह में ईद की मुबारकबाद पेश करते सज्जादानशीं शाह फहद अहमद जमाली। ● अमृत विचार

नमाज के बाद मांगी तरक्की की दुआ

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : क्षेत्र में ईदुलफितर का त्योहार हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। नमाज के बाद दुआ मांगी गई। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

बुधवार की शाम चांद दिखाई देने पर रोजेदारों में ईद को लेकर खुशियों का दौर शुरू हो गया था। बधाइयों के साथ घरों में महिलाएं खान-पान की व्यवस्था में जुट गई थीं। फज्र की नमाज के बाद घरों में फातिहा का सिलसिला शुरू हो गया। दोस्तों व रिश्तेदारों को घर बुलाकर दावत दी गई।

गुरुवार की सुबह आठ बजे ईदुलफितर की नमाज अदा करने के लिए तमाम लोग ईदगाहों की ओर कूच कर गए। नगर के मझरा खुशहालपुर मार्ग स्थित ईदगाह पर सुबह 8:30 बजे ईदगाह नमाजियों से खचाखच भर गई। ईदगाह पर चांद मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद आलम ने ईदुल फितर की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मौलाना ने कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगी। बिजारखाता की ईदगाह में आठ बजे नमाज अदा की गई। यहां मौलाना खुर्शीद आलम ने नमाज अदा कराई। इससे पूर्व उन्होंने लोगों से नमाज की पाबंदी रखने और बुरे कामों से बचने का आह्वान किया। इसके अलावा खानपुर उत्तरी, खौद कलां, घोसीपुरा, मानपुर उत्तरी, शिकारपुर, मौलागढ़, बब्बरपुरी, धर्मपुर उत्तरी, अलीगंज, मिलक नौ खरीद समेत आसपास के गांवों में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नमाज के दौरान ईदगाहों पर पुलिस तैनात रही।

बिजारखाता ईदगाह में ईद की नमाज के बाद दुआ मांगते नमाजी। ● अमृत विचार

- ईदगाहों पर पढ़ी गई ईदुलफितर की नमाज
- नमाज के दौरान ईदगाहों पर तैनात रही पुलिस

23 अप्रैल को होगा सुंदर कांड का आयोजन

मिलक, अमृत विचार : संकट मोचन श्री बालाजी दरबार के तत्वावधान में गुरुवार को सभा हुई। इसमें हनुमान जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बाबा के भक्तों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

मोहल्ला नसीराबाद में राहुल गंगवार के निवास स्थान पर हुई सभा में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में राकेश कुमार के निवास स्थान पर 23 अप्रैल को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाना तय हुआ। बाबा के भजन और आरती भोग के बाद भक्तों को प्रसाद की व्यवस्था राकेश कुमार भट्ट के द्वारा की जाएगी। सभा में शिव अवतार रस्तोगी, बलवंत सिंह, राहुल गंगवार, गौरव गुप्ता, सतीश रस्तोगी, रॉबिन रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, धाराजीत मौर्य, जयपाल गंगवार, प्रदीप गंगवार, भगवान दास, मनोज कुमार गंगवार आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता महंत अजय कुमार रस्तोगी व संचालन राकेश कुमार भट्ट ने किया।

इबादत | लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को दी ईदुलफितर की मुबारकबाद

मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए हुई दुआ

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार : गुरुवार को नगर व क्षेत्र के गांवों में ईदुलफितर की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। दुआ में हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा।

गुरुवार को टांडा मार्ग पर स्थित ईदगाह में सुबह आठ बजे नमाज हुई। शहर इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान मिफ्ताई के बीमार होने के चलते नायब शहर इमाम मौलाना मोहम्मद हस्सान कासमी ने नमाज अदा कराई। दूसरी ओर काशीपुर मार्ग स्थित ईदगाह में शहर इमाम कारी सलीम ने नमाज अदा कराई। ईद की नमाज अदा करने से पूर्व शहर इमाम ने कहा कि ईमान वाला बड़ी बेचैनी और बेताबी से रमजान के महीने का इंतजार करता है। पूरा महीना रोजा रखने और नमाज पढ़ने के बाद ईद का इंतजार करता है। ईद का दिन बेहतर होता है। रमजान के महीने में रोजे मुसलमानों पर फर्ज किए गए हैं। कहा कि रमजान का महीना विदा होने पर हर ईमान वाले मुसलमान का दिल रोता है। रमजान का महीना जुदा होता है तो आसमान तक रोता है। जैसे हर मुसलमान ने रमजान के महीने में रोजे रखे, नमाज पढ़ी इसी तरह रमजान के बाद भी नमाज को कायम रखें।

नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। बेरोजगारों के लिए रोजगार, बे नमाजियों के लिए नमाज, बे औलादों के लिए औलाद, बीमारों के लिए शिफा के लिए दुआ कराई गई। दुआ में हजारों हाथ अल्लाह की बारगाह में उठे। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। परिचितों को घर बुलाकर सेवईं खिलाईं।

दूसरी ओर क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन, अकबराबाद, पर्वतपुर, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंड़ी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भाउपुरा, जटपुरा, मुबाना, पीपली नायक आदि में ईद की नमाज अदा की गई।

दढ़ियाल में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

एक नजर

ईद पर डग्गामार वाहनों में भी रही काफी भीड़

रामपुर, अमृत विचार : ईद के पर्व के मौके पर नमाज के बाद लोगों ने अपने रिश्तेदारों के घर आना-जाना कर दिया। देर शाम तक लोग आते-जाते रहे। इसके कारण डग्गामार वाहन संचालकों की चांदी रही। गुरुवार को सभी लोगों ने ईदगाह में जाकर नमाज अदा की। इसके बाद लोगों का रिश्तेदारों के यहां आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया। ईद के दिन लोग डग्गामार वाहनों से भी सफर करते रहे। देर शाम तक यही सिलसिला चलता रहा।

रंजिश के चलते युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव दौंकपुरी टांडा निवासी मोहम्मद आदिल का कहना है कि उसका भाई मोहम्मद आरिफ पप्पू मिठाई वाले की दुकान के पास खड़ा था। तभी गांव का ही अकीलुर्रहमान आया और रंजिश के चलते मोहम्मद आरिफ के साथ गाली-गलौच करने लगा। मना करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तीसरे दिन भक्तों ने की मां चंद्रघंटा की पूजा

नवरात्र में देवी के मंदिरों में पूरे दिन लगी रही भक्तों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नवरात्र के तीसरे दिन भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ मां चंद्रघंटा के स्वरूप की उपासना की। देवी मंदिरों में पूरे दिन भक्तों की भीड़ रही। महिलाओं ने उपवास रखकर पूजा-अर्चना की। दोपहर बाद मंदिरो में महिलाओं ने माता के भजन गाए।

नवरात्र के तीसरे दिन भक्तों ने मां के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की। इसके बाद भक्तों ने दुर्गा चालीसा का पाठ किया और फिर आरती की। श्रद्धालुओं ने धूप, कपूर, लौंग, सूखे मेवा, मिश्री-मिष्ठान, देशी घी के साथ हवन में आहुति देकर पूजन किया। इसके साथ ही कई श्रद्धालुओं ने दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया। काफी भक्तों ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की। दोपहर बाद मंदिरों में माता के छन्द गाए गए। देर शाम तक मंदिरों में भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद भक्तों ने माता की आरती करके व्रत खोला।

सिविल लाइंस स्थित मंदिर में छंद गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

मंदिर में हुई पूजा अर्चना

चैत्र नवरात्र पर शक्ति दरबार में पुजारी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने भक्तों को साथ लेकर तीसरे स्वरूप को मां चंद्रघंटा देवी को प्रसन्न करने के लिए पूजा-पाठ करके शृंगार किया। धूप, दीप, नैवेद्य अर्पित करते हुए पुरोहित ने यज्ञ, अनुष्ठान, जाप पूजा-पाठ किया। यज्ञ में आहुतियां देकर मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना करते हुए यज्ञ भगवान से मानव कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके बाद गणेश वंदना, दुर्गा चालीसा, भजन कीर्तन करते हुए महा आरती की गई। प्रसाद वितरण किया गया।

पंडित संदीप कौशिक बताते हैं कि मां चंद्रघंटा के शिख पर चंद्र और हस्त में घंटा है।

आह्वान, संकल्प और नाद के रूप में आराध्य यह देवी सरस्वती का रूप हैं। मां चंद्रघंटा की आराधना से मनवांछित फल मिलता है। भक्तों ने मां चंद्रघंटा का मंत्रोच्चारण कर उन्हें प्रसन्न किया।

उपवास रखकर की मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना

स्वार, अमृत विचार : नवरात्र के तीसरे दिन नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भारी भीड़ रही। महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने उपवास रखकर माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना विधि-विधान पूर्वक की। इस दौरान महिलाओं ने मंदिर में माता के छंद भी गाए। नवरात्र के तीसरे दिन नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं व पुरुषों ने उपवास रखा। तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर आराधना की। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों पर पहुंचना शुरू हो गए। नगर के मोहल्ला स्वार खास स्थित बड़ा शिव मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, सैनी बस्ती देवी स्थान, पंजाबी कालोनी गीता मंदिर, चक स्वार समेत मिलकखानम, धनौरी, मधुपुरा, गोविंदपुरा, पुस्वाड़ा, मीरापुर मीरगंज, फाजलपुर, जालफनंगला आदि गांवों में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिरों में कतारें लगी रहीं। महिलाओं ने मंदिरों में माता के छंद गाए। पुरोहित पंडित प्रशांत शर्मा ने बताया कि विभिन्न विचारों व भाव में अस्त-व्यस्त मानव मां चंद्रघंटा की आराधना से सांस्कारिक कष्टों सें मुक्ति पाकर देवी चेतना का साक्षात्कार करता है।

खुशहाली और भाईचारे के लिए मांगी दुआ

टांडा, अमृत विचार : नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में ईदुलफितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह सहित नगर की प्रमुख मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ कराई गई।

ईदगाह में इमाम ए शहर मुफ्ती महमूद आलम ने सुबह आठ बजे ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज में नई-नई रस्में जन्म ले रही हैं जो बड़ी गलत बात है। उन्होंने कहा कि हमें शरीयत के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए। तिजारत करना अच्छी बात है लेकिन तिजारत भी शरीयत के दायरे में रहकर जायज तौर पर करनी चाहिए। हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जो रुसवाई और परेशानी का सबब बने। कहा कि नगर में तलाक के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इस्लाम में तलाक न पसंद अमल है। मौलाना ने लोगों से कहा कि वह अपने घरों में कुरान की तिलावत पाबंदी के साथ करें।

भाईचारे का पैगाम देता है ईद का त्योहार : शफीक

संवाददाता, स्वार

▸▸ विधायक के कैंप कार्यालय पर हुआ ईद मिलन समारोह

अमृत विचार : स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कैंप कार्यालय पर ईद उल फितर की गले मिलकर मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद का त्योहार भाईचारे का पैगाम देता है। हिंदू-मुस्लिम एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हैं।

नगर के बिलासपुर तिराहा स्थित विधायक के कैंप कार्यालय पर गुरुवार को ईद मिलन समारोह हुआ। विधायक शफीक अहमद अंसारी ने क्षेत्र से आए तमाम लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। विधायक ने कहा कि ईद का त्योहार भाईचारे के साथ ही हिंदू-मुस्लिम एकता का त्योहार है। क्षेत्र के लोग आपस में गले मिलकर भाईचारे का पैगाम दें। एक-दूसरे को मुबारकबाद देकर खुशियों को बांटना चाहिए। विधायक ने कहा कि मेरी दुआ है कि यह त्योहार मुल्क में खुशहाली व आपसी भाईचारे का पैगाम लेकर आए और हम सभी की जिंदगी में नई खुशियां लाए। मुल्क में अमन चैन कायम रहे।

इस मौके पर रफीक अहमद अंसारी, दीपक कुमार नागर, नाहिद खां, शरीफ अहमद, सगीर अहमद, रिजवान कुरैशी, शाहिद अंसारी, सर्वेश, इस्लाम अंसारी, रईस अंसारी, रफीक अहमद, हामिद अल्वी, जमील अहमद, शावेज खां, रईस अहमद, जमील अहमद, मोहम्मद अहमद, नूर अहमद, इरफान अल्वी, अली हसन, नूर हसन सेठ, असलम, इस्लाम राना, इदरीश खां, शाहनवाज, आरिफ, पवन सैनी, रागिब हुसैन आदि मौजूद रहे।

लोगों से ईद मिलते सपा नेता आसिम खां।

प्रेम और भाईचारे का त्योहार है ईद : आसिम

रामपुर, अमृत विचार : ईदुल फितर की नमाज हाजी हैदर अली खान में अदा करने के बाद लोगों से गले मिलकर मुबारकबाद दी।

इस मौके पर सपा के नेता आसिम खान ने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम और भाईचारे, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने देश में अमन चैन की दुआ की। इस मौके पर मौलाना इस्लामुद्दीन खां रेहान जमीर खां, आसिफ खान, मसरूर खां, जमाल मसूद खां अफ्फान खां, बाबर खां, अरहम खां, अकदस खां मौजूद रहे।

अकीदतमंदों ने सजदा कर मांगी दुआ

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : मुकद्दस रमजान की इबादत के बाद ईदुलफितर का त्योहार क्षेत्र में में जोश और उमंग के साथ मनाया गया। ईदगाह सहित क्षेत्र के सभी गांवों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।

बारगाहे इलाही में एक साथ हजारों सिर झुके और दुआ के लिए उठे हजारों हाथों ने देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर अल्लाह की बारगाह में सजदा किया।

माहे रमजान और ईद की खुशी देने पर अल्लाह ताअला का शुक्र अदा किया। गुरुवार को ईद के त्योहार पर क्षेत्र में सुबह से ही रौनक दिखाई दी। सभी काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। ईद के दिन होने वाली विशेष नमाज को लेकर लोग सुबह से ही तैयारियां कर रहे थे। कस्बा स्थित ईदगाह में हाफिज अकरम सकलैनी ने ईद की नमाज पढ़ाई। इससे हपले उन्होंने ईद की फजीलत बयां की। नमाज के बाद की गई दुआ में बुजुर्ग, बच्चों, महिलाओं ने देश में चैन व अमन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

भोट ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

नमाज के दौरान पुलिस बल रहा तैनात

रामपुर, अमृत विचार : गुरुवार को ईदगाह में ईद की नमाज सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा। शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उधर से गुजरने वाले लोगों को भी रोका गया। ईद की नमाज निपटने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

मेले में बच्चों ने लिया झूलों का आनंद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहर में कोतवाली के निकट लगे ईद के मेले में बच्चों ने झूलों पर खूब मस्ती की। किसी ने बंदूक तो किसी ने रेलगाड़ी खरीदी। गुब्बारों पर भी खूब निशाने लगाए। मेले में दही बड़े, चाट, पकौड़ी के अलावा गन्ने का रस और नीबू का सरबत पिया। ईद मेला तीन तक रहता है। इन तीन दिनों में बच्चे और महिलाएं खूब खरीदारी करते हैं।

ईद की नमाज के बाद बच्चों ने ईदी लेकर ईद मेले का रुख किया और शाम तक खूब मस्ती की। मेले में खिलौनों की दुकानों के अलावा गुब्बारों पर निशाना साधने की दुकानें भी लगी हैं। खेल-खिलौनों के अलावा महिलाओं के लिए बिसातखाने और चूड़ियों की दुकानें भी लगी हैं। ईद मेले में महिलाओं ने रंग-बिरंगी चूड़ियों के अलावा कंगन, बिंदी, हार और झुमकों की खूब खरीदारी की। बच्चों ने झूलों पर खूब मस्ती की। मेले में कई तरह के झूले लगे हैं। मिक्की माउस पर भी बच्चे पूरे दिन फिसलते रहे। आलू की टिक्की, गोल गप्पे, आलू और छोले की चाट, दही बड़े और दही फुल्कियों का भी महिलाओं और बच्चों ने खूब आनंद लिया।

ईद मेले में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

खिलौनों की दुकानों पर उमड़ी बच्चों की भीड़

ईद के मेले में भारी भीड़ उमड़ रही है। अच्दी दुकानदारी होने पर दुकानदार भी खुश हैं। मेले में खिलौनों की दुकान लगाने वाले मोहम्मद अहमद ने बताया कि इस बार खूब बिक्री हो रही है। खिलौनों की दुकानों पर बच्चों की काफी भीड़ उमड़ रही है। खिलौनों पर दस से बीस प्रतिशत तक महंगाई बढ़ी है। इसके बावजूद मेले में अच्छा कारोबार हुआ है। इससे दुकानदारों के चेहरे खिल गए हैं।

पैदल मार्च निकालकर की शांति की अपील

मसवासी, अमृत विचार : ईद और नवरात्र के त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

गुरुवार को ईद का त्योहार बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। लोगों ने ईदगाह पर नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस दौरान पुलिस भी सतर्क रही। पूरे दिन मुबारकबाद और मेहमानों के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। स्वार सीओ संगम कुमार ने चौकी इंचार्ज रोहित कुमार व तमाम पुलिसकर्मियों के संग नगर में पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च नगर के सुल्तानपुर पट्टी मुख्य मार्ग से होते हुए कपड़ा बाजार, सर्राफा बाजार, बर्तन बाजार, सब्जी मंडी से घूमकर पुनः चौकी पर संपन्न हुआ। पुलिस ने त्योहारों के मद्देनजर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

नूर महल में ईद मानते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

नूर महल में ईद पर बधाई देने पहुंचे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: चुनावी राजनीति से दूर सभी दलों के लोग नूरमहल में ईद की खुशियों के रंग में रंगे नजर आए। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने मुबारकबाद देने आए लोगों का परंपरागत तरीके से इस्तकबाल किया।

जिले में लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां शबाब पर हैं। 19 अप्रैल को मतदान है। लेकिन, इस लोकसभा चुनाव में नवाब खानदान से कोई प्रत्याशी नहीं है। पूर्व में राजा सैयद अहमद मेंहदी दो बार, नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां पांच बार और बेगम नूरबानो दो बार सांसद रही हैं। नवेद मियां पांच बार विधायक और एक बार मंत्री रहे हैं। चुनावी राजनीति से दूर नूर महल में इस बार सभी दलों के नेता नजर आए और ईद की मुबारकबाद पेश की। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि नूर महल में आयोजित ईद मिलन में सभी धर्मों और सभी दलों के नेता शामिल हुए। सभी ने सेवइयां खाकर ईद की खुशियां मनाईं और गले मिलकर मुबारकबाद दी।

प्रवेश दिलाने से पहले जांच लें स्कूल की मान्यता : फोटो लाल

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो गई है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों के प्रवेश की चिंता सताने लगी है। वहीं, नियमविरुद्ध संचालित होने वाले स्कूल भी अभिवावकों को झांसे में लेने के लिए सक्रय हो गए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल ने कहा कि बच्चों को प्रवेश दिलाने से पहले स्कूल की मान्यता जांच लें।

खंड शिक्षाधिकारी ने अभिभावकों को बच्चों को प्रवेश दिलाने से पहले स्कूल की मान्यता जांचने की सलाह दी है। बताया कि स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया मार्च के अंतिम सप्ताह से शुरू हो चुकी है, जो अप्रैल के अंत तक चलेगी। हर अभिभावक अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में पढ़ाना चाहता है। इसका फायदा उठाकर बिना मान्यता वाले स्कूलों के संचालक तमाम प्रलोभन देकर बच्चों के प्रवेश अपने यहां करा लेते हैं।

पांचवीं की मान्यता पर कराते हैं आठवीं तक की पढ़ाई

अगर कोई स्कूल कक्षा एक से आठ तक चल रहा है तो उसकी मान्यता राज्य सरकार से होती है। लेकिन कई स्कूल ऐसे भी हैं, जो पांचवीं की मान्यता लेकर आठवीं तक के दाखिले ले रहे हैं। अभिवावकों को आकर्षित करने के लिए सीबीएसई तक लिख देते हैं। जबकि वह यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं। इसलिए अभिवावकों को जांच परख कर दाखिला कराना चाहिए।

> समय-समय पर स्कूलों की मान्यता जांचने के लिए अभियान चलाया जाता है। नए सत्र में फिर से स्कूलों की जांच कराई जाएगी। ताकि कोई भी बिना मान्यता के स्कूल संचालित न मिले। अगर मिलता है तो ऐसे स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -फोटो लाल, खंड शिक्षाधिकारी

त्योहार | 13 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा बैसाखी पर्व

पंच प्यारों ने 25 लोगों को कराया अमृत पान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने बैसाखी पर्व पर गुरुद्वारा साहिब में पंच प्यारों के द्वारा 25 लोगों को अमृत पान कराया गया। इस मौके पर हापुड़ से आई सिख संगत भाई मेहताब सिंह व उनके साथियों के द्वारा अमृत पान कराया गया।

गुरुवार को गुरुद्वारे में आयोजित अमृत पान कार्यक्रम में भाई मेहताब सिंह ने कहा कि अमृत पान करना हर सिख पर फर्ज बनता है। बिना अमृत पान किया सिख अधूरा है। हम सब का फर्ज बनता है कि हम अमृत पान जरूर करें।

इस मौके पर गुरुद्वारे के प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने सभी को सरोपा देकर सम्मानित किया। सभी का आभार व्यक्त किया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि बैसाखी पर्व पर पगड़ी प्रतियोगिता होगी। इसमें 20 साल तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। सभी बच्चों को पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें बाहर से आए रागी जत्था कीर्तन करके संगत को निहाल करेंगे। 13 अप्रैल को बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

इस मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निर्मल सिंह, सरदार मनमीत सिंह, समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, अमरजोत सिंह, कपूर तीरथ सिंह, जसपाल सिंह, ग्रंथि सुरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

गुरुद्वारे में मौजूद पंच प्यारे एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

एक नजर

पांच अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने गुरुवार को पांच अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है। इन अभियुक्तों में नदीम पुत्र मुस्तकीम, मोहम्मद आलम पुत्र रहीश, मुनासिफ पुत्र खुर्शीद, मोहम्मद शहजाद पुत्र तस्लीम और शाकिब मियां पुत्र ताहिर अली हैं। इन पांचों अभियुक्तों पर धोखाधड़ी व चोरी करने के आरोप हैं। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि इन अभियुक्तों में नदीम गैंग का लीडर है। ये लोग चोरी जैसे अपराध करते हैं। इनके विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में वर्ष 2023 में तीन मामले में दर्ज हुए थे। इनमें शशि प्रभा हॉस्पिटल के अनीस ने 13 सितंबर 2023 को स्कूटी चोरी होने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। यह स्कूटी डॉ. रिचा अग्रवाल की थी। दरोगा गौरव कुमार ने 10 अप्रैल 2023 को सार्वजनिक जुआ अधिनियम में मामला दर्ज कराया था। इसी तरह अन्य आरोपों में इनके विरुद्ध मामले दर्ज हैं। गैंगलीडर अभियुक्त नदीम मैनाठेर थाना क्षेत्र के जाफरपुर का रहने वाला है। आलम मैनाठेर में मदीना मस्जिद के पास का है, जबकि मुनासिफ मलकपुर फत्तेपुर का रहने वाला है। कटघर थाना क्षेत्र के रहमतनगर के मोहम्मद शहजाद व शाकिब मियां हैं।

चार के खिलाफ रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में पीड़ित पक्ष ने दंपती समेत चार के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। कमलानगर निवासी राधिका पत्नी उमेश ने पुलिस को बताया है कि बीती 19 फरवरी को उसके जेठ के सात वर्षीय बेटे नीतीश को पतंग देने के बहाने दूसरे पक्ष के युवक ने थप्पड़ मार दिया था। जब वह चिल्लाया तो जेठानी सोना पत्नी गजेंद्र, उसकी बेटी चंचल, सुनीता पत्नी दिनेश बचाने पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की थी। लाठी-डंडे और लात-घूसों से पीट कर आरोपियों ने नीतीश को घायल कर दिया था। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर आरोपी अमन, उसके पिता निरंजन, मां ज्ञानवती और बहन राधिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

यात्रियों की सुविधा को ट्रेन में लगेंगे अतिरिक्त कोच

मुरादाबाद, अमृत विचार : गर्मी में यात्री सुविधा के लिए रेलवे गरीब रथ समेत आठ ट्रेनों में स्लीपर और एसी के अतिरिक्त कोच लगाएगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के अनुसार पद्मावत एक्सप्रेस (14207-08), अयोध्या कैंट से दिल्ली (14205-06) में एक-एक स्लीपर कोच 19 अप्रैल तक, हरिद्वार-अमृतसर एक्सप्रेस (12053-54) में चेयरकार में एक दिन 14 अप्रैल को और गरीब रथ (12203-04) में 3 एसी कोच 14 से 18 अप्रैल तक लगाए जाएंगे।

पुरानी रंजिश में मारपीट

मैनाठेर, अमृत विचार : मैनाठेर क्षेत्र के गांव तखतपुर अल्हा नानकार में पुरानी रंजिश मानते हुए गांव के ही तीन लोगों ने मारपीट की है। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अतीकुल ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि वह सुबह ईद की नमाज पढ़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान गांव के तीन लोगों ने अपने घर के सामने घेर कर उसके साथ मारपीट की है। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

अगवानपुर में नमाज अदा करने के बाद मौलाना के साथ मौजूद लोग। ● अमृत विचार

शांतिपूर्ण माहौल में अदा की नमाज

अगवानपुर, संवाददाता: नगर में ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

गुरुवार को नगर पंचायत में स्थित ईदगाह में सुबह सवा आठ बजे मौलाना हारिस रजा मिस्बाही ने ईद की नमाज अदा कराई। इसमें नगर के सैकड़ों लोग शामिल हुए। ईद की नमाज अदा करने से पहले सभी लोगों ने फितरा निकाल कर नगर के गरीब लोगों तक पहुंचाया। जिससे नगर के गरीब लोग भी सही तरीके से ईद मना सके। वहीं नगर के मोहल्ला सराय फारूख में स्थित शिया सादात मस्जिद में मौलाना मो.अब्बास नकवी ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई इस दौरान मौलाना ने ईद का खुतबा देते हुए कहा कि ईद के दिन एक दूसरे से गले लगने का बहुत बड़ा सवाब है। नमाज अदा कराने के बाद मौलाना ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने दुआ के लिए हाथ उठाए। ईद की नमाज के दौरान नमाजियों की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

कालीमाता मंदिर, माता मंदिर और दुर्गा मंदिर में सुबह हुई पूजा-अर्चना, आज होगी मां कूष्मांडा की पूजा

मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना से की विश्व में शांति की कामना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नवरात्र के तीसरे दिन मां के तृतीय स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाएगी।

गुरुवार को सुबह से ही मंदिरों में लंबी-लंबी लाइन देखने को मिली। माता के दर्शन के लिए भक्त सुबह ही मंदिर पहुंच गए। उन्होंने माता चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार व विश्व में शांति की कामना की। कालीमाता मंदिर, माता मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना हुई। शाम को मंदिरों में महिलाएं ने गीत गाकर माता की महिमा का गुणगान किया। वहीं काली माता मंदिर लालबाग के महंत सज्जन गिरी ने बताया कि माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र बना हुआ है, जिस वजह से भक्त मां को चंद्रघंटा कहते हैं। ऐसा माना जाता है मां ने अपने भक्तों के दुखों को दूर करने के लिए हाथों में त्रिशूल, तलवार और गदा रखा हुआ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता चंद्रघंटा को राक्षसों का वध करने वाली कहा जाता है। मां चंद्रघंटा की पूजा का महत्व है कि इनकी आराधना से साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और संपन्न होने का वरदान प्राप्त होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। इनकी आराधना से प्राप्त होने वाला एक बहुत बड़ा सद्गुण यह भी है कि साधक में वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का भी विकास होता हैं। उसके मुख, नेत्र व संपूर्ण काया में कांति वृद्धि होती है एवं स्वर में दिव्य-अलौकिक माधुर्य का समावेश हो जाता है। क्रोधी, छोटी-छोटी बातों से विचलित हो जाने, तनाव लेने वाले और पित्त प्रकृति के लोग मां चंद्रघंटा की भक्ति करें।

रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर में कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

इस प्रकार करें मां कूष्मांडा की पूजा

पं. मनोज पाठक ने बताया कि नवरात्रि के चौथे दिन हरे या संतरी रंग के कपड़े पहनकर मां कूष्मांडा का पूजन करें। पूजा के दौरान मां को हरी इलाइची, सौंफ या कुम्हड़ा अर्पित करें। मां कूष्मांडा को उतनी हरी इलाइची अर्पित करें जितनी कि आपकी उम्र है। हर इलाइची अर्पित करने के साथ ॐ बुं बुधाय नमः'' कहें। सारी इलाइची को एकत्र करके हरे कपड़े में बांधकर रखें। इलाइची को शारदीय नवरात्रि तक अपने पास सुरक्षित रखें।

ईदगाह में पहली बार दो बार अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज

जिले भर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई नमाज, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, मौके पर मौजूद रहे पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इस बार पहली बार ईदगाह में दो बार ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज अदा की गई। वहीं ईदगाह के अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की।

दो दिन पहले ही शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद और नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने ऐलान कर दिया था कि इस बार सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। उन्होंने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का हवाला देते हुए दो नमाज अदा करने का फैसला लिया था। इसलिए गुरुवार को ईदगाह में सुबह 8 बजे और इसके बाद 9 बजे दो जमातों में नमाज पढ़ाई गई। मगर लोगों में पहली ही जमात में नमाज पढ़ने का क्रेज ज्यादा रहा। उन्होंने पहली ही जमात में और आगे बैठने के लिए सुबह 6.30 बजे से ही ईदगाह में पहुंचकर सफें बिछानी शुरू कर दीं। ईदगाह में 55 से 60 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। लेकिन, इस बार पहली जमात में इससे अधिक लोग बैठे। इसी कारण आठ बजे से पहले ही ईदगाह खचाखच भरी रही। इसके बाद नमाजियों को सड़क पर लगी बेरिकेडिंग पर रोक दिया गया। नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने पहले बयान किया। उन्होंने लोगों को नेक नीयत से रहते हुए इंसानियत और सद्भाव का पालन करने को प्रेरित किया। इसके बाद पहली नमाज पढ़ाई और फिर खुतबा पढ़ाया। आखिर में दुआ कराई गई। इसके बाद नमाजियों के बाहर आने के पर दूसरी जमात के लिए लोगों को अंदर भेजना शुरू किया। इस बार शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने नमाज पढ़ाई। मगर इस बार मैदान कुछ खाली रहा। नमाज के बाद शहर इमाम, नायब शहर इमाम और सांसद डा. एसटी हसन नगर निगम के कैंप में पहुंचे। जहां जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, एसएसपी हेमराज मीना समेत सभी अधिकारी शामिल रहे। शहर इमाम ने सभी अधिकारियों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद उल फितर की नमाज ईदगाह सहित महानगर की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण माहौल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई।

ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया व एडीएम सिटी ज्योति सिंह।

ईदगाह में दुआ करते नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली और उपस्थित शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद। ● अमृत विचार

ईदगाह में कुछ इस तरह दुआ मांगते नन्हे-मुन्नें। ● अमृत विचार

ईदगाह के बाहर दूसरी शिफ्ट में नमाज पढ़ने के लिए खड़े नमाजी। ● अमृत विचार

दूसरी नमाज के लिए लोगों ने किया इंतजार

मुरादाबाद, अमृत विचार : गुरुवार को ईदगाह मैदान में पहली शिफ्ट में जगह न होने पर नमाजियों ने बेसब्री से इंतजार किया। पहली शिफ्ट में नमाज आठ बजे हुई। इससे पहले ही ईदगाह मैदान नमाजियों से भर गया। इस दौरान पहली बार में नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह मैदान जाते नमाजियों को पहले ही रोक दिया। इस दौरान चौराहे पर ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मियों से तकरार भी हुई। बाद में पुलिस अधिकारियों ने नमाजियों को समझा बुझाकर दूसरी बार में नमाज पढ़ने के लिए राजी कर लिया। नमाजियों ने भी नमाज पढ़ने के लिए दूसरी शिफ्ट का इंतजार किया। सभी नमाजी सड़क किनारे खड़े हो गए। पहले नमाज होने के बाद लोग दूसरी नमाज के लिए ईदगाह के मैदान में पहुंचे।

जिलाधिकारी व एसएसपी ने दी सभी को मुबारकबाद

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीना ने शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद, सांसद एसटी हसन समेत आम जनों को गले मिल कर शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि मुरादाबाद की गंगा जमुनी तहजीब हमेशा से कायम रही है। यहां लोग आपसी सौहार्द की मिसाल हैं। उन्होंने सभी को ईद पर शुभकामनाएं दीं। एसएसपी ने सहयोग के लिए सभी की सराहना की।

नागरिक एकता समिति ने किया ईद मिलन कार्यक्रम

मुरादाबाद,अमृत विचार : गुरुवार को ईद उल फितर के मौके पर नागरिक एकता समिति द्वारा हिमगिरी कॉलोनी स्थित ख्वाजा मस्जिद के पास ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद फैजान सलमानी की अगुवाई में सभी ने नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान फैजान सलमानी ने सभी को मुबारकबाद दी। इस दौरान ख्वाजा मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद आकिल रजा ने ईद की नमाज के बाद मुल्क में अमन और अमान के लिए दुआ कराई। इस मौके पर चुन्ना भाई, रियासत हुसैन, मोहम्मद इमरान, अब्दुल रहमान, मोहम्मद रिहान, हाफिज दानिश रज़ा, मोहम्मद इदरीश, बाबू शाहा, मोहम्मद फैसल, अरशद परवेज, मोहम्मद सरताज, मोहम्मद शानू, शकील मुल्ला समेत अन्य लोग शामिल है।

ईद पर निगम की व्यवस्था से चमकता रहा शहर

मुरादाबाद,अमृत विचार : ईद का त्योहार सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर निगम ने ईदगाह सहित महानगर के सभी इलाकों में पूरी ताकत झोंक दी थी। डिप्टी नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे ईदगाह क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की मानीटरिंग करते नजर आए। छह सफाई इंस्पेक्टर हेमेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार लगातार सफाई व्यवस्था करवा रहे थे। 19 सुपरवाइजरों की टीम भी मुश्तैदी से ईदगाह इलाके में तैनात थी। सुबह चार बजे से ही पूरे इलाके को चमका दिया गया था। सड़क पर जगह-जगह रंगोली बनाईं, जो नमाजियों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। साफ-सफाई में लगे 200 सफाई कर्मचारियों की मेहनत साफ नजर आ रही थी। जिसके चलते पूरा दिन शहर चमकता नजर आया।

नमाज के दौरान सुरक्षा में लगाए 200 वार्डन

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला प्रशासन की ओर से ईद की नमाज के लिए सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस व पीएसी के अलावा वार्डन की ड्यूटी लगाई गई। ईद-उल-फितर के अवसर पर ईदगाह के मैदान नमाज के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने शांति व सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से 200 वार्डन की ड्यूटी लगाई। उपनियंत्रक जय राज तोमर एवं चीफ वार्डन नजमुल इस्लाम के संरक्षण में सभी वार्डस ने अपनी ड्यूटी को सतर्कता से अंजाम दिया। पहली बार ईदगाह में दो बार नमाज अदा कराने को ईदगाह के आसपास एवं चारों ओर की गलियों में वार्डन छह बजे से ही अपनी ड्रेस में प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर पहुंच गए थे। इस दौरान उपनियंत्रक जय राज तोमर, चीफ वार्डन नजमुल इस्लाम, सतीश कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, मोहम्मद खालिद, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या बताएंगे कालोनीवासी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ सीएल गुप्ता ग्रुप पर सोसाइटी का माहौल बिगाड़ने का आरोप

अमृत विचार: गौर ग्रेसियस सोसाइटी के लोगों ने सीएल गुप्ता ग्रुप के क्रिएटिव कैंपस प्रबंधन की मनमानी से हार मानकर अब प्रशासनिक अधिकारियों के सामने अपनी परेशानी रख समाधान पाने का निर्णय लिया है।

बता दें कि गौर ग्रेसियस सोसाइटी में सोमवार को क्रिएटिव कैंपस स्कूल का आरंभ हुआ है। सोसाइटी ने आरोप लगाया है कि स्कूल और यहां पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों के अभिभावकों के वाहनों का संचालन बराबर वाले गेट से न करके सोसाइटी के मुख्य द्वार से किया जा रहा है। इससे कालोनी में प्रदूषण, जाम, असुरक्षा और कभी भी दुर्घटना होने की स्थिति बनी हुई है।

गुरुवार को सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर यह योजना बनाई। सोसाइटी के उपाध्यक्ष विपिन कुमार ने बताया कि शुक्रवार को सीएल गुप्ता ग्रुप की ओर से व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी और एसएसपी से मिलकर न्याय की मांग की जाएगी। सोसाइटी की निवासी अलका शर्मा का कहना है कि स्कूल और अभिभावकों के वाहनों से कालोनी में जाम होने के कारण दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है सोसाइटी के निवासी डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया कि हमें स्कूल से दिक्कत नहीं बल्कि उनकी व्यवस्था से दिक्कत है। पहले दिन से ही सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। बच्चे सोसाइटी के बाहर स्कूलों में पढ़ते हैं। उनके स्कूल वाहन को सोसाइटी में आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

युवाओं को सनातन से जोड़ना ही लक्ष्य

मुरादाबाद, अमृत विचार: भगवान परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन संयोजक पं. संजय स्वामी के आवास हुआ। इसमें समिति द्वारा 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले महाव्रत पारायण एवं पालिका विमोचन कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

गुरुवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष पंडित अनिमेष कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई है। संस्था का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सनातन से जोड़ना है। हम सब का प्रयास होना चाहिए कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवा शक्ति शामिल हो और लाभ उठाए। बैठक में पंडित राजेंद्र मोहन शर्मा, संजय स्वामी, अवधेश पाठक, अजय मोहन शर्मा, मयंक शर्मा, अजय शर्मा, सौरभ, महेश शर्मा, अनूप कुमार आदि मौजूद रहें।

परेशानी ऑनलाइन भी नहीं मिल रहीं किताबें, महंगी किताबों से अभिभावकों की जेब पर पड़ रहा असर

निजी स्कूलों की मनमानी जारी, शिक्षा विभाग मौन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ एनसीईआरटी की किताबों के मुकाबले निजी प्रकाशकों की किताबें दोगुने दामों पर मिल रही

अमृत विचार: स्कूलों में एक अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत हो गई। अभिभावक अपने बच्चों के लिए किताबें, बैग और ड्रेस की तैयारियों में जुटे हैं। अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूल हर बार की तरह बाहरी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगवा रहे हैं। ऐसे में अभिवावकों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। वे न चाहते हुए भी महंगी किताबें खरीदने को मजबूर हैं। उधर, जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौन हैं।

शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबों का सर्कुलर जारी होने के बावजूद निर्देशों का निजी स्कूलों की ओर से पालन नहीं किया जा रहा है। किताब विक्रेता अलग-अलग कक्षा के मुताबिक किताब और कॉपियों का सेट बनाकर रखे हुए हैं, जिनकी कीमत पांच हजार से आठ हजार रुपये तक बताई जा रही है। साथ ही स्कूल प्रबंधन की ओर से लगाई गई निजी प्रकाशकों की किताबें महानगर में चुनिंदा दुकानों पर ही उपलब्ध हैं। किताबें लेने पहुंचे एक अभिवावक ने बताया कि ऑनलाइन किताबें उपलब्ध नहीं हैं, न ही स्कूल के आसपास किसी दुकान में हैं।

एनसीईआरटी की किताबों में और अन्य प्रकाशकों की किताबों के दाम में फर्क

कक्षा	एनसीईआरटी (रुपये)	अन्य प्रकाशक (रुपये)
नर्सरी	500	दो हजार
1 से पांचवीं	1000	पांच से छह हजार
6 से 10वीं	1500	दो से आठ हजार

ऑनलाइन भी नहीं मिल रही किताबें

अभिभावक दिनेश कुमार ने कहा कि किताबें न स्कूल में हैं और न ही ऑनलाइन हैं। इसके लिए उन्हें स्कूल द्वारा बताई गई दुकान पर आना पड़ा। वहीं, एक अन्य अभिवावक राहुल ने कहा कि स्कूल के आसपास किताबें न मिलने के कारण उन्हें काम से छुट्टी लेकर आना पड़ा और यहां पर आकर देखा तो लंबी लाइन लगी थी। इस कारण उन्हें परेशानी हुई। एक अन्य अभिवावक मनोज कुमार ने बताया कि मेरी बेटी दूसरी क्लास में पढ़ रही है। दुकानदार की तरफ से दिए गए किताबों के सेट की कीमत 5,771 रुपये रखी गई है। इसमें किताब, कॉपियां के साथ फिजूल की चीजें भी दी गई हैं।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी

मुरादाबाद, अमृत विचार : शैक्षिक सत्र 2024-25 के क्रम में परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने पर शिक्षा महानिदेशक की ओर से आदेश जारी किया गया है। ऐसे में कक्षा 1 से 5 तक दैनिक एवं साप्ताहिक- शिक्षण योजना पर आधारित प्रभावी शिक्षण कार्य कराएं जायेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि कक्षा-6, 7 एवं 8 के लिए रिमीडियल टीचिंग के लिए विकसित विज्ञान व अंग्रेजी विषय की संदर्शिकाओं में उल्लेखित दिशा-निर्देशों के अनुसार शिक्षण कार्य कराया जाने के लिए कहा गया है। वहीं कार्यपुस्तिकाओं के अनुरूप बच्चों को अभ्यास कार्य भी कराए जाएंगे। विद्यालयों में क्रियाशील पुस्तकालय, रीडिंग कॉर्नर का नियमित संचालन किया जायगा, जिससे कि बच्चों द्वारा इसका नियमित उपयोग किया जा सके।

एक नजर

ट्रैफिक पुलिस ने किया 365 वाहनों का चालान

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने जिले में चेकिंग अभियान चलाकर 365 वाहनों का चालान किया। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं भय मुक्त संपन्न कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने जिले में यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 24 घंटे में ट्रैफिक पुलिस ने 365 वाहनों का चालान किया।

पुलिस ने आठ अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए आठ अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोल दी। गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार के निर्देशन में जिले की पुलिस ने लोकसभा चुनाव को भयमुक्त कराने के लिए अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने जिले के आठ अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोलकर उन पर नजर रखनी शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के घर जाकर उनके होने की जानकारी ले रही है। सभी को जिला न छोड़ने के हिदायत दी है।

तिगरी में ढाबा संचालक व युवकों में मारपीट

गजरौला, अमृत विचार : तिगरी में ढाबा संचालक व युवकों के बीच मारपीट हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने युवकों को समझाकर विवाद शांत कराया। गुरुवार को मंडी धनौरा क्षेत्र में एक बुजुर्ग का निधन हो गया था। शव को अंतिम संस्कार के लिए तिगरी लाया गया था। बताया जाता है कि बुजुर्ग के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे चार युवकों ने श्मशान घाट के पास ही ढाबे पर चाय बनवाई। चाय पीने के बाद रुपये के लेनदेन को लेकर युवकों का ढाबा संचालक से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज शुरू हो गई। ढाबा संचालक के पक्ष में स्थानीय लोग पहुंचे तो दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। हंगामे का माहौल बन गया। हालांकि बाद में आसपास मौजूद लोगों ने विवाद को निपटा दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाइक सवारों से मारपीट कर बाइक छीनी

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर तीसरे मिल के निकट नगर से घर लौट रहे बाइक सवारों से चार युवकों ने मारपीट कर बाइक छीन ली। आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव निरयावली खादर निवासी सुनील पुत्र सुमेर अपने एक साथी के साथ गुरुवार दोपहर नगर से बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक तीसरे मिल के निकट पहुंची तभी वहां पर चार युवकों ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। चारों युवक बाइक सवारों से बाइक छीन कर ले गए। पीड़ित युवक कोतवाली पहुंचे और एक नामजद सहित तीन अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। एसएसआई शोकेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

कुत्ते के हमले में एक व्यक्ति घायल

रहरा, अमृत विचार : गांव रहरा निवासी रफीक अहमद गुरुवार दोपहर में खेत पर गेहूं की कटाई की देखभाल कर रहे थे। तभी उन पर कुत्ते ने हमला कर दिया। जिससे रफीक अहमद घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

अमरोहा में ईदगाह पर नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

बुरावली में ईदगाह में नमाज के बाद दुआ करते लोग। ● अमृत विचार

हसनपुर में ईदगाह पर ईद की नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर मिले गले, दी मुबारकबाद

नमाज के बाद उलमाओं ने दीन के रास्ते पर चलकर भाईचारे का संदेश दिया, कहा- रब की रजा की खातिर इबादत करें

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। अकीदत के साथ ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने देश में खुशहाली, अमन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सतर्क रहे।

ईद-उल-फितर के मौके पर जिले भर में लोगों में उत्साह का माहौल रहा। गुरुवार सुबह छह बजे से ही नमाजियों ने ईदगाह में पहुंचना शुरू कर दिया। नमाजियों से ईदगाह खचाखच भर गई। करीब सुबह 7:30 बजे ईदगाह पर मुफ्ती मोहम्मद आसिम ने ईद की नमाज अदा कराई। इसके अलावा जामा मस्जिद अमरोहा में मुफ्ती मोहम्मद रिफाकत, शाही चबूतरा में मुफ्ती शाहिद हुसैन, शिया जामा मस्जिद में मौलाना अहसान अख्तर सरोज ने नमाज पढ़ाई। नमाजियों ने जहां मुल्क और कौन की तरक्की की दुआ की। वहीं उलमाओं ने भी दीन के रास्ते पर चलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। ईदगाह पर मुफ्ती मोहम्मद आसिम ने अपील करते हुए कहा कि गरीबों के साथ ईद की खुशियां बांटे। कहा कि ईद हमें इस बात की भी तालीम देती है कि हम अपने रब की रजा की खातिर इबादत करें। इस दौरान कड़े सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे और ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। सुरक्षा के मद्देनजर ईदगाहों व मस्जिदों के आसपास पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा। नमाज के समय ईदगाहों की ओर जाने वाले रास्तों पर ट्रैफिक का संचालन भी रोक दिया गया। नमाज के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद मुबारकबाद का सिलसिला शुरू हुआ। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईदगाह पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे। जब तक नमाज सकुशल संपन्न हुई तब तक दोनों अधिकारी मौजूद रहे। नमाज संपन्न होने के बाद लोगों ने अधिकारियों से मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान बच्चे भी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिले। ईदगाह पर नमाज के बाद सदर विधायक महबूब अली ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने भी गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान वहां मौजूद पूर्व पालिकाध्यक्ष अतुल जैन, निखिल जैन, ईओ डॉ. बृजेश सिंह, बसपा प्रत्याशी मुजहिद खां, कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली ने भी लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

गले मिलकर ईद की बधाई देते पूर्व एमएलसी परवेज अली। ● अमृत विचार

अमरोहा में ईद की बधाई देते निखिल जैन, ईओ डॉ. बृजेश सिंह। ● अमृत विचार

ईदगाह पर मौजूद जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य।

सैदनगली में एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई देते लोग। ● अमृत विचार

हसनपुर में शहर इमाम को ईद की बधाई देते पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी।

ईद पर गले मिलते कांठ विधायक कमाल अख्तर एवं पूर्व मंत्री जगराम सिंह।

अमरोहा ईदगाह में दुआ करते बच्चे। ● अमृत विचार

नमाज अदाकर मांगी अमन और चैन की दुआ

हसनपुर, अमृत विचार : गुरुवार को ईद की नमाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस मौके पर नमाजियों ने अमन चैन की दुआएं मांगी। नगर में ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। गुरुवार को ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे शहर इमाम मुफ्ती मेहराज अहमद ने नमाज अदा कराई। नमाजियों ने मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद ईद मिलने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दोपहर बाद तक जारी रहा। ईदगाह में पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं सपा नेता बदर कुरैशी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, शाहनवाज अंसारी, नफीस चिश्ती, पंडित यतेंद्र शंकर गौड़, युसूफ कुरैशी, साजिद खान, जाहिद अली, जावेद जरताप, शराफत अली, अजय पाल आदि मौजूद रहे। उधर, घरों पर पहुंचकर भी लोगों ने ईद की बधाईयां दी। वहीं, बावनखेड़ी गांव में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईदगाह पर दो अलग-अलग मसलकों के लोगों ने बारी बारी से ईद की नमाज को अदा किया। गुरुवार को गांव की ईदगाह पर पहले देवबंदी मसलक के लोगों ने ईद की नमाज को अदा किया। उसके बाद बरेलवी मसलक के लोगों ने नमाज पढ़ी। सुरक्षा के तौर पर पुलिस बल तैनात रहा। यहां पर शांतिपूर्वक तरीके से नमाज अदा होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

शांतिपूर्ण हुई ईद की नमाज

सैदनगली, अमृत विचार : नगर पंचायत में ईद की नमाज सुकून और शांति के साथ अदा हुई। सुन्नी समुदाय ने भारी संख्या में ईदगाह पर पहुंचकर ईद की नमाज अदा की। मौलाना खुर्शीद ने ईद की नमाज अदा कराई। शिया समुदाय ने ईद की नमाज महल वाली मस्जिद में अदा की। जिसे मौलाना अल्हाज कम्बर अली ने अदा कराया। मौलाना ने खुत्बे में बताया कि अल्लाह ने ईद रोजेदारों को इनाम के तौर पर तोहफे में दी है। हर वो दिन ईद का दिन है जिस दिन इंसान से कोई गुनाह न हो। थाना प्रभारी निशांत राठी भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद

चौधरपुर, अमृत विचार : गुरुवार को ईद उल फितर की नमाज चौधरपुर में शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। नमाजियों ने अमन चैन की दुआएं मांगी। चौधरपुर में स्थित ईदगाह पर सुबह साढ़े आठ बजे जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज कारी मौलाना शमीम ने नमाज अदा करवाई। नमाज के लिए लोग सुबह से ही तैयार होकर आना शुरू हो गए थे। ईदगाह नमाजियों से खचा खच भर गई। इसके बाद मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद ईद मिलने का सिलसिला शुरू हो गया, जो शाम तक जारी रहा।

हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाई ईद

मंडी धनौरा, अमृत विचार : ईद-उल-फितर का त्योहार शहर और आसपास के क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। ईदगाह और मस्जिदों में नमाजियों ने नमाज अदा की। इस दौरान देश में अमन-चैन कायम रखने, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। बछराऊं ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए भारी संख्या में नमाजी पहुंचे। गुरुवार को नगर की बड़ी मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद देश में अमन और सौहार्द की विशेष दुआ की गई। नगर की बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, तेलियों वाली मस्जिद सहित आदि मस्जिदों में सुबह सात बजे के बाद ईद की नमाज अदा की गई। वहीं सीओ श्वेताभ भास्कर ने नमाज से पहले सुबह पुलिस कर्मियों के साथ ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। धनौरा के अलावा कुआखेड़ा, चुचेला कलां, बछरायूं और फंदेड़ी में भी ईद की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

गजरौला, अमृत विचार : गुरुवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह मस्जिदों में रोजेदारों के साथ अकीदत के साथ नमाज अदा की। नमाज के बाद मुल्क व तरक्की के लिए दुआ मांगी। गजरौला क्षेत्र में गुरुवार को सुबह 70 मस्जिदों व 14 ईदगाहों में नमाज अदा की। तड़के से ही रोजेदार नए कपड़े पहनकर मस्जिदों व ईदगाहों की तरफ जाते दिखाई दिए। नमाज के बाद रोजेदारों ने कौम व मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी। शहर के चौपला पर स्थित जामा मस्जिद, चौहानपुर मोहल्ले में स्थित जामा मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सभी लोग मस्जिद व ईदगाहों से लौटकर घर पहुंचे तथा खुशियां मनाई।

ईद की बधाई देते विधायक महबूब अली व कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली व अन्य।

नमाज के बाद दुआ मांगी

अमरोहा, अमृत विचार : गांव कांकर सराय में कैलसा बाइपास स्थित ईदगाह में गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे ईद-उल-फितर की नमाज अमन के साथ अदा की गई। हाफिज अंसार अली ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद मुल्क, कौम और फिलिस्तीन के मुसलमानों के लिए दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहा। गांव की कई मस्जिदों में भी ईद की नमाज हुई। गांव अफजलपुर में अमरोहा-डिडौली मार्ग स्थित ईदगाह में भी नमाज पढ़ी गई।

ईदगाह व मस्जिदों में नमाज पढ़ी

बुरावली, अमृत विचार : ईद का त्योहार ग्रामीण क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया। ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी। नमाजियों ने मुल्क और कौम की तरक्की, प्रेम और भाईचारे की दुआ मांगी। गुरुवार को सुबह से ही लोग नये कपड़े पहन व जानमाज व चटाई लेकर ईदगाह पर पहुंचे। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर मुबारकबाद दी। बुरावली ईदगाह पर हाफिज सुहेल ने ईद की नमाज अदा कराई। बच्चों ने नए कपड़े पहने और ईदी पाकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। घरों में शीर व अन्य मिष्ठान बनाकर ईद की खुशियां मनाईं। **यहां हुई ईद की नमाज :** बांसका कला ईदगाह पर मुफ्ती वकील ने नमाज अदा कराई। मदारीपुर ईदगाह में कारी गयासुद्दीन ने, सूतावली ईदगाह पर कारी गिलमान ने, फतेहपुर मदीना मस्जिद में हाफिज अकबर ने, आयशा मस्जिद बुरावली में हाफिज सारिम ने नमाज पढ़ाई। इसके अलावा जयतोली, छापना, गंगवार, पतेई खादर, बरतौरा, चंदनपुर, पिपलौटी कलां पिपलौती खुर्द, पिपलौती कलां जेबड़ा आदि गांवों में भी ईद की नमाज अदा की गई।

आयोजन जिले में विभिन्न संगठनों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती मनाई

ज्योतिबा फुले को भारत रत्न से सम्मानित करे सरकार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : ऑल इंडिया सैनी सभा ने महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती मनाई।

गुरुवार को ऑल इंडिया सैनी सभा के अध्यक्ष फूल सिंह सैनी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार से दंपती को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। कहा कि उन्होंने जीवन भी समाज के काम किया। कलेक्ट्रेट में महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्चन किया। बैठक में संजीव सैनी, अतर सिंह, कमल सिंह सैनी, महावीर सिंह, गंगाराम सैनी आदि मौजूद रहे।

अमरोहा कलेक्ट्रेट में जयंती मनाने के दौरान मौजूद सैनी सभा के पदाधिकारी।

मंडी धनौरा में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाने के दौरान मौजूद लोग।

महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

हसनपुर, अमृत विचार : गुरुवार को ग्राम सहेलिया में अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ ने महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम में सभी ने ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण किया। अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष थान सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में फैली कुरीतियों का विरोध कर समाज को सुधारने का काम किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके पर विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, संजीव सागर, ज्ञान सिंह, मनीष कुमार, कीर्ति, भारती, अंकित आदि रहे।

समाज के लोगों को शिक्षा का महत्व बताया था

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गुरुवार को पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी के आवास पर महात्मा ज्योतिबा फूल की जयंती मनाई गई। पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने बताया कि ज्योतिबा फुले ने किस तरह समाज के लोगों को शिक्षा की ओर अग्रसर किया। इस मौके पर वक्ताओं ने विचार रखे। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश गोला, ओम प्रकाश सैनी, अशोक कुमार उर्फ सोनू सैनी, कपिल कुमार, देशराज सैनी, सौरभ सैनी, जयप्रकाश सैनी, ऋतिक सैनी, आदि लोग मौजूद रहे।

अवैध शराब की बिक्री रोकने को प्रशासन सख्त

अमरोहा, अमृत विचार : चुनाव के दौरान शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया कि चुनाव को देखते हुए शराब की खपत बढ़ गई है। शराब माफिया पर अंकुश लगाने और अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए आबकारी विभाग ने टीम गठित कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अमरोहा जिले के हसनपुर धनौरा, गंगेश्वरी क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों की धरपकड़ शुरू कर दी गई है। इसके अलावा हाईवे पर दिल्ली की दिशा से आने वाले वाहनों की भी चेकिंग पुलिस के सहयोग से शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस भी आबकारी टीम के साथ छापेमारी कर रही है।

कारोबारी को लाठी-डंडों से पीटा, उपचार के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ मृतक के बेटे की तहरीर पर पांच पर रिपार्ट दर्ज

अमृत विचार : सैलून पर बेटे की पिटाई का विरोध करने भाइयों के साथ पहुंचे फर्नीचर कारोबारी शाकिर अली (45) की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। घायल शाकिर अली की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि मृतक के दो भाई और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव धनौरी मीर का है। यहां के निवासी शाकिर अली फर्नीचर की दुकान चलाते थे। उनके बेटे नवाब अली के मुताबिक बुधवार को पिता शाकिर अली दुकान पर गए हुए थे। चांद दिखने के बाद घर में ईद की तैयारी चल रही थीं। नवाब अली का छोटा भाई सावेज गांव में ही सैलून पर बाल कटवाने गया था। वहां सामिक अली ने सावेज के साथ मारपीट कर दी। यह बात सावेज ने घर बताई। तब शाकिर अली अपने भाई जाबिर अली, इशरत अली और बेटे नवाब अली से मारपीट की शिकायत करने सामिक के पास पहुंचे तो वहां मौजूद हासम, वसीम, सामिक, मुजफ्फर और राशिद ने उनकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट में नवाब अली, शाकिर अली, जाबिर अली और इशरत अली घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शाकिर अली को इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक शाकिर अली के बेटे नवाब अली की तहरीर पर आरोपी हासम, वसीम, सामिक, मुजफ्फर और राशिद पर गैर इरादतन हत्या रिपोर्ट दर्ज की गई है।

एक नजर



गुन्नौर में ईद की नमाज के बाद गले मिलते बच्चे। ● अमृत विचार

मस्जिदों में अलग-अलग इमामों ने पढ़ाई नमाज

गुन्नौर अमृत विचार : ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जामा मस्जिद में इमाम मौलाना हाफिज मुन्फिद कादरी, लाल मस्जिद में मौलाना शखाबत हुसैन, सुन्नी नूरानी मदीना मस्जिद (मोहल्ला इटाली) में इमाम हाफिज हकीकत हुसैन, मक्की मस्जिद (जुलेपुरा) में इमाम मौलाना जीशान रजा, खजूर वाली मस्जिद में इमाम हाफिज बिलाल, मस्जिद बड़ा बाग में इमाम हाफिज जुनैद रजा, मस्जिद मजनुशाह में इमाम कारी जाबिर रजा ने नमाज अदा कराई। जुनावई, कादराबद सैंजना मुस्लिम, सुल्तानगढ़ और बबराला की मस्जिदों में भी इमामों ने ईद की नमाज अदा कराई।

सिवईं और दही फुल्की से किया स्वागत

संभल अमृत विचार : नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देना शुरू किया। बच्चों को ईदी के रूप में रुपये दिए गए। लोगों ने एक-दूसरे के घरों पर जाना शुरू किया। गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। घरों पर आने वाले लोगों का सिवईं, दही फुल्की, छोले आदि व्यंजनों से स्वागत किया गया।

सरायतरीन में नमाज के बाद की भाईचारे की दुआ

सरायतरीन, अमृत विचार : सरायतरीन में जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती रियाजुल हक कासमी ने गुरुवार को ईद उल फितर की नमाज पढ़ने का तरीका बताकर लोगों को ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने देश में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे की दुआ की गई। इमाम मुफ्ती रियाजुल हक कासमी ने देश की तरक्की, रोजगार में उन्नति और अल्लाह से लोगों को परेशानियों से निजात दिलाने की दुआ मांगी। पुलिस की अपील के बाद किसी ने सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी।

संभल में ईदगाह पर नमाज के बाद दुआ करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

ईद की नमाज अदा कराने के बाद लोगों के बीच मौलाना सुलेमान अशरफ हामिदी। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास से मनाया ईद उल फितर का त्योहार, मांगी भाईचारे की दुआ

जनपद में ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए उमड़े लोग, सुरक्षा के रहे कड़े प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिले में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र में मुस्लिमों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करके मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। संभल में ईदगाह पर बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने नमाज अदा की। नमाज को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे। डीएम और एसपी ने भी इंतजामों को देखा। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

गुरुवार को सुबह से ही लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों का रुख कर लिया। वहां निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा की। संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर ईदगाह इमाम मौलाना सुलेमान अशरफ हामिदी ने ईद की नमाज अदा कराई। यहां बच्चों और युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों में भी नमाज अदा करने को लेकर उत्साह दिखाई दिया। लोगों ने ईद की नमाज अदा करके मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। जिसके बाद एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। यहां सांसद प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क, सुहेल इकबाल, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष फिरोज खां, सईद अख्तर इसराईली, शफीक अशफाकी, शहजाद खां समेत तमाम लोग रहे। संभल के अलावा सरायतरीन, हयातनगर, सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया।

ईद की नमाज के दौरान ईदगाह के निकट मौजूद डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

ईदगाह पर रहे कड़े सुरक्षा प्रबंध, पहुंचे डीएम और एसपी

संभल, अमृत विचार : संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। यहां पुलिस कर्मियों के अलावा एसएसबी जवानों को भी तैनात किया गया। सुबह डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने ईदगाह पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबंध देखे। आला अधिकारियों ने अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए। जिसके बाद डीएम और एसपी चौधरी सराय पुलिस चौकी पर आ गए। ईदगाह पर सीओ अनुज कुमार चौधरी, हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

92 वर्षीय अलीजान ने अदा की नमाज

संभल अमृत विचार : ईद की नमाज अदा करने के लिए बुजुर्गों में भी गजब का उत्साह दिखाई दिया। संभल में ईदगाह पर गांव मूसापुर निवासी 92 वर्षीय अलीजान ने ईद की नमाज अदा करके दुआ मांगी। परिजनों के साथ अलीजान ईदगाह पर पहुंचे थे।

गुन्नौर में ईदगाह पर नमाज अदा करने को उमड़े लोग

गुन्नौर, अमृत विचार : ईद का त्योहार खुशनुमा माहौल में मनाया गया। ईदगाह एवं मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। गुरुवार को सुबह से ही विभिन्न रास्तों से लोग ईदगाह की ओर तेजी से जाते देखे गए। सुबह सवा आठ बजे नमाज का वक्त निर्धारित था। तब तक पूरा ईदगाह परिसर नमाजियों से भर गया। इमाम मौलाना कमाल हसन ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे के घरों पर ईद की मुबारकबाद देने पहुंचने लगे। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। ईदगाह के निकट लगाए गए शिविर में नमाजियों का इस्तकबाल कर उन्हें ईद की मुबारकबाद देने के लिए एसडीएम रमेश बाबू, सीओ आलोक सिद्धू, कोतवाल संजीव बालियान, समाजसेवी अकील खान (गुड्डा), सलमान अली, मुजीबुर्रहमान, काजी हम्माद मुबीन, तैयब्ब खान, असलम अली, सय्यद जावेद अली, इब्राहिम सलमानी, इमरान खान, मुगीस अल्वी, जीशान खान, फरहान खान, निक्की आदि मौजूद रहे।

एक दूसरे के गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

बहजोई, अमृत विचार : नगर व ग्रामीण अंचलों में ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह पर पहुंचकर नमाज अदा कर मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की। वहीं एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बहजोई चंदौसी मार्ग स्थित ईदगाह पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर मुल्क व काम की तरक्की के लिए दुआ की। मौलाना आले नबी ने ईद की नमाज अदा कराते हुए कहा कि हमेशा ही हमें कौम व मुल्क की तरक्की के लिए कार्य करते रहना चाहिए। लोगों को इसके लिए जागरूक रहना चाहिए। यह हम सभी का दायित्व है इसे हमेशा ही निभाना चाहिए। नमाज अदा करने के बाद ईदगाह से निकले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं घर पहुंच कर ईद को लेकर मिठाइयां से आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान चेयरमैन राजेश शंकर राजू, रईस अहमद कुरैशी, हाजी जब्बार सैफी, अकील अहमद, निसार अहमद सहित आदि मौजूद रहे। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहा।

ओबरी में ईदगाह पर ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

ओबरी समेत कई गांवों में शांतिपूर्वक हुई ईद की नमाज

असमोली/ओबरी अमृत विचार : असमोली क्षेत्र में गांव ओबरी में स्थित ईदगाह पर जामा मस्जिद के इमाम सैयद रिजवान मियां कादरी ने गुरुवार को सुबह आठ बजे ईद की नमाज अदा कराई। गांव शहबाजपुर कला, मंसूरपुर माफी, मुबारकपुर बंद, मढ़न आदि की मस्जिदों में भी शांतिपूर्वक तरीके से ईद की नमाज हुई। लोगों ने नमाज अदा करके देश दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ मांगी और एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। घरों पर लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

बहजोई की ईदगाह में नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

ईद की नमाज अदा कर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। रोजेदारों ने ईद की नमाज अदा कर एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। त्योहार को लेकर घरों में पकवान बनाए गए। नमाज के बाद लोगों का एक-दूसरे के घर जाकर ईद मिलने का सिलसिला आरंभ हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा।

गुरुवार को ईद-उल-फितर की नमाज गांव पतरौआ रोड स्थित बड़ी ईदगाह पर सुबह 7.45 बजे शहर इमाम मोहम्मद नाजिम ने अदा कराई। बड़ी संख्या में रोजेदार व नमाजी ईद की नमाज अदा करने ईदगाह पर पहुंचे।

इसके उपरांत शहर काजी मरगूब नौशाही ने खुतबा पढ़कर नमाज पूरी की। अंत में शहर इमाम साहब ने मुल्क व कौम के लिए दुआ कराई। संभल गेट स्थित छोटी ईदगाह पर नमाज सुबह 6.45 मोहम्मद अरमान ने अदा कराई।

जामा मस्जिद में सुबह आठ बजे इफ्तेखार मिस्बाही ने, जारई गेट स्थित बड़ी मस्जिद में सुबह आठ बजे कारी मोहम्मद जमील ने, सीकरी गेट स्थित शेखों वाली मस्जिद में सुबह 7.30 बजे हाफिज मुशाहिद ने, सीकरी गेट स्थित अंसारी यान में सूफी नासिर ने सुबह आठ बजे ईद की नमाज अदा कराई। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान मतीउद्दीन, शाह आलम मंसूरी, अशफाक भारती, तनवीर कुरैशी, विमल चौधरी, जाहिद शेरी, शानू वारसी आदि काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे। वहीं नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी।

चन्दौसी की बड़ी ईदगाह पर नमाज के बाद गले मिलते बच्चे। ● अमृत विचार

गले मिलकर दी ईद की मुबारकवाद

चन्दौसी/बनियाठेर/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : देहात क्षेत्र में ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह में अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर मुबारकवाद दी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में ईद नमाज मऊ अस्सू मार्ग स्थित ईदगाह पर अदा की गई। जिसमें सुबह नौ बजे हाफिज सद्दाम हुसैन ने नमाज अदा कराई। साथ ही कस्बे के मैन मार्केट में बनी जामा मस्जिद में इमाम अब्दुल कादिर, जमुना तालाब के सामने बने मदरसा रजा ए मुस्तफा में हाफिज रिजवान, गांव मोहम्मदपुर बाबई स्थित ईदगाह में सुबह नौ बजे कारी गुलहसन ने ईद की नमाज अदा कराई। उधर कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य गांव में ईद की नमाज अदा की गई।

चौधरी सराय चौराहा पर छुट्टा पशुओं का झुंड। ● अमृत विचार

सड़क पर छुट्टा पशुओं का झुंड देख कर परेशान हुए नमाजी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अन्य दिनों की बात तो छोड़िये, ईद के मौके पर भी गुरुवार को संभल में बहजोई मार्ग पर छुट्टा पशुओं का जमावड़ा रहा। चौधरी सराय चौराहा पर काफी समय तक छुट्टा गोवंश जमा रहे तो गुजरते वाले नमाजियों को भी परेशानी हुई। हमला करने की आशंका के चलते लोग किसी तरह बचते हुए चौराहे से निकले।

बेशक प्रदेश सरकार ने छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए हैं लेकिन जनपद संभल में इसका पालन होता नहीं दिखाई दे रहा। गुरुवार को उस वक्त नगर पालिका परिषद की लापरवाही सामने आई जबकि बहजोई मार्ग पर चौधरी सराय में छुट्टा पशुओं का झुंड पहुंच गया। जिससे यह साफ हो गया कि शहरी क्षेत्र में भी छुट्टा गोवंश को संरक्षित किए जाने को लेकर कदम नहीं उठाए जा रहे। चौधरी सराय चौराहा पर काफी देर तक छुट्टा गोवंश पशुओं का जमावड़ा रहा।

सार-संक्षेप

सफाई कर्मियों ने उठाई बायोमेट्रिक हाजिरी से मुक्ति की मांग

बहजोई, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े पदाधिकारी ने चुनाव ड्यूटी व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत लगाई जा रही ड्यूटी को लेकर आ रही समस्याओं को उठाया। वहीं बायोमेट्रिक हाजिरी से मुक्ति दिलाए जाने की मांग की। जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपकर कहा कि सफाई कर्मचारियों को डीएम के आदेश से संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लगाया गया है। जनपद की अधिकतर सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर लगाई जा रही है। जिस कारण सफाई कर्मचारी बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगा पा रहे हैं। इसी के कारण माह मार्च में बायोमेट्रिक के आधार पर कुल 56 सफाई कर्मचारियों का वेतन प्रतिबंधित किया गया है। कहा कि जब तक यह ड्यूटी लगाई जा रही है तब तक बायोमेट्रिक हाजिरी से सफाई कर्मियों को मुक्त किया जाए। इस दौरान धर्मेंद्र कुमार, रंजीत सिंह, सुदेश कुमार, विजयपाल आदि मौजूद रहे।

बहजोई में आरएसएस के कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

नववर्ष प्रतिपदा पर पंच परिवर्तन का लें संकल्प

बहजोई, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केशव बस्ती शाखा द्वारा नवसंवत्सर उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें संघ संस्थापक डा. हेडगेवार के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प। कृष्ण मुरारी मनोरमा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में केशव बस्ती शाखा के आरएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नववर्ष प्रतिपदा संवत 2081 का स्वागत उत्सव मनाकर किया। सरसंघचालक प्रणाम करते हुए भगवा ध्वजारोहण किया व संघ संस्थापक व भारतमाता के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन प्रारंभ किया गया। मुख्य वक्ता आरएसएस के सह जिलाकार्यवाह सम्भव जैन ने कहा कि संघ द्वारा निश्चित किए गए पंच परिवर्तन के आयामों सामाजिक समरसता, पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली, कुटुंब प्रबोधन, स्व बोध का स्वाभिमान स्वदेशी का भाव, नागरिक कर्तव्य के बोध जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर नए वर्ष में समाज के बीच जाने का संकल्प लें। इस दौरान जिला संघचालक अनिल शास्त्री, जिला व्यवस्था प्रमुख मनोज कारसेवक, नगर कार्यवाह सतीश चंद्र शर्मा, बस्ती प्रमुख पहुप जैन, शाखा कार्यवाह अंशु गुप्ता एडवोकेट, मुख्य शिक्षक प्रशांत शर्मा, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार सहित शाखा टोली के रूप में कौशल शर्मा, अनुराग, दीपक, अनुभव, तुषार, लक्ष्य आदि मौजूद रहे।

राशन की कालाबाजारी में कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट

संभल, अमृत विचार : विकासखंड पंवासा क्षेत्र के गांव लालपुर में राशन डीलर द्वारा करीब 25 क्विंटल खाद्यान्न की कालाबाजारी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। खाद्यान्न की कालाबाजारी का खुलासा तब हुआ जबकि पूर्ति निरीक्षक ने जांच की। स्टाक कम मिलने पर जांच आख्या डीएम को भेजी गई। डीएम द्वारा अनुमोदन किए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पूर्ति निरीक्षक पंवासा योगेश शुक्ला ने बताया कि शिकायत मिलने पर गांव लालपुर में राशन डीलर छोटी की दुकान पर स्टाक चेक किया गया। इसमें 6.41 क्विंटल गेहूं, 12.76 क्विंटल चावल, 6.36 क्विंटल बाजरा कम पाया गया। जिससे साफ हुआ कि कार्डधारकों को दिए जाने वाले खाद्यान्न की कालाबाजारी कर दी गई। आठ अप्रैल को जांच आख्या डीएसओ को भेजी गई। वहां से पत्रावली जिलाधिकारी को गई। जिलाधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए अनुमोदन किया। जिसके बाद 10 अप्रैल को कैला देवी थाना में राशन डीलर छोटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शौचालय में ताला, लोग खुले में जाने को मजबूर

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : नगर के छह सामुदायिक शौचालयों पर ताला लटक रहा है। लाखों रुपये की लागत से बनवाए गए छह में से एक पिंक शौचालय भी है। हालांकि शौचालयों के बाहर दीवारों पर रंग रोगन हो गया है। शौचालयों के बंद रहने पर लोग खुले में जाने को मजबूर हैं।

कस्बे में लाखों रुपये की लागत से बनाए गए छह सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गए हैं। नगर वासियों ने इसकी शिकायत भी की लेकिन जिम्मेदारों ने गंभीरता नहीं दिखाई। जिसके चलते मलिन एवं पिछड़ी आबादी और सार्वजनिक जगहों पर बने छह शौचालय पर ताला लटका है। जिससे जरूरतमंदों को शौच के लिए खुले में जाना पड़ रहा है। लोग पेशाब भी खुले में कर रहे हैं। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चर्चा है कि आपसी कलह के चलते नगर पंचायत बोर्ड इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।

सार्वजनिक शौचालय में लटका ताला।

यहां बनवाए गए शौचालय

गुन्नौर अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर में वार्ड नंबर एक नेहरू चौक, वार्ड नंबर चार में रजिस्ट्री दफ्तर के पास, वार्ड नंबर छह में ब्लॉक के आगे, वार्ड नंबर 11 में पाताली शिव मंदिर के पास और वार्ड नंबर छह में तहसील कचहरी के पास सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य कराया गया।

लोकसभा चुनाव | शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए 27749 लोगों को मुचलकों से किया पाबंद

40 हजार से अधिक लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई

संवाददाता, बहजोई/संभल

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराए जाने को लेकर पुलिस ने चुनाव में खलल डालने की आशंका को लेकर जनपद में 40 हजार 882 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है।

वहीं 27 हजार 749 लोगों को भारी भरकम मुचलकों से पाबंद किया है। इसके अलावा 181 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट व गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। एसपी ने चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराए जाने का दावा किया।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस काफी दिनों से अपनी तैयारी कर रही थी। इसको लेकर पुलिस ने जनपद के सभी थानों में निरोधात्मक कार्रवाई शुरु की। अब जबकि चुनाव के लिए नामांकन शुरु हो रहे हैं तो पुलिस जनपद के 40 हजार 882 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर चुकी है।

पुलिस ने 27 हजार 749 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी भरकम मुचलकों से पाबंद किया है। इनमें ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है जो राजनीतिक तौर से सक्रिय रहते हैं। वहीं इनसे किसी प्रकार से चुनाव प्रभावित करने को लेकर पुलिस को आशंका थी। इसके साथ ही पुलिस अवैध शस्त्र बरामदगी के लिए भी लगातार कार्रवाई कर रही है।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत का कहना है कि जिस किसी भी व्यक्ति से चुनाव में अशांति की आशंका होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

181 अपराधियों पर गुंडा व गैंगस्टर की कार्रवाई

बहजोई, अमृत विचार : जनपद पुलिस ने अभियान चलाते हुए ऐसे अपराधी जो चुनाव में किसी प्रकार का प्रभाव डालें या निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनौती साबित हों, ऐसे 181 अपराधियों को चिन्हित किया। जिनके खिलाफ पुलिस ने गुंडा व गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। एसपी दावा किया कि असामाजिक तत्वों की पूरी निगरानी की जा रही है। वहीं हिस्ट्रीशीटर जो जेल से बाहर हैं उनकी भी निगरानी की जा रही है। पुलिस उनके दरवाजों पर जाकर दस्तक दे रही है।

पांच अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ीं, बरामद किए 94 हथियार

बहजोई, अमृत विचार : चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर पुलिस ने अभियान चलाया। जिसके तहत जनपद पुलिस ने पांच अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। जिसमें 6 शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस ने इस अभियान के तहत जनपद में 94 अपराधियों से 94 अवैध शस्त्र बरामद किए। 114 अवैध कारतूस भी बरामद किए हैं। एसपी ने कहा कि लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

किसी भी व्यक्ति से चुनाव में अशांति की आशंका होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी

जनपद में चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर लगातार पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। जिसके तहत 40882 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। वहीं पांच शस्त्र फैक्ट्री का भी भंडाफोड़ किया गया है। लगातार पुलिस निगरानी कर रही है। कोई भी व्यक्ति चुनाव में खलल डालने की चेष्टा करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

– कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी

एक नजर

संपत्ति के लिए हत्या करा सकते हैं भाई , दी तहरीर

रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पवारी निवासी अनीता पुत्री झगड़ु ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी शादी 14 साल पहले जनपद अलीगढ़ के अतरौली थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी सुनील के साथ हुई थी। दो महीने बाद ही ससुरालियों ने दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिसके बाद से अनीता गांव पवारी में मकान बनाकर रह रही है। आरोप है कि चार सगे भाई संपत्ति हड़पना चाहते हैं। उसकी हत्या भी करा सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बैलगाड़ी से टकराई बाइक, दो युवक घायल

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई में ईद मिलकर लौट रहे युवकों की बाइक बैल गाड़ी से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गये। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव रिवाड़ा निवासी नईम व इमरान गुरुवार की शाम साढ़े पांच बजे गुन्नौर निवासी अपने रिश्तेदारों से ईद मिलकर बाइक से घर आ रहे थे। बदायूं मेरठ मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव सैजना मुस्लिम व जुनावई के बीच स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक सामने से आ रही बैल गाड़ी से टकरा गई। जिससे नईम व इमरान दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर नईम व इमरान को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सेवानिवृत्त प्रवक्ता केपी आर्य का निधन

बबराला, अमृत विचार : बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रवक्ता केपी आर्य (84वर्ष) का उपचार के दौरान अलीगढ़ में निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन पर संवेदना व्यक्त करने का उनके आवास पर शुभचिन्तकों और मित्रों का तांता लगा हुआ है। श्री आर्य गुरूवार सुबह नवरात्र पूजा पाठ में मगन थे तभी दिल का दौरा पड़ने से अचेत हो गये। परिजन तत्काल अलीगढ़ के निजी अस्पताल में ले गए जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह को राजघाट गंगाघाट पर होगा।

मंदिरों में सुबह से लगीं भक्तों की कतारें, परिवार की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

मां दुर्गा के स्वरूप चंद्रघंटा की विधि विधान से की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नवरात्र के तीसरे दिन भक्तों ने विधि विधान से मां दुर्गा के स्वरूप चंद्रघंटा की विधि विधान से पूजा अर्चना की और मनौती मांगी। दोपहर तक पूजा अर्चना का सिलसिला चला। माहौल भक्तिमय बना रहा। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

गुरुवार को सुबह से ही भक्तों ने मां दुर्गा के मंदिरों का रुख कर लिया था। मंदिरों में भक्तों की कतारें लग गईं। मुहल्ला हल्लू सराय के चामुंडा मंदिर में भक्तों ने विधि विधान से देवी मां की पूजा अर्चना शुरू की। देखते ही देखते यहां भक्तों की भीड़ बढ़ती गई। जयकारों और घंटों की आवाज से मंदिर गुंजायमान हो गया। चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली में भी बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। महिलाओं ने भजनों की प्रस्तुति देकर माता रानी का गुणगान किया। शाम को भी मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने महाआरती में हिस्सा लिया। मंदिरों पर भक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की मुस्तैदी दिखी। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, कैला देवी, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र के मंदिरों में भी तीसरे नवरात्र को विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में आरती में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- मंदिरों पर भक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की मुस्तैदी दिखी
- मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने महाआरती में हिस्सा लिया

देवी मां की आराधना की, उपवास भी रखा

चन्दौसी, अमृत विचार : गुरुवार को देवी भक्तों ने मां भगवती के तृतीय स्वरुप मां चंद्रघंटा की आराधना की और उपवास भी रखा। इस दौरान नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। गुरुवार को देवी भक्तों ने सुबह उठ कर स्नान आदि किया और विधि विधान से मां भगवती के तृतीय स्वरुप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। घर में हवन कर आहुतियां दीं। माता को भोग लगाया। साथ ही परिवार की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। शाम के समय सीता रोड स्थित श्रीशीतला माता नवदुर्गा मंदिर (बगिया वाली), रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धि दात्री नवदुर्गा मंदिर, मौलागढ़ स्थित श्री कंकाली देवी मंदिर, ब्रह्म बाजार स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरित करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

नवरात्र में महिलाओं ने बच्चों को बांटीं किताब व पेंसिल

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: जायंट्स ग्रुप जीवन धारा के तत्वाधान में नवरात्रि उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण की।

आकांक्षा वार्ष्णेय के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का आरंभ महिलाओं ने मां की पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद महिलाओं ने नवरात्र के स्वरूप में बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वितरण की। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर उमेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। आकांक्षा वार्ष्णेय ने कहा कि हम सब मिलकर देश के भविष्य इन बच्चों का सही मार्गदर्शन करें। इस दौरान कविता, शीतल आकांक्षा, क्षमा, रश्मि शर्मा, मीनू वार्ष्णेय, अंजू अग्रवाल, बंदना बिश्नोई, छाया, पायल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहीं।

हरियाणा में करंट से चन्दौसी के बिजली ठेका कर्मी की मौत

थाना कुढ़फतेहगढ़ के गांव काजीवाला का रहने वाला था युवक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार: हरियाणा प्रांत के झज्जर शहर में स्टार्टर ठीक करते समय चन्दौसी के थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव काजीवाला के ठेका लाइनमैन की करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई। देर रात पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव काजीवाला निवासी हेमंत यादव (38) पुत्र मेघराज सिंह यादव चार-पांच वर्ष से हरियाणा के झज्जर में ठेकेदार के साथ प्राइवेट तौर पर लाइनमैन का कार्य करता था। पत्नी रजनी अपने दो बेटों व दो बेटियों के साथ गांव काजीवाला में ही रहती है। परिजनों के मुताबिक बुधवार की रात करीब 10 बजे हेमंत कार्य करके अपने कमरे पर पहुंचा तो कमरे में स्टार्टर ठीक करने लगा। स्टार्टर ठीक करते समय करंट लगने से हेमंत की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पाकर परिजन रात में ही घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की देर रात जब शव गांव पहुंचा तो परिवार के अन्य लोग शव देख कर बिलख पड़े। गांव में मातम छा गया।

- बुधवार की रात अपने कमरे पर स्टार्टर ठीक करते समय हुई घटना
- हरियाणा के झज्जर में करता था ठेके पर लाइनमैन का कार्य

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

चन्दौसी, अमृत विचार : करंट लगने से ठेका लाइनमैन हेमंत यादव की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बुधवार की रात जब हेमंत की मौत की सूचना घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार की देर रात जब शव गांव पहुंचा तो पत्नी रजनी शव देख कर सुधबुध खो बैठी। परिजनों का रो-रोकर बुराहाल है। वहीं दुखी परिवार को ढांढस बंधाने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

खाना बना रही महिला चूल्हे पर गिरकर झुलसी, मौत

संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार: ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम रोजा इफ्तार के लिए खाना बना रही महिला चक्कर आने की वजह से चूल्हे में गिरकर बुरी तरह झुलस गई। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

गांव ऐचोड़ा कंबोह निवासी इसरार की पत्नी जाफरी 46 वर्ष बुधवार की शाम छह बजे रोजा इफ्तार के लिए मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही थी। चक्कर आने पर जाफरी जलते हुए चूल्हे के ऊपर गिरकर आग में गंभीर रुप से झुलस गई। परिजनों ने जाफरी को चूल्हे के ऊपर से उठाकर उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर जाफरी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने जाफरी को उपचार के लिए मेरठ निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां गुरुवार की दोपहर तीन बजे उपचार के दौरान जाफरी की मौत हो गई।

स्वीमिंग पूल में डूबा किशोर, हालत गंभीर

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर के सैंजना मुस्लिम गांव में ईद के दिन स्वीमिंग पूल पर नहाने के लिए युवाओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान नहाते समय एक किशोर स्वीमिंग पूल में डूब गया। किशोर को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। सैंजना मुस्लिम गांव में एक व्यक्ति ने स्वीमिंग पूल संचालित कर रखा है जिसमें पैसे लेकर युवाओं को नहाने व तैरने की सुविधा दी जाती है। गुरुवार को भकरौली गांव का रहने वाला 16 साल का अनस भी दोस्तों के साथ स्वीमिंग पूल पर गया था। अनस व उसके दोस्त नहा रहे थे तभी अनस पानी में डूब गया। किशोर को बाहर निकाला लेकिन वह बेहोश हो चुका था। गंभीर हालत देख डाक्टर ने किशोर को हायर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

गुमथल से माता पूर्णागिरि के दर्शन को रवाना होते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पूर्णागिरी माता के दर्शन को पहला जत्था रवाना

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र में थाना बनियाठेर के गांव गुमथल से गुरुवार को मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का बस में सवार पहला जत्था रवाना हुआ। बैंड बाजे के साथ देवी भक्त माता पूर्णागिरि के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने भक्तों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान माता के जयकारे गूंजते रहे। जत्थे में संदीप कुमार प्रजापति, अनिल दिवाकर, मोहनलाल प्रजापति, जगत सिंह अहेरिया, दीपू, देशराज प्रजापति, प्रभा देवी, पूजा मौर्य, रेनू देवी, जितेंद्र अहेरिया, शरद शर्मा, डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, खुशी दिवाकर, गुनगुन दिवाकर आदि शामिल रहे।

टेंपो पलटने से चालक सहित चार लोग घायल

चन्दौसी, अमत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया के पास टेंपो पलने से चालक सहित चार लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया है।थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी फिरोज पुत्र अबरार, सद्दाम पुत्र भूरा, नईम पुत्र बदलू व तस्कीन पुत्र तशरीफ खां निवासी नवादा टेंपो में सवार होकर सुबह 9 :00 बजे थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव जनेटा ईद मिलने जा रहे थे। टेंपो फिरोज चला रहा था। जब टेंपो बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया के पास पहुंच पहुंचा तो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में चालक सहित चारों लोग घायल हो गए।

बैंड-बाजे के साथ निकली अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की ओर से गुरुवार की शाम श्री अक्रूरजी महाराज की जयंती पर बैंड-बाजे के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्री अक्रूरजी महाराज की झांकी व डांडिया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में भारी संख्या में समाज की महिलाएं सिर पर पगड़ी पहनकर पहुंची।

गुरुवार को श्री अक्रूरजी महाराज की जयंती पर कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला के निकट स्थित अक्रूरजी मंदिर से शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा का आरंभ नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व बहजोई पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने अक्रूरजी महाराज के मुख्य रथ की आरती करके किया। शोभायात्रा में सबसे आगे अक्रूरजी महाराज स्वरुप की झांकी शोभा बढ़ा रही थी। इसके पीछे युवकों की टोली डांडिया खेलती हुई चल रही थी। शोभायात्रा में शामिल लोगों पर इत्र छिड़का जा रहा था। शोभायात्रा में श्रीकृष्ण व बलराम के स्वरूप में सजे कलाकार रथ पर सवार थे। वहीं राधाकृष्ण की झांकी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। अंत में श्री अक्रूरजी महाराज की झांकी वाला रथ चल रहा था। जिसमें उनकी प्रतिमा शोभायमान थी। रथ को समाज के युवक हाथों से खींच रहे थे और प्रसाद वितरित किया जा रहा था।

कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला से आरंभ हुई शोभायात्रा ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी होते हुए पुनः बारहसैनी धर्मशाला पर पहुंच संपन्न हुई।

शोभायात्रा का जगह-जगह जलपान से स्वागत किया गया। इस दौरान फूलप्रकाश वार्ष्णेय, कौशल किशोर, भुवनेश वार्ष्णेय, नीरज चौधरी, हरिगोपाल वार्ष्णेय, अनुज वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, रतन कुमार वार्ष्णेय, सचिन वार्ष्णेय, प्रवीन वार्ष्णेय, लकी वार्ष्णेय, हनी चंद्रा आदि मौजूद रहे।

चन्दौसी में अक्रूरजी महाराज के मुख्य रथ के आगे खड़े लोग। ● अमृत विचार

शोभायात्रा में शामिल वार्ष्णेय समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

- शोभायात्रा में झाकियां व डांडिया नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

धूमधाम से मनाई अक्रूर जी महाराज की जयंती

बहजोई, अमृत विचार: श्री वार्ष्णेय सभा के तत्वाधान में वार्ष्णेय समाज के कुल प्रवर्तक श्रीअक्रूर जी महाराज का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर लोगों ने उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

वार्ष्णेय इंटर कालेज के निकट अक्रूर जी चौक पर पहुंचे पदाधिकारी ने अक्रूर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया। लव मोहन वार्ष्णेय ने कहा कि अक्रूर जी महाराज वार्ष्णेय समाज के कुल प्रवर्तक थे। उन्होंने हमेशा ही समाज को नई दिशा देने का काम किया। चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने कहा कि हमें समाज को एकजुट रखने के लिए कार्य करना चाहिए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान यश वर्धन वोडाफोन, चेयरमैन,आयुष कुमार कुक्कू एडवोकेट, भास्कर नारायण चिंटू, सुमित कुमार डीआर, उमंग गुप्ता, प्रवीन कुमार पीके, आशीष बजाज आदि रहे।

अक्रूरजी महाराज की जयंती मनाते मानव कल्याण समिति के सदस्य।

धूमधाम से मनाई अक्रूरजी महाराज की जयंती

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय मानव कल्याण समिति ने विनायक मार्ग स्थित समिति कार्यालय पर श्री अक्रूरजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई। सर्वप्रथम श्री अक्रूरजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य वक्ता राम किशोर वार्ष्णेय ने कहा कि मथुरा और वृन्दावन के बीच में ब्रह्महृद नामक स्थान पर जब अक्रूरजी नदी में स्नान के लिए रुके तो नदी में डुबकी लगाते वक्त उन्हें श्रीकृष्ण के दिव्य दर्शन हुए। वह घबराकर बाहर निकले तो उन्होंने तट के किनारे श्रीकृष्ण को मुस्कुराते हुए देखा। वे कुछ समझ नहीं पाए और फिर से उन्होंने जल में डुबकी लगाई तो श्रीकृष्ण बलराम के साथ बैठे हुए नजर आए। बाद में अक्रूरजी समझ गए कि मैं जिस बालक की रक्षा की चिंता कर रहा हूं। वह तो जगत की रक्षा करने वाले श्रीहरि विष्णु हैं। मुख्य अतिथि कौशल किशोर वंदेमातरम् ने कहा कि कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अक्रूरजी को हस्तिनापुर भेजा था। समिति प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि अक्रूरजी कंस के पिता उग्रसेन के दरबार में एक दरबारी के रूप में कार्य करते थे। जब कंस ने उग्रसेन को बंदी बना लिया तो अक्रूरजी की शक्तियां कमजोर हो गई। लेकिन अक्रूरजी वहां से भागे नहीं और उन्होंने गुप्त रूप से उग्रसेन के समर्थकों को एकजुट बनाए रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्र गुप्ता ने तथा संचालन जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर मुकेश कुमार वार्ष्णेय, सुशील भोलेनाथ, विपिन बाबू वार्ष्णेय, हरीश कठैरिया, बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी, शशांक वार्ष्णेय, मधु कुमार वार्ष्णेय, ओमप्रकाश गुप्ता, रतन कुमार वार्ष्णेय, ललित वार्ष्णेय, लोकेश मौर्य, देवेंद्र गुप्ता, मुनीश बाबू, सौरभ आदि उपस्थित रहे।

गेहूं की फसल में लगाई आग

ओबरी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के मछायली निवासी मुजाहिद ने चार बीघा गेंहू काटकर निकलवाने के लिए ढेर लगवा दिए, लेकिन दोपहर के समय गेंहू के ढेर में आग लग गई। सूचना मिलते ही मुजाहिद भी मौके पर पहुंच गया। मौके से चार लोग भागते देखे गए। दो लोग फरार हो गए जबकि दो लोगों को खेत स्वामी ने पकड़ लिया। लेकिन ग्रामीणों ने यह कहकर छुड़वा दिया कि भीड़ काफी है। पुलिस को खेत स्वामी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गाली गलौज व मारपीट करते तीन लोग गिरफ्तार

सिरसी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला चौधरियान में गुरुवार को रास्ते में खड़े होने को लेकर इरशाद के साथ सगे भाई असगर और दिलशाद गाली गलौज करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों आपस में मारपीट करने लगे। पुलिस ने इरशाद, असगर व दिलशाद को हिरासत में ले लिया।

रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर नापजोख करती टीम।

ओवरब्रिज निर्माण को लेकर दुकानों पर लगा रहे निशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: मंडी समिति रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। गुरुवार को नगर पालिका के जेई व क्षेत्र के लेखपाल ने रेलवे फाटक के दोनों ओर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर दुकानों पर निशान लगाए।

चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले मंत्री गुलाब देवी ने मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर बनने वाले ओवरब्रिज का विधि विधान व पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास किया था। एक सप्ताह से नगर पालिका के जेई व लेखपाल अपनी-अपनी टीमों के साथ रेलवे फाटक के दोनों ओर सड़क से 50 फिट दोनों तरफ खाली जगह छोड़ने को लेकर दुकानों पर निशान लगाए जा रहे हैं। वहीं विद्युत विभाग व वन विभाग को भी निर्देश दिए जा चुके हैं, वह भी शीघ्र विद्युत लाइन को शिफ्ट करा लें तथा वन विभाग पेड़ों का कटान समय से करा दे।

- सड़क के बीच से दोनों ओर 50-50 फिट तक जगह छोड़ी जाएगी

तैयारी | बिना अनुमति जुलूस पर रहेगी पाबंदी, खाने पीने की वस्तुओं पर भी रहेगी नजर

आज से दाखिल होंगे नामांकन, कड़े सुरक्षा इंतजाम

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: आज से संभल लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में सभी नामांकन प्रक्रिया होगी। जिसके लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पुलिस बल तैनात किया गया है।

कलेक्ट्रेट पर आज शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरु होने के मद्देनजर गुरुवार को पूरा दिन तैयारी का दौर चलता रहा।

जहां कर्मचारी बैरिकेडिंग से पूरी और कलेक्ट्रेट को कवर कर रहे थे तो वहीं नामांकन प्रक्रिया को लेकर जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में छुट्टी के दिन भी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा था। निर्वाचन आयोग के नियमों का पालन करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कलेक्ट्रेट के निकट बड़ा मैदान की ओर से प्रत्याशियों को आने की व्यवस्था रखी गई है। आचार संहिता का उल्लंघन न हो इसके लिए वीडियोग्राफी से लेकर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पूरी जांच के बाद ही नामांकन स्थल तक जाने दिया जाएगा।

नामांकन स्थल में प्रवेश के लिए बड़ा मैदान पर की गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार

सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

बहजोई, अमृत विचार : सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खड़े इंतजाम किए गए हैं जहां सीओ चंदौसी डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह को बड़ा मैदान के बाहर ही भारी पुलिस बल के साथ तैनात किया गया है। यहां पर चंदौसी मार्ग पर एचडी रिजॉर्ट पर पार्किंग स्थल बनाया गया है तो वहीं संभल मार्ग पर मिलन विहार कॉलोनी में पार्किंग स्थल बनाया गया है। बड़ा मैदान पर केवल प्रत्याशी के साथ तीन वाहन ही आ सकेंगे। कलेक्ट्रेट के अंदर की सुरक्षा व्यवस्था को बहजोई दीपक कुमार तिवारी के हाथ रहेगी पूरी सुरक्षा व्यवस्था की नोडल एएसपी अनुकृति शर्मा रहेगी।

पार्टी प्रत्याशी को एक तो निर्दलीय प्रत्याशी के रहेंगे 10 प्रस्तावक

बहजोई, अमृत विचार : एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि सभी नामांकन प्रक्रिया जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय पर होगी सभी प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र निशुल्क दिया जाएगा। पार्टी प्रत्याशी के लिए एक प्रस्तावक होगा तो निर्दलीय प्रत्याशी के लिए 10 प्रस्तावक देने होंगे। सभी प्रत्याशियों के लिए 25,000 की जमानत राशि का प्रावधान रखा गया है। वहीं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए इसमें 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। शपथ पत्र में अपना आपराधिक इतिहास, संपत्ति के विवरण सहित जानकारी देनी होगी।

महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर

संभल/कैला देवी। संभल के कैला देवी थाना क्षेत्र में बाइक और बैलगाड़ी की टक्कर में बैलगाड़ी पर सवार महिला व बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार को लखनपुर गांव निवासी महिला भागवती पत्नी नेकसे खेत से काम करके स्वयं बैलगाड़ी चलाकर वापस लौट रही थी।

Name Change

I, Asif Ali S/O Sabir Husain R/o Said Nagli, Amroha, Uttar Pradesh-244242, have changed the name of my minor daughter Alisha aged 07 Years and she shall hereafter be known as Alisha Parveen.

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

पारदर्शी चुनावी वित्त पोषण

केंद्र की चुनावी बांड योजना पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत चुनावी बांड के विवरण का खुलासा करने से इनकार कर दिया है। अजीब बात है कि एसबीआई ने उस जानकारी को देने से इनकार किया है जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पहले से मौजूद है। दूसरी ओर पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया है कि जब टुकड़ों में बात सामने आ रही है तो पता चल रहा है कि किस तरह अनेक कंपनियों से, व्यापक रूप से काला धन जमा करने के लिए इस योजना का दुरुपयोग किया गया। गौरतलब है चुनावी बांड की योजना तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा केंद्रीय बजट 2017-18 के दौरान वित्त विधेयक, 2017 में पेश की गई थी। उन्होंने राजनीतिक फंडिंग के उद्देश्य से बैंकों द्वारा चुनावी बांड जारी करने की सुविधा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अधिनियम में संशोधन करने का भी प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग ने 2 जनवरी 2018 को राजपत्र में चुनावी बांड योजना 2018 को अधिसूचित किया। इसके बाद कांग्रेस ने 2019 के आम चुनावों से पहले घोषणा की कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो बांड को खत्म कर देगी। 15 फरवरी 2024 को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बांड योजना, साथ ही जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में संशोधन को रद कर दिया। एसबीआई को 6 मार्च तक दानदाताओं और प्राप्तकर्ताओं का विवरण भारत के चुनाव आयोग को सौंपने के लिए कहा गया था और चुनाव आयोग को 13 मार्च तक इन्हें ऑनलाइन प्रकाशित करना था। हालांकि, एसबीआई विवरण प्रस्तुत करने में विफल रहा। 6 मार्च, और अधिक समय मांगने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया।

अदालत ने इस अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके बाद विवरण चुनाव आयोग को सौंप दिया गया और उनकी वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। आरटीआई कार्यकर्ता कमोडोर (सेवानिवृत्त) लोकेश बत्रा ने 13 मार्च को एसबीआई से चुनावी बांड का डेटा मांगा। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दी गई छूट से संबंधित दो धाराओं का हवाला देते हुए जानकारी उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया। जवाब में कहा है कि मांगी गई जानकारी में खरीदारों और राजनीतिक दलों का विवरण शामिल है। इसलिए इस जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता, क्योंकि ये विश्वसनीयता का सवाल है। जानकारों के मुताबिक ऐसे में जब देश में राजनीतिक व्यवस्था आम चुनाव के प्रचार में व्यस्त है, चुनावी बांड योजना का आकलन करना मतदाताओं पर निर्भर है। क्योंकि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनावी वित्तपोषण का पारदर्शी होना जरूरी है।

विश्व में एक समान हो पर्यावरणीय कानून

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 14 व 21 का दायरा बढ़ाकर स्वच्छ वातावरण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को भी शामिल किया गया है, जो की पूरी तरह से इको साइड को लेकर चल रहे प्रयासों को अपना समर्थन अप्रत्यक्ष रूप से दे रहा है। अतः अब भारत को भी इको साइड को लेकर कुछ प्रयास करना चाहिए। तभी हम प्रकृति के अधिकारों की रक्षा के साथ पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-21 को लेकर कहा कि यह पृथ्वी पर जीवन के अधिकार की रक्षा करता है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वायु, जल, मृदा प्रदूषण से है। इसी तरह अनुच्छेद-14 में समानता का अधिकार शामिल है।

हालांकि सरकारों द्वारा समय-समय पर पर्यावरण व पारिस्थिकी को संरक्षित करने के लिए एक दर्जन से ज्यादा नियम, नीति व कानून बनाए गए हैं, लेकिन अभी भी समुच्चय रूप से एक ऐसे कानून की जरूरत है, जो प्रकृति के नियमों के अनुसार धरती पर जीवन की रक्षा कर सके। यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में दखल देना पड़ा, क्योंकि हवा, पानी और भोजन की आवश्यकता प्रत्येक जीवधारी को है। पृथ्वी को विभाजित देशों की सीमाओं ने किया है। नहीं तो पृथ्वी में सबके लिए सभी वस्तुओं का बराबर-बराबर अनुपात निश्चित है। वैसे तो विश्व में पर्यावरणीय कानून देश, काल, जलवायु और परिस्थिति के अनुसार होने चाहिए, लेकिन पृथ्वी पर अगर कहीं भी किसी स्थान पर प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उसका प्रभाव पूरे ब्रह्मांड पर पड़ता है। अतः प्राकृतिक नियमों के साथ सामंजस्य बनाए रखने के लिए एक समान पर्यावरणीय नियमों का पालन आवश्यक होगा।

विश्व में तमाम तरह के प्रयास जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए अपने-अपने स्तर पर किए जा रहे हैं। जैसा कि वैज्ञानिकों द्वारा हाल ही में क्लाउड ब्राइटनिंग तकनीकी का प्रयोग किया था। क्लाउड ब्राइटनिंग सोलर एनर्जी को वापस अंतरिक्ष में भेजने के कई तरीकों में से एक है। इस तरह की तकनीक को सोलर रेडिएशन मोडिफिकेशन, सोलर जियो इंजीनियरिंग और

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है।

क्लाइमेट इंटरवेंशन भी कहा जाता है। इसके अलावा भारत सरकार के प्रयास से ही अंतर्राष्ट्रीय सोलर अलायंस का भी गठन किया गया है जिसके माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। यही वजह है कि जी -20 सम्मलेन में भारत की तरफ से थीम भी 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' थी, जो कि इस बात को स्पष्ट करती है कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए एक कानून लागू किया जाए।

इसके अलावा पीएम मोदी ने 'ग्रीन क्रेडिट' कहे जाने वाले अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर बढ़ने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने जी-20 देशों से सकारात्मक पर्यावरणीय प्रयासों को बढ़ावा देने और रचनात्मक पहल को प्रोत्साहित करने के लिए 'ग्रीन क्रेडिट पहल' पर काम शुरू करने का आग्रह किया। भारत ने अपने पर्यावरणीय कार्यों के लिए व्यक्तियों, निजी क्षेत्रों, लघु उद्योगों, सहकारी समितियों, वानिकी उद्यमों और किसान-उत्पादन संगठनों द्वारा किए गए स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के वास्ते 'ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम' तैयार किया है। इसके अलावा देश के केंद्रीय बैंक की एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि भारत अपने विभिन्न उद्योगों को जलवायु परिवर्तन मानदंडों के अनुरूप ढालने के लिए 2030 तक अनुमानित 85.6 ट्रिलियन रुपये (1.05 ट्रिलियन डॉलर) खर्च करेगा और यही खर्च अगर सामूहिक रूप से सभी देशों द्वारा किया जाए तो शायद हम पर्यावरण के नुकसान की भरपाई जल्दी कर पाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ एक बहुप्रचारित, लेकिन कम स्पष्ट अधिकार को संविधान में एक विशिष्ट मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है।

यह स्पष्ट होना अभी बाकी है कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लोगों का अधिकार है। ऐसा शायद इसलिए है, क्योंकि यह अधिकार और स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन से होने वाली तबाही साल-दर-साल बढ़ती जा रही है, इसे एक अलग अधिकार के रूप में व्यक्त करना आवश्यक हो जाता है। इसे अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और 21 (जीवन का अधिकार) द्वारा मान्यता प्राप्त है। अदालत ने जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य के अधिकार, स्वदेशी अधिकार, लैंगिक समानता और विकास के अधिकार सहित विभिन्न मानवाधिकारों के बीच अंतर्संबंध पर भी प्रकाश डाला। फैसले में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से सुरक्षित स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार एक 'मौलिक मानव अधिकार' है। 'स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार का उल्लंघन कई अधिकार क्षेत्रों में हो सकता है जिसमें जीवन का अधिकार, व्यक्तिगत अखंडता, स्वास्थ्य, पानी और आवास के साथ-साथ सूचना, अभिव्यक्ति, संघ और भागीदारी जैसे प्रक्रियात्मक अधिकार शामिल हैं। अदालत ने जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को रोकने में सौर ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

पूरा ब्रह्मांड सहअस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित है। इसीलिए यह जीवंत है। अवलोकनों से पता चलता है कि ब्रह्मांड का विस्तार हो रहा है एवं विकास जीव जंतुओं की एक अंतर्निहित विशेषता है। इसी तरह 1927 में विकसित बिग बैंग सिद्धांत भी जीवन निर्माण के लिए यह वैज्ञानिक व्याख्या करता है। इसके अलावा कॉसमॉस का अर्थ "ब्रह्मांड" होता है, लेकिन इस शब्द का प्रयोग आम तौर पर एक व्यवस्थित या सामंजस्यपूर्ण ब्रह्मांड से है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। पर्यावरण कानून का उल्लंघन सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को कमजोर करता है। अनुमान है कि पृथ्वी पर अब तक रहने वाली सभी प्रजातियों में से 99 प्रतिशत से अधिक, यानी पांच अरब से अधिक प्रजातियां, विलुप्त हो गई हैं। हर दिन 150 प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं। प्रति घंटे लगभग तीन प्रजातियां लुप्त हो रही हैं जिसके परिणाम स्वरूप एक ही दिन में 72 प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं। प्रकृति संकट में है और यह और भी बदतर होती जा रही है। चूंकि प्रजातियां के लुप्त होने की दर 10 मिलियन वर्षों में नहीं देखी हैं। 1 मिलियन से अधिक प्रजातियां वर्तमान में कगार पर हैं। यूके स्थित यूटिलिटी बिडर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 30 वर्षों में 668,400 हेक्टेयर वन क्षेत्र खोने के बाद भारत वनों की कटाई की दर में दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण, कचरे का खराब प्रबंधन, पानी की बढ़ती कमी, भूजल स्तर में गिरावट, जल प्रदूषण, जंगलों का संरक्षण और गुणवत्ता, जैव विविधता की हानि और भूमि/मिट्टी का क्षरण कुछ प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दे हैं जिनका भारत आज सामना कर रहा है।

यही सब कारण है कि दस देशों ने शांतिकाल के दौरान अपनी सीमाओं के भीतर पारिस्थितिकी हत्या को एक अपराध के रूप में संहिताबद्ध किया है, जिन देशों ने पर्यावरण हत्या को अपराध घोषित किया है उनमें वियतनाम, यूक्रेन और रूस शामिल हैं। भारत ने कुछ निर्णयों में प्रकृति के कानूनी व्यक्तित्व को मान्यता दी है। कुछ भारतीय निर्णयों में 'पारिस्थितिकी हत्या' शब्द का उपयोग किया गया है, लेकिन यह कानून में पूरी तरह से लागू नहीं हुआ है। भारत के विधायी ढांचे में विभिन्न पर्यावरण कानून शामिल हैं, जिन्हें समेकन और सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण कानून भी इसी बात की वकालत करता है कि पर्यावरणीय स्थिरता जीवन के लिए एक आधार है और बढ़ते पर्यावरणीय दबावों की तुलना में इसके उद्देश्यों की पूर्ण प्राप्ति और भी जरूरी हो गई है। अतः विश्व में एक पर्यावरणीय कानून, सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के सभी आयामों की उपलब्धि को मजबूती प्रदान करेगा।

प्रसंगवश

देश का मन होती है माइथोलॉजी

यह मुग्ध भाव की बात है कि मनोविज्ञान वाला अपने बाड़े में रहे और मानव विज्ञान वाला अपने खूंटे से बंधा रहे। इतिहास वाला इतिहास की बात करे और समाजशास्त्र वाला कहे कि मैं मानव विज्ञान की बात क्यों करूं, वह तो आउट ऑफ कोर्स है। हमें मनुष्य का अध्ययन करना है, इन परिधियों को लांघना है। आपको किसी पेपर की तैयारी करनी है कि किसी परीक्षक से आतंकित हो रहे हैं? माइथोलॉजी किसी भी देश का मन होती है। क्या सचमुच हम भारत के मन को जानना चाहते हैं? या हमने मान लिया है कि हम सब जानते ही हैं? माइथोलॉजी को जानने की जरूरत ही क्या है?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विश्व के लोकवार्ताशास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, आपको रुचि हो-लिन्क्ड-इन, पर जाकर माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मैसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथकशास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। लिन्क्ड-इन पर माइथोलॉजी-ग्रुप- डिस्कशन में एक दिन सवाल उठा-क्या मृत्यु को जीता जा सकता है? मृत्युंजय की अवधारणा, अजर-अमर की अवधारणा, अमृत, शुक्राचार्य की मृतसंजीवनी-विद्या की परिकल्पना भविष्य के वैज्ञानिक-मानस के लिए एक संभावना भी है चुनौती भी। सन् 1966 में सौंख (मथुरा के पास) में जर्मनी के पुरातत्वविदों ने एक टीले की खुदाई की, सभ्यताओं की दो परतें थीं- एक के नीचे दूसरी। इसी तरह मिथक समष्टि मानस की स्मृतियों के टीले की तरह है जिनमें युगयुगीन-स्मृतियों की विभिन्न परतें सो रही हैं।

मनुष्य और उसके मन को जानने के लिए यह कितनी विशाल सामग्री अनुसंधान की प्रतीक्षा कर रही है। हम मनुष्य की महिमा से परिचित हैं तो यह बात स्पष्ट है कि मिथक की रचना भी लोकमन ने ही की है और आज भी उसे कहता-सुनता है। मिथक के द्वारा क्या हम मनुष्य के मन को जान सकते हैं? साइकोलॉजी की साइकी ग्रीक-मिथक नहीं है? वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोक जीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। मिथक को हम क्यों केवल धार्मिक दृष्टिकोण से देखते हैं?

ब्रिक्स मुद्रा की अड़चनें

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं।

डॉलर और सोने के बीच एक उल्टा अनुपात काम करता है। दुनिया में इन दोनों चीजों को सबसे ज्यादा भरोसेमंद संपदा समझा जाता है। वित्तीय संस्थाएं और अमीर लोग अपनी संपत्ति सबसे ज्यादा इन्हीं दोनों शक्लों में जोड़ते हैं और सोने की कीमतों में अक्सर यह रुझान दिखता है कि डॉलर पर कोई झटका आए तो वे मजबूत होती हैं। पिछले दो साल में खासकर इधर के छह महीनों में सोने की कीमतों का तेजी से बढ़ना समझ में आता है। दुनिया में दो लड़ाइयां चल रही हैं जिनके कभी भी भड़क कर बड़े दायरे में फैल जाने का डर बना हुआ है। विश्व अर्थव्यवस्था में जब भी डर बढ़ता है, सोने की खरीद बढ़ जाती है। फिर भी महीने भर के अंदर सोने का 60 हजार रुपया प्रति तोले से सीधा 20 फीसदी चढ़कर 72 हजार रुपया तोले पर पहुंच जाना समझ से परे है।

कोई ज्यादा बड़ी हलचल सतह के नीचे चल रही है, जिस पर पर्याप्त खबरें नहीं आ रही हैं। अलबत्ता अमेरिकी वित्त सचिव जैनेट येलन का बिना किसी गर्जन-तर्जन के चार दिन चीन में जाकर बैठ जाना ऐसे कुछ संकेत जरूर दे रहा है। इधर एक आंकड़ा चर्चा में है कि ब्रिक्स देशों के सरकारी खजाने में 2008 की मंदी के समय 1500 टन सोना था, जो अभी 6600 टन के आसपास पहुंच गया है। ध्यान रहे यह आंकड़ा इस साल की शुरुआत में ब्रिक्स में आए पांच नए देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, इजिप्ट और इथियोपिया को जोड़कर नहीं निकाला गया है।

पांचों पुराने ब्रिक्स देशों भारत, चीन, रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका का ही यह आंकड़ा है और 238 टन सोना तो चीन ने सरकारी इस्तेमाल के लिए अभी जनवरी 2024 के सिर्फ एक महीने में खरीदा है। ब्रिक्स के खजाने में सोना बढ़ने की वजह यह बताई जा रही है कि अपने भीतरी कारोबार में डॉलर का इस्तेमाल अब वे बिल्कुल ही बंद कर देंगे। व्यापार में किसी का किसी पर कुछ निकलेगा तो ब्रिक्स मुद्रा न सही, सोने में भरपाई हो जाने का भरोसा रहेगा।

यह सही है कि ब्रिक्स की समानांतर मुद्रा खड़ी करके डॉलर को सीधी टक्कर देने की बात अभी सिर्फ रूसी कर रहे हैं। नाटो, जी-7 और यूरोपियन यूनियन के साथ वे आमने-सामने की लड़ाई जैसी हालत में हैं। दो साल से उनकी आर्थिक नाकेबंदी चल रही है। व्यापार की अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था से रूस का संपर्क तोड़ा जा चुका है। अमीर मुल्कों में पड़ी सैकड़ों अरब डॉलर की रूसी संपदा और निवेश जब्त किया जा चुका है। ऐसे में इतने ठोस व्यापारिक मामले में भी उनका युद्ध की भाषा बोलना बनता है, लेकिन बाकी ब्रिक्स देश ऐसे किसी अतिरेक से बचना चाहते हैं। कुछ तो इसलिए दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था से पंगा लेने में कोई समझदारी नहीं है और कुछ इसलिए भी क्योंकि उनकी राष्ट्रीय संपदा का दस से बीस प्रतिशत हिस्सा डॉलरों या अमेरिकी बॉन्डों की शक्ल में ही है। उनकी किसी हरकत से डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी बहुतायत हो जाने के कारण अचानक कमजोर होता है तो यह अपनी रकम अपने हाथ से जला देने जैसा होगा, लेकिन एक बात तय है कि इस तरह की एक प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिसके नतीजे देर-सबेर आने ही आने हैं।

ब्रिक्स के अलावा कई और देश भी अभी गैर-डॉलर कारोबार में जाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन (स्विफ्ट) देशों के आर-पार मुद्रा की आवाजाही की एक अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली है। इसका नियंत्रण अमेरिका के हाथ में है, लेकिन इसका इस्तेमाल उसे दंड के औजार या दबदबे के हथियार के रूप में नहीं करना चाहिए था। यह काम 1914 में रूस के खिलाफ बराक ओबामा ने किया। फिर डॉनल्ड ट्रंप ने इसे चीन के खिलाफ आजमाने की धमकी दी और अभी जोसफ बाइडन ने रूस को इससे बाहर ही कर दिया। इसके जवाब रूसियों ने एसपीएफएस और चीनियों ने सीआईपीएस के रूप में खोजा जिसका इस्तेमाल कई देशों से व्यापार में हो रहा है। स्विफ्ट का विकल्प खड़ा करने के लिए ऐसे ढांचों को जोड़ना काफी है। रही बात ब्रिक्स मुद्रा की तो इसका रास्ता उतना आसान नहीं है।

ब्रिक्स की अध्यक्षता अभी रूस के पास है और उसका प्रस्ताव बिटकॉइन आदि जैसी ब्रिक्स की एक डिजिटल मुद्रा लांच करने का है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि ब्रिक्स के अपने भीतरी तनाव भी हैं। चीन के स्वाभाविक प्रभुत्व वाले इस खेमे का अभिन्न अंग बनकर रहना भारत के लिए संभव नहीं है, न ही ईरान से नजदीकी बनाए रखना सऊदी अरब और यूएई के लिए बहुत आसान होने वाला है। फिर भी मामला यह है कि ब्रिक्स का, और उसके पीछे दुनिया के कई देशों का एक अलग वित्तीय ढांचा समय की मांग है। डॉलर के इर्दगिर्द घूम रही विश्व वित्तीय व्यवस्था हकीकत में एक छलावा है और कभी न कभी इसे ध्वस्त होना ही है।

सोशल फोरम

छिपकली और चूहे

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा, बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा।

एक कहावत है "नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।" अब बिल्ली हज को जा सकती है या नहीं। या उसके लिए भी कहीं उसके देश विशेष के धर्म के आधार पर प्रवेश वर्जित तो नहीं। ये जानकारी मुझे नहीं। इसके लिए तो किसी मौलवी से फतवा लेना होगा।

चूंकि मुस्लिमों में नियम कानून बहुत सख्त हैं तो ये प्रश्न खड़ा हो गया, लेकिन अपने देसी धर्मों में इतने कठोर नियम कानून नहीं। बड़े लचीले धर्म हैं हमारे। यहां नौ सौ क्या हजारों कीड़े खाकर भी एक छिपकली ऊपर वाले की तस्वीर के पीछे आराम फरमा सकती है। इससे यहां किसी को कोई कष्ट नहीं। यहां ये बड़ी सामान्य सी बात है। अपने देश मे छिपकली से प्रेरणा लेने वाले बहुत से बड़े-बड़े छिपकले भी हैं। राम लला हम आएंगे वाला स्लोगन तो आपने सुना ही होगा।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

यहां किसी को भी राम जी से तकलीफ नहीं। इस देश में रामजी सबके हैं और सब रामजी के। यहां तकलीफ उनके पीछे छिपने वाले लोगों से है। उनके नाम को भुनाने वालों से है। बात चूहे से शुरू हुई और देश और ऊपर वाले तक पहुंच गई। आप कह सकते हैं कि भला ये क्या बेतुकी बात हुई। भाई इतनी बड़ी भूमिका मुझे इसलिए बांधनी पड़ी की आप केवल ऊपर वाले के पीछे छिपने वाले छिपकलों पर ही ध्यान न दें, बल्कि देश कुतरने वाले चूहों से भी सावधान रहें। आज इनकी संख्या बेशुमार बढ़ चुकी है।

धार्मिकता की आड़ में ये चूहे देश कुतरने में लगे हैं। इस महामारी का इलाज जरूरी है। ये इलाज कोई ऊपर वाला नहीं करेगा, बल्कि आपको हमको सबको मिलकर इनका इलाज ढूंढना होगा। **-फेसबुक वॉल से**

सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे आंबेडकर

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

आंबेडकर भारतीय संविधान निर्माता और कानून के ज्ञाता होने के साथ-साथ एक पक्के राष्ट्रवादी थे। इतिहासकार दुर्गादास ने अपनी पुस्तक ''इंडिया फ्रॉम कर्जन टु नेहरू एंड आफ्टर" में पृष्ठ 236 पर लिखा भी है ''ही वाज नेशनलिस्ट टु द कोर।" आंबेडकर कहते हैं, मैं चाहता हूं कि भारत के सभी लोग सपने जैसी सभी बातों से ऊपर उठकर अपने आपको भारतीय और केवल भारतीय ही समझें। यदि किसी कारण से ऐसा नहीं हो पता है तो हम यह सबसे बड़ा पाप कर बैठेंगे और मैं हमेशा अपने सामर्थ्य के साथ इसका विरोध करता रहूंगा।

ये विचार उनकी राष्ट्रवाद की भावना को दर्शाते हैं जिसमें जाति और धर्म के बावजूद व्यक्तियों के बीच कोई भेद नहीं है। हम सबके बीच सद्भाव है। इसलिए हमारा देश अनेकता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यही कारण है कि संविधान की प्रस्तावना नागरिकों के बीच समानता और बंधुत्व पर बल देती है। कोई भी राष्ट्र अपनी परंपराओं, संस्कृतियों, धर्मों और भाषाओं के एक साथ आने से बनता है। इसलिए राष्ट्रवाद में संकीर्णता के लिए कोई स्थान नहीं है। आंबेडकर ने भी भारत के बारे में इस दृष्टि को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझाया। उन्होंने भूमि, उसके समाज और राष्ट्र निर्माण की सर्वोत्तम परंपराओं को महत्व देते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र कोई भौतिक इकाई नहीं है। यह निरंतर प्रयासों, बलिदान और देशभक्ति का परिणाम है। उन्होंने राष्ट्रीयता को "दयालु चेतना, रिश्तेदारी के उस बंधन के अस्तित्व के बारे में जागरूकता" के रूप में वर्णित किया, क्योंकि इसी तरह लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं और बंधुत्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे चाहते हैं कि भारत के सभी लोग स्वयं को भारतीय माने। आंबेडकर ने सन् 1940 में देश के विभाजन की स्थिति में हिंदू एवं मुस्लिम जनसंख्या के पूर्ण स्थानांतरण की बात की थी। उन्होंने यह बात अपनी पुस्तक ''पाकिस्तान ऑर द पार्टिशन ऑफ इंडिया" में लिखी है। आंबेडकर ने बड़े स्पष्ट शब्दों में दलित समाज से कहा था कि जिन्ना को इसलिए अपना मत समझो कि वह हिन्दू विरोधी हैं। जब जरूरत होती है तब दलितों को हिन्दुओं से अलग मान लेते हैं और जब जरूरत नहीं तो उन्हें हिन्दुओं के साथ मान लेते हैं। मत समझो कि वे तुम्हारे मित्र हैं। उन पर विश्वास मत करो। आंबेडकर ने पाकिस्तान में छूट गए दलितों से कहा था, जैसे भी हो सके भारत आ जाओ। वह समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे और कश्मीर के मामले में धारा 370 का विरोध करते थे। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया जो देश की अखंडता एवं एकता को आज भी सुरक्षित किए हुए है। नागरिकों के हितों की सुरक्षा हेतु संविधान में मूल आधारों की व्यवस्था की। अर्थशास्त्र के शोध छात्र के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व वित्त आयोग का प्रारूप दिया।

निर्वाचन आयोग, योजना आयोग, वित्त आयोग, महिला पुरुष के लिए समान नागरिक हिन्दू संहिता, राज्य पुनर्गठन, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकार, मानवाधिकार, निर्वाचन आयुक्त और सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं विदेश नीति बनाई। डॉ.आंबेडकर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाने के लिए काम किया। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि औद्योगीकरण देश के बेहतर विकास के लिए जिम्मेदार है। उनके अनुसार औद्योगीकरण बड़े पैमाने पर नौकरियां पैदा करता है, जो पूंजीगत वस्तुओं के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं का निर्माण करता है, जो बड़े पैमाने पर उपभोग के लिए आवश्यक है, विदेशी मुद्रा बचाते हैं, कच्चे माल का तर्कसंगत उपयोग करते हैं और देश का व्यापक विकास करते हैं। उन्होंने माना कि सामाजिक उत्थान के लिए आर्थिक सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। उन्होंने आर्थिक विकास के लिए एक दृष्टिकोण व्यक्त किया, जो भूमि सुधार, औद्योगीकरण और सामंती प्रथाओं के उन्मूलन पर केंद्रित था। उनकी पुस्तक, "द प्रॉब्लम ऑफ द रुपीः इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन" ने उनके आर्थिक कौशल और भारत में आर्थिक असमानताओं को दूर करने की उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

देश के कानून मंत्री के रूप में हिंदू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को संपत्ति में उत्तराधिकार और उनके सशक्तीकरण का पथ प्रशस्त किया। आंबेडकर ने अपने समर्थ सहयोगियों के साथ संविधान का मसौदा तैयार किया और देश की परंपराओं, आस्था और मान्यताओं को आवाज दी, लेकिन उनकी दृष्टि में देश के सभी नागरिक पहले भारतीय थे, उनकी अन्य पहचान बाद में आई। अगर हम संविधान सभा में आंबेडकर के बयानों पर गौर करें तो हमें राजनीति, कानून, इतिहास और दर्शन का एक अनूठा संगम मिलता है। नवंबर 1948 में संविधान के मसौदे पर विचार करने का प्रस्ताव रखते हुए, उन्होंने भारत को "राज्यों का संघ" कहने के निर्णय की व्याख्या की। मेरा मानना है कि आंबेडकर भारत में सामाजिक अलगाव की चुनौती से चिंतित थे, इसलिए उन्होंने कहा, "अगर हम लोकतंत्र का निर्माण करना चाहते हैं तो हमें अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानना होगा, क्योंकि संविधान का भव्य महल लोगों की नींव पर खड़ा है।" उन्होंने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में एसी-एसटी के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की।

एक नेता ऐसा भी



जब कामराज मद्रास राज्य (अब तमिलनाडु) के मुख्यमंत्री थे, उस समय उनके मंत्रिमंडल में सात मंत्री थे। उनमें से एक मंत्री दलित समाज से पी.कक्कन भी थे। एक समय में उनके पास होम अफेयर, लोक निर्माण विभाग, कृषि, सिंचाई, पशुपालन, पुलिस, कारागार, वित्त, शिक्षा, श्रम विभाग रहे। पी. कक्कन 10 वर्ष तक कैबिनेट मंत्री रहे। राजकीय कार्यों से राज्य में भ्रमण के दौरान वे अपने कपड़े भी स्वयं ही धोते थे। एक बार उन्हें त्रिची के दौरे पर जाना था। संयोगवश उनकी ट्रेन छूट गई और अगली ट्रेन अगली सुबह थी। उन्होंने किसी रेलवे स्टाफ या अन्य अपने अधीन किसी अधिकारी से भी संपर्क नहीं किया। वे खुले में रेलवे प्लेटफार्म की बेंच पर ही सो गए।

उमाकांत दीक्षित
वरिष्ठ पत्रकार

आधी रात को रेलवे पुलिस के एक सिपाही ने अपनी लाठी से धकेल कर उन्हें जगाया। पुलिस सिपाही ने उनसे पूछा कि तुम कौन हो? आप यहां नहीं सो सकते, बाहर जाकर सोइए। पी. कक्कन जी ने उत्तर दिया 'सर मेरा नाम कक्कन है, मैं पुलिस और गृह विभाग का मंत्री हूं, सुबह ट्रेन आने पर मैं चला जाऊंगा।'

पुलिसकर्मी हैरान रह गया, हकला कर बोला...'सर, मैं आपसे क्षमा चाहता हूं। मुझे माफ कर दो। सर आप प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में रुक सकते हैं।' उन्होंने जवाब दिया ... ' नहीं, मेरे लिए यही आराम काफी है।' और प्लेटफार्म की बेंच पर सो गए। उनके ट्रेन में चढ़ने तक पुलिस ने उनकी सुरक्षा की। क्या आज हम ऐसे सरल और ईमानदार मंत्रियों से उम्मीद कर सकते हैं?

एक नजर

लकड़ी के ढेर में लगी आग से हजारों का नुकसान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : लकड़ी के ढेर में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक हजारों की कीमत की लकड़ी जलकर राख हो चुकी थी। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी सिराजुददीन उर्फ नटटो पुत्र महेंदी हसन की लकड़ी फारूख पुत्र लल्लू अंसारी की जमीन में रखी थी। अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर फायर बिग्रेड ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हजारों रुपये की लकड़ी जलकर राख हो चुकी थी।

तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की हुई पूजा-अर्चना

कांठ, अमृत विचार : गुरुवार को तीसरे नवरात्र पर उपवास रखकर मां चन्द्रघण्टा की आराधना की गई। सुबह से ही देवी के मंदिरों पर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था। नगर के माता महाकाली मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। दिनभर मंदिरों में महिलाओं ने मां चन्द्रघण्टा का गुणगान किया। माता महाकाली मंदिर से क्षेत्र के लोगों की बड़ी आस्था जुड़ी है। चैत्र व शारदीय नवरात्र पर यहां 9 दिन तक मां की आराधना का क्रम चलता है। कोई माता को पोशाक चढ़ाता है तो कोई घंटा दान करता है। गुरुवार को भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। इसके अलावा श्री रामलीला मंदिर पर महिलाओं ने ढोलक मंजीरों के साथ मां कुष्मांडा के गुणगान किए। शिवमोहनी मंदिर, बाल्मीकि मंदिर, शिव मंदिर, संत रविदास मंदिर, चामुंडा मंदिर, क्षेत्रीय पंडित बाबूराम शर्मा धर्मशाला के पास शिव मंदिर पर, माहेश्वरी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, पट्टीवाला मंदिर आदि पर महिलाओं ने मां चन्द्रघण्टा की पूजा की और भजन कीर्तन किया।

कुंदे से लटका मिला शव

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शरीफ नगर में 30 वर्षीय युवक का शव घर के बरामदे में कुंडे से लटका मिला। देर रात तक स्वजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। कोतवाली की ग्राम शरीफ नगर निवासी अमर सिंह का 30 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार गुरुवार की दोपहर घर के बरामदे की छत में कुंदे से लटका मिला। परिजनों ने यह दृश्य देखा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

कुंदरकी में ईदगाह पर नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

कांठ में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

नमाज़ में मांगी मुल्क में अमन-चैन की दुआ

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ईद-उल-फितर का त्योहार क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर व देहात क्षेत्र की ईदगाहों में गुरुवार को ईद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन की दुआएं मांगी गई। नगर की सुरजननगर मार्ग स्थित ईदगाह पर शहर इमाम मौलाना इमामुद्दीन तहसीनी व फरीदनगर रोड स्थित ईदगाह और मोहल्ला जमनावाला स्थित ईदगाह और देहात क्षेत्र भर के गांवों में नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। इसके अलावा मस्जिद कुरैशियान, मस्जिद छीपियान में भी ईद की नमाज अदा की गई।

खुदा की बारगाह में मांगी मुल्क की सलामती की दुआ

ईद-उल-फितर पर ईदगाह व मस्जिदों में अदा की नमाज, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : ईद-उल-फितर का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में ईदगाह में शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन ने सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज अदा कराई। इस अवसर पर ईदगाह के मैदान में सैकड़ों की तादात में नमाजी नमाज अदा करने के लिए मौजूद रहे।

गुरुवार को ईद-उल-फितर पर ईदगाह में सवेरे से ही नमाजी एकत्र होने शुरू हो गए। सुबह 8:30 बजे शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन ने नवाज अदा कराई है। सैकड़ों की तादात में नमाजियों ने अल्लाह की दरगाह में सजदे किए और मुल्क व कौम की सलामती की दुआएं मांगी। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद राजू रफी ने कहा कि हुकूमत के आदेश के अनुसार ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की गई। इस दौरान कपड़ा मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट, मौलाना नूरुल हसन, अब्दुल जब्बार मलिक, जफरुद्दीन आलम, नबी मोहम्मद, शादाब ,जाने आलम पासा, कासिम अंसारी सभासद ,इदरीश अब्बासी, मोहम्मद ताहिर ,नोमान जमाल, शकिर मलिक, अफनान वाजिद, अमजद, रमजान अली आदि मौजूद रहे। नमाज अदा करने के बाद वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट ने शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान उप जिला अधिकारी मणि अरोड़ा, तहसीलदार कमलेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

सुरजन नगर में अदा की गई ईद की नमाज : ठाकुरद्वारा : सुरजन नगर में गुरुवार को ईदगाह पर आसपास के गांव रामपुर घोगर, जयनगर, पिपली अहीर, जटपुरा महावतपुर, बेरखेड़ा, अनंदीपुर, सुरजन नगर आदि के मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदाकर देश में अमन चैन कायम रखने के लिए दुआ मांगी।

सुरजन नगर ईदगाह पर नई बस्ती मदनी बस्ती मस्जिद के मौलाना मुफ्ती मोहिउद्दीन ने नमाज अदा कराई। इस दौरान ग्राम प्रधान वीर सिंह, मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद उमर, रिसालत, मोहम्मद रईस आदि उपस्थित थे। दुल्लापुर ईदगाह पर जामा मस्जिद के इमाम ने नमाज अदा कराई। सबलपुर ग्राम प्रधान के पति शरीफ अहमद, मोहम्मद इलियास, अब्दुल रहमान आदि उपस्थित थे। लालापुर पीपलसाना ईदगाह पर लालपुर जामा मस्जिद के इमाम हाफिज फहीम फिबला ने नमाज अदा कराई। इस दौरान मोहम्मद रफी सलमानी, हाफिज कारी नसीर, फैजान अंसारी, फारूक सलमानी आदि उपस्थित थे।

बिलारी में शहर इमाम सदाकत हुसैन को मुबारकबाद देते हुए वाजिद हुसैन अंसारी।

सुरजन नगर में एक-दूसरे को ईद की बधाई देते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

गले मिल कर एक-दूसरे को दी ईद-उल-फितर की मुबारकबाद

कुंदरकी, अमृत विचार : गुरुवार को ईद-उल-फितर की नमाज नगर व देहात क्षेत्र की ईदगाहों और मस्जिदों में शांति के साथ संपन्न हुई। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। नगर, देहात और ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सभी ईदगाहों और मस्जिदों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की। ईद की नमाज के बाद हजारों की तादाद में लोगों के हाथ मुल्क और कौम की सलामती, खुशहाली और अमनोमान के लिए उठे। बुधवार को ईद का चांद देखने के बाद से ही देर रात ईद की खुशियां मनाने का सिलसिला शुरू हो गया था। कुंदरकी नगर स्थित ईदगाह के मैदान में ईद उल फितर की नमाज निर्धारित समय 8 :00 बजे कारी अनीस रजा ने पढ़ाई। खुत्बा पढ़ने के बाद दुआएं कराई गई। नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम कारी अनीस रजा, सपा नेता गुलजार अहमद, खलीक कुरैशी, शहर काजी सोहेल अहमद, सज्जादा नशीन हाशिम मियां साबरी, चेयरमैन के पति मेहंदी हसन ने लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं ग्राम डोरमघर के निकट सैफपुर-चित्तू की ईदगाह पर पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान ने ईद की नमाज अदा की और लोगों से गले मिलकर ईद की पुर खुलूस मुबारकबाद दी। भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख के पति गुलाम जिलानी ने भी अपने आवास पर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। तो वहीं ईद की खुशियां मनाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। ईद की नमाज के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल, कुंदरकी चौकी इंचार्ज अनिल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते नजर आए। नगर की मस्जिद आला हजरत, मुगलों वाली मस्जिद, मस्जिदे सादात और किला वाली मस्जिद में भी ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। साथ ही देहात क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू, महलोली, गजीपुर, बाखीपुर, पीतपुर, सौंदा, बाछल भूड़, जलालपुर खास, बगरउआ, चक फाजलपुर, सैफपुर चित्तू, रूपपुर, गदी पुरा, कमालपुर फतेहाबाद, भीकनपुर कुलवाड़ा, डोंमघर, इमरतपुर फखरुद्दीन, हरियाना, ढकिया जुम्मा, इमरतपुर सिरसी, आदि गांवों की मस्जिदों और ईदगाहों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई।

नगर व देहात में शांतिपूर्ण माहौल में मना ईद-उल-फितर का पर्व

संवाददाता, कांठ/छजलैट

अमृत विचार : नगर व क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। ईदगाहों तथा मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा कर देश की खुशहाली और कौम की तरक्की की दुआ की गई। शहर इमाम मुफ्ती शोएब अहमद ने 8:30 बजे सामूहिक नमाज ईदगाह में संपन्न कराई। जहां कौम और देश की तरक्की के लिए दुआ की गई।

हाईवे पर पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात रही। नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे के साथ गले मिलकर परस्पर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इसके साथ ही ऊमरी कलां नगर पंचायत में ईदगाह स्थल पर सामूहिक नमाज मुस्लिम समाज के लोगों ने अदा की। इस अवसर पर चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

कांठ, अमृत विचार : ईद उल फितर के पर्व पर ऊमरी कलां नगर पंचायत के अध्यक्ष हाजी उस्मान अली एवं जनता नर्सिंग होम पर चिकित्सक डॉ. मोहम्मद यूसुफ के आवास पर प्रत्येक धर्म व जाति के व्यक्ति एकत्रित हुए। सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जयदेव सिंह, चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह, कुंवर सुरेंद्र सिंह, दिलावर सिंह, डॉ. अशोक चौहान, महेश चंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, सैयद मोअज्जम अली आदि मौजूद रहे।

कांठ में ईद मिलन समारोह में मौजूद पुलिस अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

मंदिर के पास नाला निर्माण तोड़ा, रोष

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित नाले का निर्माण कराया जा रहा था। राजस्व विभाग की टीम द्वारा जमीन को चिह्नित कर पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम की मौजूदगी में तीन दिन पहले कार्य शुरू हुआ था। बताया गया है कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने नाले को ध्वस्त कर दिया। ग्राम प्रधान द्वारा खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की गई है।

मामला ग्राम शीलपुर का है, जहां पर प्राचीन शिव मंदिर के पास गांव का गंदा पानी सड़क पर भर जाता था। मंदिर के आसपास दलित लोगों की बस्ती है। पानी जमा होने और उसकी निकासी के लिए लोग कई बार प्रदर्श कर चुके हैं। आरोप है कि गांव के ही कुछ दबंग लोग नाला निर्माण के कार्य को रोके हुए थे। लेकिन राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा कार्य शुरू कराया गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि 10 अप्रैल की शाम को गांव के ही एक परिवार के आठ लोग और 6-7 अन्य लोगों ने निर्माणाधीन नाले को फावड़ों से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। सूचना पर बुधवार की रात्रि थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर घटना के संबंध में जानकारी ली। मामला दो समुदायों से होने के कारण पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरती। वहीं आरोपियों द्वारा सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाई गई है।

इस संबंध में जब वीडीओ कुंदरकी चैतन्य कुमार पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एसडीएम बिलारी द्वारा नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। जिसमें पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में गाटा संख्या 507 जोकि सड़क का भाग है, को चिह्नित करके इस पर नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसको कुछ लोगों द्वारा ध्वस्त करने की सूचना मिली है। प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उनसे इसकी क्षतिपूर्ति कराई जाएगी।

तोड़ा गया निर्माणाधीन नाला।

▸▸ लोगों ने आरोपियों पर की कार्रवाई की मांग

शांतिभंग की आशंका में पांच गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : थाना कांठ पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ तथा पांच व्यक्तियों को शांतिभंग को आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कांठ पुलिस के उप निरीक्षक रमेश चंद यादव एवं मदनपाल राणा ने मिश्रीपुर के निकट पुलिया के पास से ग्राम मिश्रीपुर थाना कांठ निवासी केशव पुत्र गांधी को तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर थाना कांठ पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में आफाक, अफजल, बाबू निवासी गढ़ी, सुल्तान एवं इब्ने निवासी हसनगढ़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

रुस्तम नगर सहसपुर में ईद की मुबारकबाद देतीं पूर्व मंत्री रानी रीना कुमारी।

पूर्व मंत्री ने ईद-उल-फितर पर लोगों को दी मुबारकबाद

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : क्षेत्र के रुस्तम नगर सहसपुर स्थित शाकिर मलिक के आवास पर पूर्व मंत्री रानी रीना कुमारी ने पहुंचकर ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी।

गुरुवार को ईद उल फितर के पर्व पर रुस्तम नगर सहसपुर में शाकिर मलिक के आवास पर पहुंची पूर्व मंत्री रानी रीना कुमारी ने देश में आपसी भाईचारा व अमन की बात कही। उन्होंने कहा कि रुस्तम नगर सहसपुर हमारा घर है। यहां दोनों संप्रदाय के लोग प्यार मोहब्बत से रहते हैं। साथ ही एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होते हैं। यही हमारी गंगा जमुनी तहजीब है। इस दौरान संजू गुप्ता, प्रदीप शर्मा, सुदेश पाल, वारिस अंसारी, मोबिन मिस्त्री, अब्दुल गफ्फार, मुख्तियार ठेकेदार, शाकिर मलिक, प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

शिक्षक सम्मेलन में मंचासीन अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षक सम्मेलन का आयोजन

बिलारी, अमृत विचार : शाहाबाद रोड स्थित देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। गुरुवार को हुए आयोजन में मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लों ने सर्वप्रथम भारत माता व अन्य महापुरुषों के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आंरभ किया। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह सैनी ने किया। स्कूल के प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। कार्यक्रम में वक्ता ने अपने-अपने विचार रखें। इस दौरान चौधरी ऋषिपाल सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, राजू कालरा, राकेश चौहान, पंकज गुप्ता, बाली चरण वाल्मीकि, हरिओम सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, विशाल कवात्रा, मंगल सिंह सैनी, प्रताप सिंह प्रधानाचार्य, जगत नारायण शर्मा, मंजू रानी चौधरी, अवधेश प्रताप सिंह, सुरेंद्र कुमार शर्मा, गनपत सिंह ,विजय पाल सिंह राघव, सहित शिक्षक गढ़ मौजूद रहे।

पं. शिवकुमार शर्मा का स्वागत करते नागरिक। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय कवि पं. शिवकुमार शर्मा का स्वागत

कांठ, अमृत विचार : राष्ट्रीय कवि व प्रसिद्ध ज्योतिष पं. शिवकुमार शर्मा का नगर में जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान उन्होंने अपने शुभचिंतकों को धर्म और आस्था से जुड़ी बातों पर चलते हुए अपने कर्तव्य का पालन करने का आह्वान किया। बुधवार की देर शाम पं. शिवकुमार शर्मा नगर पहुंचे। जहां उनके शुभचिंतकों और अनुयायियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान धर्म कर्म से जुड़ी बातों को विस्तार से बताया और सभी से आस्था और भक्ति युक्त होकर धर्म और कर्तव्य का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन का अर्थ है सबसे प्राचीनतम परंपरा और इस परंपरा को निर्वहन करने वाले सनातन धर्मी माने जाते हैं। राष्ट्रीय कवि का जिला संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कृष्ण गोपाल, जिला व्यवस्था प्रमुख राजेंद्र, डॉ. अनुज चौधरी, महिमा शंकर पांडेय, निपेंद्र कसाना, आनंद बिश्नोई, देवेंद्र कश्यप, विकास शर्मा, भावेश शर्मा, आशीष बिश्नोई, दिवाकर शर्मा, अनंत शर्मा आदि ने स्वागत किया।

ठाकुरद्वारा कोतवाली रोड स्थित दुर्गा मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं।

मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना करने को मंदिरों में उमड़ी भीड़

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : चैत्र मास के नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा की तृतीय शक्ति ज्योतिर्मय स्वरूप मां चंद्रघंटा देवी की पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गुरुवार को नगर के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गे का जयकारा लगता रहा। मां आदि शक्ति की साधना, आराधना और उपासना के महापर्व पर आस्था हर ओर दिखाई दी। महिलाओं ने नगर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर माता के भजन व गीत प्रस्तुत किए। नगर के प्राचीन हनुमान, कोतवाली रोड दुर्गा मंदिर, बड़ा बाजार स्थित खागेश्वर मन्दिर, हरिहर मन्दिर, चित्र गुप्त मन्दिर, कालरात्रि मन्दिर, मोहल्ला बजारान शिव मन्दिर, दुर्गा मंदिर, नगर रोड स्थित माता मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित मंदिर, क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज, निर्मलपुर, गोपीवाला, निर्मलपुर, सुल्तानपुर दोस्त, लोगी कला आदि में पूजा की गई।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार की ईद हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। करंट लगने से युवक का चेहरा बुरी तरह झुलस गया था। जिससे उसकी पहचान में मुश्किल आ रही थी। बाद में पुलिस ने सोशल मीडिया जानकारी साझा की तो परिजनों को हादसे की सूचना मिली। जिससे उनमें कोहराम मच गया। वही घटना से लोगों में विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर रोष व्याप्त है।

युवक की मौत की सूचना पर गुरुवार की सुबह पुलिस को मिली तो थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल और क्षेत्राधिकारी राजेश यादव पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पता चली कि हाईटेंशन लाइन का तार टूटने के चलते युवक की मौत हुई है। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त

कराने की कोशिश की, मगर सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बाद में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करने पर मृतक युवक की पहचान मोहम्मद हसन (18) पुत्र स्व. मोहम्मद आसिम निवासी मोहल्ला नुरुल्लाह कुंदरकी के रूप में हुई। बताया गया है कि मृतक मोहम्मद हसन बुधवार की शाम घर से निकला था और तभी से घर नहीं पहुंचा था जिसको लेकर परिजन भी परेशान थे। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। हादसा मुरादाबाद चंदौसी रोड जीरो पाइंट के पास खेतों से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन से हुआ। वही क्षेत्रीय लोग घटना में बिजली विभाग को दोषी मान रहे हैं। उनका कहना है कि हाईटेंशन लाइन के तार काफी नीचे हैं और जर्जर हालत में हैं। वही विद्युत विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची जिसको लोगों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। वही लोगों ने बताया कि मृतक कुंदरकी पाकबड़ा रोड की बस पर हेल्परी का काम करता था। मृतक चार बहन-भाइयों में दूसरे नंबर का था। बताया गया है कि तीन दिन बाद मृतक की बहन की बरात भी आनी है उससे पहले ही यह हादसा हो गया। वहीं इस संबंध में बिजली विभाग के जेई संतोष कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहां पर तार नीचे हैं वहां पर जल्द ही एक खंभा और लगाया जाएगा ताकि तार टूटने की आशंका कम रहे।

घटनास्थल पर मौजूद क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य। ● अमृत विचार

▸▸ विद्युत विभाग की लापरवाही पर लोगों में आक्रोश

भाजपा से गठबंधन में रालोद को मिली है बागपत सीट

छोटे चौधरी के सिर पर इस बार पगड़ी बांधेगा बागपत!

वर्ष 2019 में सपा और बसपा का समर्थन होने पर भी हार गए थे जयंत चौधरी

47 साल में पहली बार चौधरी परिवार नहीं लड़ रहा चुनाव, रालोद ने जाट सपा ने ब्राह्मण तो बसपा ने गुर्जर प्रत्याशी पर लगाया है दांव

मनोज त्रिपाठी

कभी अजेय दुर्ग रही बागपत लोकसभा सीट से वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव चौधरी परिवार हार गया था। 2014 में अजित सिंह को हार मिली थी तो 2019 में उनके पुत्र जयंत चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। जाटों के दबदबे वाली विरासत की इस सीट पर पिता-पुत्र का लगातार चुनाव हारना किसी सदमे से कम नहीं था। जयंत को तो 2019 में हार की कतई उम्मीद नहीं थी, क्योंकि इस चुनाव में सपा-बसपा और रालोद का गठबंधन था। हालांकि जयंत को इससे पहले 2014 में भी उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक जाट बहुल सीट गिनी जाने वाली मथुरा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका हेमा मालिनी के सामने पराजय का स्वाद चखना पड़ा था। ऐसे में इस बार जब जयंत चुनावी थाह लेने जाट लैंड में निकले तो समर्थकों ने साफ बता दिया कि इस बार का चुनाव भी कठिन रहने वाला है। सपा का साथ छोड़कर जयंत चौधरी के भाजपा से हाथ मिलाने के पीछे यही एक बड़ा कारण बताया जाता है, जिसकी नींव मोदी सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा करके रखी। अब साढ़े चार दशक में पहली बार है कि बागपत से चौधरी परिवार का कोई सदस्य चुनाव मैदान में नहीं है।





1. बागपत सीट पर अब तक 14 बार हुए चुनाव, सात बार स्व. अजित सिंह सांसद चुने गए।
2. इस सीट से कांग्रेस के रामचंद्र विकल को छोड़ बाकी सभी जाट जाति के ही सांसद रहे हैं।
3. 57 साल में 14 बार हुए चुनावों में 13 बार जाट जाति का प्रत्याशी ही यहां विजयी हुआ है।
4. बागपत लोकसभा सीट से सपा-बसपा अब तक एक भी लोकसभा चुनाव नहीं जीत सकी हैं।

बागपत : चौधरी परिवार की परंपरागत सीट

बागपत लोकसभा सीट वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में यहां जनसंघ और 1971 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की। लेकिन आपात काल के बाद 1977 में हुए चुनाव से क्षेत्र की राजनीति पूरी तरह से बदल गई। 1977, 1980 और 1984 में लगातार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह यहां से चुनाव जीते। इसके बाद 1989, 1991, 1996, 1997 उपचुनाव 1999, 2004 और 2009 के चुनाव में चौधरी चरण सिंह के पुत्र अजित सिंह सात बार बागपत से सांसद चुने गए। केवल 1998 में हुए चुनाव में उन्हें यहां से हार का सामना करना पड़ा। 2014 की मोदी लहर के बाद बीते दो चुनाव से बागपत में भाजपा के डॉ. सत्यपाल सिंह जीत रहे थे। इस बार रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण भाजपा ने यह सीट उसे दी है। बागपत में जाटों और मुसलमानों का बड़ा वर्ग पिछले दो चुनावों को छोड़कर परंपरागत रूप से रालोद का वोटर रहा है। मुसलमान क्या भाजपा का साथ होने पर रालोद को वोट देंगे, इस सवाल पर तमाम मुस्लिम मतदाताओं का कहना है कि वे रालोद को वोट दे रहे हैं।

1967 में अस्तित्व में आई थी बागपत लोकसभा सीट

राजकुमार सांगवान
रालोद - भाजपा

मेरठ कालेज के प्रोफेसर रहे राजकुमार सांगवान को उनकी रालोद के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए बागपत सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। एक साल पहले ही वह मेरठ कालेज के हिस्ट्री विभाग से रिटायर हुए हैं। उन्होंने मेरठ कालेज से एलएलबी के बाद पीएचडी की है। जाट समुदाय से आने वाले सांगवान लोकदल के पुराने कार्यकर्ता हैं। वह वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं। अब उनके सामने चौधरी परिवार को विरासत रही बागपत सीट जीतने की चुनौती है।

प्रवीण बैंसला
बहुजन समाज पार्टी

43 वर्षीय प्रवीण बैंसला दिल्ली हाईकोर्ट में वकील हैं। 2007 से बसपा से जुड़े हैं। एक बार 2015 में दिल्ली में रोहताश नगर सीट से विधान सभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। दिल्ली के शाहदरा इलाके में रहते हैं। प्रवीण गुर्जर समुदाय से आते हैं। ऐसे में बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार गुर्जर कार्ड खेलकर बागपत में लोकसभा चुनाव का मुकाबला दिलचस्प बना दिया है। प्रवीण भी रात- दिन मेहनत कर रहे हैं।

अमरपाल शर्मा – समाजवादी पार्टी

सपा ने बागपत सीट से पहले मनोज चौधरी के नाम का ऐलान किया था। उन्होंने चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया था। लेकिन जाट बाहुल्य सीट पर सपा कार्यकर्ता ब्राह्मण चेहरा उतारने की मांग कर रहे थे। काफी कशमकश के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के नाम की घोषणा करके उन्हें पार्टी सिंबल दे दिया। अमरपाल ने 2007 में गाजियाबाद से विधायक का निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 2009 में बसपा के टिकट पर गाजियाबाद लोकसभा से भाजपा नेता राजनाथ सिंह के सामने उतरे थे। 2012 में बसपा से साहिबाबाद सीट पर विधायक चुने गए थे। 2017 और 2022 में सपा के टिकट पर साहिबाबाद से विधान सभा का चुनाव हार चुके हैं।

16.46 लाख मतदाताओं में 30 फीसदी युवा 23703 पहली बार डालेंगे वोट

बागपत लोकसभा सीट पर 16 लाख 46 हजार 278 मतदाता दूसरे चरण में 26 अप्रैल को अपना नया सांसद चुनेंगे। कुल मतदाताओं में करीब 30 फीसदी युवा मतदाता हैं। इनमें 23703 मतदाता पहली बार वोट करेंगे। इस सीट पर सबसे ज्यादा मुस्लिम और जाट मतदाता हैं। गुर्जर और ब्राह्मण मतदाता करीब डेढ़-डेढ़ लाख गिने जाते हैं।



पांच में तीन विधानसभा सीटें भाजपा के पास तो दो पर रालोद का कब्जा

बागपत लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें सिवालखास, छपरौली, बड़ौत, बागपत और मोदीनगर शामिल हैं। इनमें सिवालखास मेरठ जिला और मोदीनगर विधानसभा गाजियाबाद जिले का हिस्सा है। बड़ौत, बागपत और मोदीनगर विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है, जबकि सिवलखास और छपरौली विधानसभा सीटें रालोद के पास हैं।

2014 में अजित सिंह हारे ही नहीं, तीसरे नंबर पर पिछड़े

बागपत लोकसभा सीट का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद से जैसे चौधरी परिवार की किस्मत रूठ गई। 2009 में तो भाजपा से गठबंधन होने के चलते चौधरी अजित सिंह ने जीत दर्ज कर ली, लेकिन एकतरफा वोट मिलने वाले कुछ इलाके हट जाने से वोटो का गणित बिगड़ गया। 2014 के चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली और चौधरी अजित सिंह तीसरे नंबर पर खिसक गए।

आओ मतदान करें

मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग की पहल पर महिला पुलिस कर्मियों ने राजस्थान के बीकानेर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब के कदम पर हर किसी की लगी निगाह

सीवान संसदीय सीट

- निर्दलीय लड़ सकती हैं हिना सहाब या उनका बेटा ओसामा शहाब
- हिना के बगावती तेवर का राजद गठबंधन को हो सकता है नुकसान

सीवान

बिहार की सीवान संसदीय सीट से चार बार सांसद रहे शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने आरजेडी से बगावत कर दिया है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खुद या बेटे ओसामा शहाब के मैदान में उतरने की घोषणा की है। इससे जहां आरजेडी नेतृत्व परेशान है तो दूसरे दलों की निगाह भी हिना के अगले कदम पर है। अगर हिना या उनका बेटा मैदान में उतरता है तो इसका नुकसान इंडिया गठबंधन को ही होगा।

मोहम्मद शहाबुद्दीन की गिनती बड़े बाहुबली नेताओं में हुआ करती थी। आरजेडी के प्रमुख नेताओं में से एक शहाबुद्दीन की 2021 में कोरोना के कारण मौत हो गई थी। शहाबुद्दीन एक बार जनता दल और तीन बार आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीता। 2019 के लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने हिना शहाब को मैदान में उतारा था लेकिन वह जनता दल यूनाइटेड की उम्मीदवार कविता सिंह से हार गई थीं। यह सीट 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में गई थी तब भी हिना शहाब ही मैदान में थीं और उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। हलांकि अभी यहां पर राजद ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

अनूठा प्रचार

मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को अनूठे तरीके से प्रचार किया। वह ग्रामीण इलाके में प्रचार के दौरान एक गेहूं के खेत में गईं और फसल काट रही महिला से हंसिया लेकर खुद ही गेहूं की कटाई शुरू कर दी।

कांग्रेस प्रत्याशी नहीं खड़ा करके रोक सकती वोटों का बंटवारा

- कांग्रेस ने हैदराबाद लोकसभा सीट पर अब तक अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है। तेलंगाना कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि वोटों का बंटवारा रोकने के लिए पार्टी एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी का समर्थन कर सकती है। भाजपा प्रत्याशी माधवी लता इसे मुद्दा बना रही हैं और कहती हैं कि तमाम चेहरे बेनकाब हो रहे हैं।

सियासत | हैदराबाद से लगातार पांचवीं बार चुनाव मैदान में एआईएमआईएम मुखिया असुदुद्दीन ओवैसी

माधवी की हुंकार से पहली बार मुश्किल में फंसे दिख रहे ओवैसी

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से इस बार असुदुद्दीन ओवैसी पांचवीं बार चुनावी मैदान में हैं और सामने भाजपा प्रत्याशी माधवी लता की कड़ी चुनौती है। माधवी लता को हाल ही में आईबी की रिपोर्ट के बाद वाई-प्लस कैटेगरी सुरक्षा मिली है। सुरक्षा मिलने के बाद उन्होंने कहा कि यह एक व्यक्ति से सच्चाई की लड़ाई को बचाने के लिए दी गई है। वह कहती हैं कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है, लेकिन सनातन के खिलाफ बेवजह बयानबाजी करने वाले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वह जनसंपर्क के दौरान ओवैसी पर जमकर बरसती हैं और तर्कों के साथ अपनी बात रखती है। युवा उन्हें 'हिंदू शेरनी' और 'लेडी सिंघम' जैसे नामों से पुकारते हैं। सोशल मीडिया पर फायर ब्रांड हिंदुत्ववादी छवि के कारण माधवी लता के समर्थक लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी जमकर तारीफ कर चुके हैं।

हैदराबाद

हैदराबाद लोकसभा सीट पर बीते चार दशक से असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का कब्जा है। यहां उनका ही सिक्का चलता है। लेकिन इस बार के चुनाव में ओवैसी के लिए जीत आसान नहीं मानी जा रही हैं। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। माधवी लता की पहचान तेज-तर्रार हिंदुत्व समर्थक की है। तीन तलाक पर बयानों के बाद वह खासी चर्चा में आई थीं। माधवी लता पेशे से डॉक्टर हैं और विरिंची नामक अस्पताल चलाती हैं। वह भरतनाट्यम की नृत्यांगना भी हैं। पिछले एक साल से अपने समाज सेवी संगठन के बैनर तले पुराने हैदराबाद शहर में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रही हैं। उन्हें अच्छा वक्ता माना जाता है। तुष्टिकरण और कट्टरपंथी सोच के खिलाफ धारदार भाषण देती हैं।

भाजपा उम्मीदवार माधवी लता।

हैदराबाद को एआईएमआईएम का गढ़ माना जाता है। असदुद्दीन ओवैसी के पिता सुल्तान सलाहुद्दीन पहली बार हैदराबाद सीट से 1984 में लोकसभा चुनाव जीते थे। वह 20 साल सांसद रहे। उनके बाद से इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में ओवैसी ने भाजपा उम्मीदवार को दो लाख 82 हज़ार वोटों से हराया था। हैदराबाद में 13 मई को 19 लाख मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र की सात विधान सभा सीटों में सिर्फ गोशामहल से भाजपा के विधायक टी राजा सिंह हैं, बाकी आधा दर्जन सीटों पर एआईएमआईएम के विधायक हैं। इसके बावजूद इस बार ओवैसी को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी होने पर भी क्या मुसलमान माधवी लता को वोट देंगे, इस सवाल के जवाब में माधवी कहती हैं, क्यों नहीं लेकिन हम इसके लिए काम नहीं कर रहे हैं। हैदराबाद में मुसलमान भी उतने ही ग़रीब हैं, जितने हिंदू हैं।

असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिसे मजलिस भी कहा जाता है, की जड़ें लगभग 85 साल पुरानी हैं। हैदराबाद में सामाजिक-धार्मिक संस्था के रूप में इसकी शुरुआत हुई थी। जब 1948 में हैदराबाद का भारत में विलय हुआ, तब भारत सरकार ने इसे प्रतिबंधित कर दिया था। इसके अध्यक्ष क़ासिम राजवी को गिरफ़्तार कर लिया गया। बाद में राजवी पाकिस्तान चले गए और संगठन की ज़िम्मेदारी मशहूर वकील अब्दुल वहाद ओवैसी को दे गए। अब पिछले पांच दशक से ओवैसी परिवार मजलिस को चला रहा है। वर्ष 1957 में मजलिस को राजनीतिक पार्टी बनाया गया, इसके नाम में 'ऑल इंडिया' जोड़ा गया और संविधान बदला गया। 1976 में पार्टी की ज़िम्मेदारी सलाहुद्दीन ओवैसी को मिली। वह 2004 तक हैदराबाद के सांसद रहे।

चुनाव परिणाम 2019

असदुद्दीन ओवैसी	एआईएमआईएम	517471
डॉ. भगवंत राव	भाजपा	235285
पुश्ते श्रीकांत	टीआरएस	63239
मो. फिरोज खान	कांग्रेस	49944

भाजपा ने फायर ब्रांड हिंदुत्व की छवि वाली माधवी लता को उतार कर रोचक बनाया मुकाबला

अखिलेश लखनऊ की ईदगाह पहुंचे, मौके पर मौजूद ब्रजेश पाठक से मिलाया हाथ

एक दूसरे पर तीखी बयानबाजियों के बीच मिले अखिलेश व ब्रजेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ईद के मौके पर गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुस्लिम समाज के लोगों को बधाई देने के लिए शहर की ईदगाह मस्जिद में पहुंचे तो उसी समय वहां पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे। सभी की निगाहें इस दृश्य पर थीं कि, सवाल मन में यह चल रहा था कि एक-दूसरे पर राजनीतिक तीखी बयानबाजियां करने से पीछे न हटने वाले इस वक्त आमने-सामने कैसे पेश आएंगे?

बहरहाल, इस बीच अखिलेश यादव आगे बढ़े और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की ओर हाथ बढ़ाया। दोनों नेताओं ने एक दूसरे का अभिवादन किया। इस मौके पर मंत्री दानिश अली भी मौजूद थे। अखिलेश ने उनसे भी मुलाकात की। दरअसल, एक दिन पहले ही बुधवार को अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए सपा का घोषणा पत्र जारी किया था जिस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा था कि सपा के घोषणा पत्र में माफियाराज और गुंडाराज की वापसी की बात की गई है। उन्होंने तर्क था कि सपा का विजन और मिशन प्रदेश को लूटना है, संसाधनों पर डाका डालकर अपने परिवार का ही विकास करना है। इनका पीडीए परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ही है। इसी प्रतिक्रिया के एक दिन बाद ईद के अवसर पर जब दोनों नेता आमने-सामने आए तो बिना किसी झिझक के एक-दूसरे का अभिवादन किया।

गुरुवार को ईद के मौके पर लखनऊ की ईदगाह मस्जिद पहुंचे अखिलेश यादव और ब्रजेश पाठक एक दूसरे से हाथ मिलाकर अभिवादन करते हुए। ● अमृत विचार

हर्षोल्लास के साथ मनायी ईद

लखनऊ। देशभर में गुरुवार को ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी। इससे पहले देश-प्रदेश की मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। इस दौरान ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और टीले वाली मस्जिद में ईद की नमाज मौलाना शाह फजलुल मन्नान रहमानी ने अदा करवाई। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ईद की मुबारकबाद दी और कहा, ये त्योहार जहां हम एक-दूसरे के गले मिलते हैं, सेवइयां खाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करते हैं, यही हमारे देश की खूबसूरती रही है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, मैं ईद के मौके पर हमारे मुस्लिम भाई-बहनों को बहुत-बहुत मुबारकबाद देता हूं और ये भरोसा दिलाता हूं कि हमारी सरकार उनके हक के लिए लगातार काम करती रहेगी।

दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की जेल

प्रतापगढ़, एजेंसी : जिले की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने दुष्कर्म के सात साल पुराने मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता काशीनाथ तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कोहंडौर में शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 13 मार्च 2017 कि रात नौ बजे शिवकुमार ने उनकी 20 वर्षीय बेटी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया जांच के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने शिवकुमार को इस मामले में दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और उस पर 5,000 रुपये जुर्माना लगाया।

सार-संक्षेप

अलीगढ़ के ईदगाह में प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीन मुक्त करो के नारे वाला बैनर लगाया, नोकझोंक

अलीगढ़,एजेंसी : अलीगढ़ के दिल्ली गेट थाना इलाके में गुरुवार को ईद के मौके पर ईदगाह में प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीन मुक्त करो के नारे वाला एक बैनर लगाया जिसे लेकर कुछ युवकों और पुलिस के बीच मामूली नोकझोंक हुई। पुलिस के अनुसार यह विवाद तब शुरू हुआ जब सुबह ईदगाह में ईद की नमाज में शामिल होने वाले कुछ नमाजियों ने फलस्तीन मुक्त नारे वाला एक बैनर लगा दिया। उन्होंने बताया कि वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने इस पर आपत्ति जताई जिसके चलते प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई ।मामला कुछ ही देर में शांत हो गया। शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभय पांडेय ने एक कहा कि तीन-चार युवाओं ने मुक्त फलस्तीन का आह्वान करते हुए एक बैनर लगाया था और अपने अभियान के लिए धन एकत्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली गेट पुलिस मामले की जांच कर रही है और सबूतों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। सीओ ने कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी से इस घटना की वीडियो फुटेज हासिल कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

बागपत में हत्या के दोषी 11 को उम्रकैद

बागपत , एजेंसी : जिले की एक विशेष अदालत ने चार साल पुराने हत्या के एक मामले में चार भाइयों समेत 11 लोगों को कठोर आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील (एडीजीसी) अमित खोखर ने कहा कि 16 मई, 2020 को निवारा गांव में चुनाव संबंधी प्रतिद्वंद्विता को लेकर निसार की हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में मृतक के चाचा अंगूर, महकार और इखलाक भी घायल हो गए थे। मृतक के भाई हारून ने 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस की जांच के दौरान छह और नाम सामने आये। एडीजीसी ने कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों की गवाही के आधार पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजिया नजर जैदी की अदालत ने बुधवार को 11 आरोपियों को दोषी ठहराया और उन्हें कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में 17 आरोपियों को बरी कर दिया।

अमित शाह को मिली बड़ी राहत, परिवाद खारिज

विधि संवाददाता ,सुलतानपुर , अमृत विचार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने परिवाद खारिज कर दिया है ।बुधवार को परिवादी की तरफ से तलबी बहस होना था। परिवादी व उसके दो गवाहो का साक्ष्य कोर्ट में दर्ज हो चुका था । अधिवक्ता के अस्वस्थ होने का हवाला देते हुए बुधवार को तलबी बहस के लिए मौके का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दिया गया। कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने प्रार्थनापत्र नामंजूर कर परिवाद पत्र व उसके साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए खारिज कर दिया है ।यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

सपा में सचिन रावत और प्रदीप यादव को मिली जिम्मेदारी

लखनऊ, अमृत विचार : मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड की राज्य कार्यकारिणी में सचिन रावत निवासी लखनऊ को प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदीप यादव निवासी चंदौली को समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

कानपुर में पुलिस से भिड़े सपाई, थाने पर दिया धरना

आचार संहिता उल्लंघन में सपा नेता को पकड़ने पर हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: ईद के मौके पर गुरुवार सुबह अर्मापुर ईदगाह में आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में पुलिस ने सपा नेता सम्राट विकास यादव को हिरासत में ले लिया तो सपाइयों ने थाना घेर लिया। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा समर्थकों के साथ पनकी थाने पहुंचे और समर्थकों के साथ धरने पर बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सपा विधायक की एसीपी से तीखी नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने अर्मापुर थाने में आचार संहिता उल्लंघन की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया।

सपा नेता सम्राट विकास यादव ने बताया कि ईद के मौके पर अर्मापुर ईदगाह में नमाजियों के लिए मट्ठा-पानी की व्यवस्था की थी। उनका आरोप है कि नमाजी चटाई बिछा कर नमाज अदा करने जा रहे थे, तभी डीसीपी पश्चिम विजय ढुल आए और नमाजियों से अभद्रता की।

आरोप है कि उनके विरोध करने पर डीसीपी पश्चिम ने उन्हें हिरासत में लेकर पनकी थाने भिजवा दिया। सपा नेता को हिरासत में लिए जाने की सूचना पर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। पनकी थाने के बाहर समर्थकों सहित धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरना देते विधायक अमिताभ बाजपेई और कांग्रेस उम्मीदवार आलोक मिश्रा।

औकात हो तो रामनवमी में ऐसा करके दिखाना

हंगामे के दौरान सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने एसीपी पनकी से कहा कि मुसलमान हैं तो ऐसा करेंगे आप लोग, आपकी औकात हो तो रामनवमी में ऐसा करके दिखाना। तब देखेंगे, यही डीसीपी होंगे, हम देखेंगे हैसियत आपकी। कहा कि आप धर्म के साथ भेदभाव करेंगे, सपा के झंडे के आधार पर उसे अपराधी बना दिया, उसका अपराध इतना है कि वह सपा का है, अगर आप गलत तरीके से उसे गिरफ्तार करेंगे तो हमें भी गिरफ्तार करिए।

एसडीएम लिखा वाहन लेकर घूम रहा व्यक्ति गिरफ्तार

सहारनपुर,एजेंसी: जिले की बेहट थाना पुलिस ने गुरुवार को एसडीएम (उपजिलाधिकारी) लिखा वाहन लेकर घूमने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने एक न्यूज एजेंसी बताया कि चुनाव में शांति-व्यवस्था के लिए नियमित जांच की जा रही है। इसी कड़ी में थाना बेहट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) योगेश शर्मा अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र के गदेवड़ तिराहे के पास आज जांच कर रहे थे। इस दौरान एक बोलेरो गाड़ी, जिसके आगे-पीछे के शीशे पर एसडीएम और उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ था, को रोका गया। जैन ने बताया कि गाड़ी रुकवाकर जब प्रभारी निरीक्षक ने चालक से पूछताछ की तो वह कागजात नहीं दिखा पाया और न ही खुद के एसडीएम होने का प्रमाण दे सका। पुलिस ने सहारनपुर जिले के सोमवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पूछताछ के दौरान सोमवाल ने बताया कि पांच महीने पहले उसकी गाड़ी एसडीएम सदर के यहां किराये पर लगी हुई थी जिस वजह से उसने गाड़ी पर एसडीएम और उत्तर प्रदेश सरकार लिखवाया था, लेकिन एसडीएम का जनवरी में तबादला होने पर उसकी गाड़ी भी वहां से हट गई थी। लेकिन उसने इसे नहीं हटाया।

25 से पहले घोषित होगा यूपी बोर्ड का रिजल्ट, टूटेगा रिकार्ड

संवाददाता प्रयागराज

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद इसी माह यानि 25 से पहले ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित कर सकता है। जिसकी तैयारी पूरी की जा रही है। इस बार ऐसा माना जा रहा है कि बोर्ड जल्दी परिणाम घोषित कर एक नया इतिहास बना सकता है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हुई थीं। परीक्षा में पूरे प्रदेश के करीब 55 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा को लेकर यूपी बोर्ड ने सख्ती करते हुए मुख्यालय से सभी केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी कराई थी। परीक्षा के लिए आठ हजार से अधिक केंद्र भी बनाए गए थे जो कैमरे की नजर में थे। बोर्ड परीक्षा नौ मार्च को समाप्त हो गई थीं।

इसके बाद प्रदेश के सभी जिलों में मूल्यांकन केंद्र बनाए और। 31 मार्च तक मूल्यांकन भी पूरा कर लिया गया। वहीं मूल्यांकन के समय एक शिक्षक की हत्या होने के बाद कुछ दिनों तक कॉपियो का मूल्यांकन नहीं हो सका। जिसके बाद कापियां क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज दी गई हैं। वहीं अब रिजल्ट को तैयार करने का काम तेजी से किया जा रहा है। माना जा रहा है कि 25 अप्रैल से पहले यूपी बोर्ड का परिणाम उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। बोर्ड के सचिव दिव्याकांत शुक्ला के मुताबिक यूपी बोर्ड ने 2023 में 25 अप्रैल को रिजलट घोषित किया था। 2022 में 18 जून को और 2021 में 31 जुलाई को जारी किया था। इससे पहले 2020 में 27 जून को, 2019 में 27 अप्रैल को और 2018 में 29 अप्रैल को जारी किया था। इसलिए इस भी अपपी बोर्ड 25 अप्रैल से पहले रिजल्ट घोषित कर रिकॉर्ड तोड़ने का काम करेगा।

गाजियाबाद में फर्जी हथियार लाइसेंस व हथियारों के साथ सेवानिवृत जेसीओ गिरफ्तार

गाजियाबाद,एजेंसी: जिले में पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को सेना पुलिस में तैनात रहे एक सेवानिवृत्त जेसीओ (जूनियर कमीशंड अधिकारी) को फर्जी हथियार लाइसेंस और हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार परमेंद्र (52) को मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के सेंट्रल स्कूल इलाके से एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, मैगजीन, दो राइफल, एक डबल बैरल बंदूक और फर्जी हथियार लाइसेंस के साथ गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) सचिदानंद ने बताया कि आरोपी के कब्जे से जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और कुपवाड़ा के हथियार कार्यालय के छह रबर स्टांप भी बरामद किए गए। आरोपी इन रबर स्टांप (मोहरों) का इस्तेमाल फर्जी लाइसेंस बनाने के लिए करता था। अपर पुलिस उपायुक्त के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में तैनाती के दौरान वह अमित मुटरेजा, कृष्णा सोनी नाम के दो एजेंटों के संपर्क में आया, जो सेना के जवानों के लिए फर्जी लाइसेंस बनाते थे। फर्जी लाइसेंस बनाने की एवज में आरोपी 10 से 15 हजार रुपये लेते थे। पुलिस द्वारा बरामद किये गये ये सभी हथियार अलग-अलग जिलों के गन हाउस से खरीदे गये थे। परमेंद्र के अन्य साथियों को पुलिस तलाश रही है।

पुलिस ने बंद किया केस, पीड़िता ने जेल पहुंचाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार
- सीएम आवास और सचिवालय के पास घूमते हुए ठगी करता था
- लखनऊ के पारा निवासी युवती को भी ठगा था, दुष्कर्म भी किया

अमृत विचार: हरबंश मोहाल पुलिस ने पांच साल से फरार 25 हजार के इनामी शातिर ठग को गिरफ्तार किया। ठगी के मामले में पुलिस ने तो जांच करके केस ही बंद कर दिया था, लेकिन आरोपी की शिकार महिला ने हार नहीं मानी। महिला ने आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटा कर पुलिस को सौंपे और दोबारा जांच के आदेश कराए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पांच साल बाद गिरफ्तार किया।

नारियल बाजार निवासी शोभा वर्मा ने हरबंश मोहाल थाने में अक्टूबर 2019 में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि मुख्यमंत्री आवास के पास उनकी मुलाकात कृषि विभाग में अधिकारी बताने वाले उदित रंजन अवस्थी से हुई थी। उदित ने कृषि विभाग में क्लर्क की नौकरी का झांसा देकर 1.88 लाख रुपये लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया था। शोभा ने हरबंश मोहाल थाने में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हरबंश मोहाल पुलिस ने जांच की, लेकिन एड्रेस और साक्ष्य न मिलने की बात कहकर एफआर लगा कर केस बंद कर दिया था। शोभा वर्मा ने हार नहीं मानी और आरोपी की सारी जानकारी जुटा कर 2023 में हरबंश मोहाल पुलिस को सौंपी। पुलिस ने फिर जांच की और शातिर ठग उदित रंजन उर्फ संजय दुबे उर्फ आनंद कृष्ण तक पहुंची। इसके बाद पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। पुलिस ने गुरुवार को ठग को गिरफ्तार किया। कलक्टरगंज एसीपी मोहसिन खान ने बताया शातिर के खिलाफ हरबंश मोहाल, कल्याणपुर, कोतवाली के साथ ही कन्नौज, कानपुर देहात, लखनऊ में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

अफसर बनकर बेरोजगारों को बनाता था निशाना

ठग उदित रंजन ने बताया कि वह मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय के पास घूमता रहता है। वहां पर काम से आने वाले बेरोजगारों को अफसर बता कर निशाना बनाता था। इसके बाद जाल में फंसाकर लाखों रुपये ठग लेता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने लखनऊ के पारा निवासी एक युवती को भी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी की और दुष्कर्म भी किया था।

वर्ग पहेली-37

बाएं से दाएं

1.1. किस्मत, भाग्य, नसीब, प्रारब्ध 2. संयोग।

5. सिंचाई (खेत आदि)।

7.1. जो इच्छा के अनुकूल हो, इच्छानुकूल 2. रुचिकर, कामनावाला 3. आसक्त, कामुक।

8. कपड़े धोने वाला व्यक्ति, धोबी।

9.1. जम्हाई लेते हुए शरीर को तानना, हाथ उठाकर शरीर को मोड़ना-तोड़ना, थकान दूर करने की शारीरिक क्रिया, अंग-विक्षेपण 2. परिवर्तन की आकांक्षा के लिए तत्पर होना या क्रियाशील होना, सुप्तावस्था को त्यागना

ऊपर से नीचे

2. ऐसा दरबार या न्यायालय जिसमें राजा या बादशाह के सामने सभी उपस्थित होकर अपनी बात रख सकें, वह स्थान जहां उक्त प्रकार का दरबार लगता हो।

3.1. कुछ लोगों का समूह, दल 2. मंडली, जत्था 3. नगर या बस्ती का छोटा भाग, छोटा मुहल्ला 4. सिल

4. किसी के चरणों में होने वाला अनुराग, किसी के प्रति होने वाली श्रद्धा।

6. फ़िल्म



वर्ग पहेली -36 का हल

	1 खु	सु	र	फु	2 सु	र
3 डों					रे	
ड़ी			4 आ		शी	
	5 द	ल	द	ल		6 खे
7 पा	र		त		8 मो	ढ़ा
	गा		व		हि	
	ह		9 श	र	त	

सुडोकू-116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1		7	6		5		
5						3		
		6	5			9		
4					2		8	
9								7
	6		4		8			5
		2			4			
		3						2
		5		1	7		6	

सुडोकू -115 का हल

5	6	7	4	3	8	9	1	2
8	3	2	9	1	5	4	7	6
1	9	4	6	2	7	8	3	5
6	2	8	1	7	3	5	9	4
4	7	1	2	5	9	6	8	3
9	5	3	8	6	4	7	2	1
7	1	5	3	9	6	2	4	8
3	8	9	5	4	2	1	6	7
2	4	6	7	8	1	3	5	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 13 .11 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 13 अप्रैल 12 .51 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज दांपत्य जीवन में रोमांस भरपूर रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। लोग आपकी सहृदयता का गलत लाभ उठा सकते हैं। व्यापार में अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर में बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं।

वृष — आज सहकर्मियों को लेकर थोड़ा नाखुश रहेंगे। सेहत की अनदेखी बिल्कुल न करें। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पदोन्नति को लेकर चर्चा हो सकती है।

मिथुन — आज महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। निराशा वाले विचारों से दूर रहें। लंबी दूरी की यात्रा न करें। संतान के भविष्य की काफी चिंता रहेगी। लोग आपके मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर सकते हैं।

कर्क — आज किसी नए व्यापार में निवेश करने की योजना बनाएंगे। समाज में आपको काफी प्रशंसा मिलेंगी। निर्माण कार्यों में तीव्रता आएगी। परिवार की जिम्मेदारियों का पूरा ख्याल रखेंगे। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

सिंह — आज अपनी सोच सकारात्मक बनाए रखें। अधिकारी वर्ग आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। भविष्य को लेकर कुछ योजना बना सकते हैं।

कन्या — आज किसी मित्र से बहस हो सकती है। आपको मेहनत का उचित परिणाम शायद ही मिलें। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर ही सारे काम करने चाहिए। आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्सुक रहेंगे। सामाजिक यश और सम्मान प्राप्त होगा।

तुला — आज बुरे लोगों की संगत से हानि होगी। व्यापार में महत्वपूर्ण निर्णय जल्दबाजी में न लें। कुछ प्रियजन आपसे आर्थिक सहायता की अपेक्षा रखेंगे। कुछ सरकारी मामले उलझ सकते हैं। लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज अटके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। परिजनों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा।

धनु — आज अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रमोशन या किसी तरह के सम्मान के योग बन रहे हैं। दूसरों को दिखाने के लिए कोई जोखिम लेने से बचें। आपको काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रेमियों के बीच आपसी प्रेम काफी बढ़ सकता है।

मकर — आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। व्यवसाय से जुड़े नए मैत्री संबंध विकसित हो सकते हैं। किसी की आलोचना से हतोत्साहित न हों। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों की बाधा दूर होगी।

कुंभ — आज अनजान लोगों से दूरी बनाकर ही रखें। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से आपकी निंदा हो सकती है। दूसरे कार्यों की वजह से मुख्य काम को समय नहीं दे पाएंगे।

मीन — आज आयात-निर्यात से जुड़े कारोबारियों के लिए दिन बेहद शुभ रहने वाला है। आप यात्राओं का आनंद लेंगे। आपको तय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मित्र प्रोत्साहित करेंगे। कानूनी मामलों में विजय मिलने की संभावना है।

आज की फिल्में

आज का रावण
सुबह : 10 .24
कीमत
रात : 07 .00

चेन्नई वर्सेस चाइना
सुबह : 10 .35
विजय द मास्टर
शाम : 04 .09

होटल ट्रान्सिलवेनिया 3
सुबह : 10 .23
जैंगो अनचेंड
रात : 09 .00

गली बॉय
सुबह : 10 .10
बेताब
दोपहर : 01 .20

लंदन पेरिस न्यूयॉर्क
सुबह : 10 .35
राज रीबूट
रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात : 07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया,तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका।
एक औरत ने गुस्से से कहा- फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला-कचरा मैंने फेका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मां से मिलवाने ले गई
दूसरे दिन..
लड़की-मेरी मां को तुम बहुत पसंद आए।
लड़का-कुछ भी हो मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा। तेरी मम्मी से बोल दे कि वो मुझे भूल जाए।

मैथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1010, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपए रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये ।

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,900
चांदी आभूषण	80,800

एडीबी ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत व्यय में 17% की वृद्धि, बुनियादी ढांचे के निवेश को मिलेगा बढ़ावा

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत सार्वजनिक और निजी निवेश तथा मजबूत सेवा क्षेत्र का हवाला देते हुए 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। यह पूर्वानुमान आज जारी एडीबी के प्रमुख आर्थिक प्रकाशन, एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) अप्रैल 24 के नवीनतम संस्करण में व्यक्त किया गया है।

वित्त वर्ष 2024 में विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास पर उच्च पूंजीगत व्यय, निजी कॉर्पोरेट निवेश में वृद्धि, मजबूत सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन और उपभोक्ता विश्वास में सुधार को कारक बताया गया है। इसमें कहा गया है कि वस्तु निर्यात में सुधार और विनिर्माण उत्पादकता और कृषि उत्पादन में वृद्धि से वित्त वर्ष 2025 में विकास को गति मिलेगी। भारत में एडीबी के निदेशक मियो ओका ने कहा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। राजकोषीय समेकन करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने और एक सक्षम कारोबारी माहौल प्रदान करने के भारत सरकार के प्रयासों से निर्यात बढ़ाने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ राज्य सरकारों को धनराशि हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे के निवेश को बढ़ावा मिलेगा। मध्यम आय वाले परिवारों के लिए शहरी आवास का समर्थन करने के लिए एक नई सरकारी पहल से आवास विकास में और तेजी आने की उम्मीद है। स्थिर ब्याज दरों से निजी कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इस साल वस्तु व्यापार में आ सकती है 1.2% की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताओं के कारण मूल्य के संदर्भ में वस्तुओं के वैश्विक व्यापार की वृद्धि में इस साल 1.2 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को कहा कि 2023 में वस्तुओं का वैश्विक व्यापार अमेरिकी डॉलर मूल्य में पांच प्रतिशत घटकर 24,010 अरब डॉलर रहा। हालांकि, इस गिरावट की भरपाई काफी हद तक वाणिज्यिक सेवाओं के व्यापार में मजबूत वृद्धि से हो गई, जो नौ प्रतिशत बढ़कर 7,540 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर वस्तुओं व वाणिज्यिक सेवाओं का निर्यात 2023 में दो प्रतिशत गिरकर 30,800 अरब डॉलर रहा। शोध संस्थान ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन ने 2024 के लिए व्यापार मात्रा में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। इस लिहाज से वस्तुओं के व्यापार में 2023 की तुलना में 2024 में 1.2 प्रतिशत की गिरावट की आशंका है।

भारत से चीन को 90 प्रमुख उत्पादों का निर्यात बढ़ा : वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली। चीन को निर्यात की जाने वाली कुल 161 वस्तुओं में से लगभग 90 प्रमुख वस्तुओं का निर्यात पिछले साल बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इनमें लौह अयस्क, दूरसंचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत से चीन को निर्यात होने वाली कुल वस्तुओं में से इन 90 वस्तुओं की हिस्सेदारी 67.7 प्रतिशत है, जबकि शेष 32.3 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली शेष 71 वस्तुओं का निर्यात घटा है।

भारत का चीन को निर्यात चार स्तरों में पिछले साल 10 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ा है। वे हैं लौह अयस्क (2023 में 216.8 प्रतिशत बढ़कर 3.33 अरब डॉलर), सूती धागा (2023 में 542.6 प्रतिशत बढ़कर 61.11 करोड़ डॉलर), मसाले (2023 में 19.4 प्रतिशत बढ़कर 13.22 करोड़ डॉलर), और प्रसंस्कृत खनिज (2023 में 174.19 प्रतिशत बढ़कर 12.9 करोड़ डालर तक)। चीन के लिए 15 अन्य उत्पादों का निर्यात 10 से 100 अरब डॉलर तक बढ़ा है।

टीपीईएम का शेल इंडिया से करार

नई दिल्ली। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) ने देशभर में सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए शेल इंडिया मार्केट्स के साथ समझौता किया है।

टाटा मोटर्स की इकाई टीईपीएम ने गुरुवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत शेल के व्यापक ईंधन स्टेशन नेटवर्क और भारतीय सड़कों पर टाटा की 1.4 लाख से ईवी से प्राप्त आंकड़ों का लाभ उठाया जाएगा। इससे यह तय होगा कि किन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन लगाने है। टीपीईएम के मुख्य रणनीति अधिकारी बालाजे राजन ने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से हमारा लक्ष्य मौजूदा चार्जिंग ढांचे को विकसित करना है। शेल इंडिया मार्केट्स के निदेशक संजय वर्के ने कहा कि कंपनी सुविधा, सुरक्षा और पर्यावरण अनुकूलता को प्राथमिकता देने वाले एकीकृत समाधान पेश करके ईवी चार्जिंग अनुभव को परिभाषित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बुनियादी ढांचे पर जोर से निवेश को मिलेगी गति : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर जोर के साथ कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ने से निवेश चक्र में सतत आधार पर पुनरुद्धार हो सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति रिपोर्ट-अप्रैल 2024 के अनुसार, कमजोर वैश्विक मांग की चुनौतियों के बीच मजबूत बुनियाद के साथ घरेलू आर्थिक गतिविधियां 2023-24 की पहली छमाही में मजबूत रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां पूंजीगत वस्तुओं में निवेश और शुद्ध रूप से वैश्विक मांग के कम असर से वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि को गति मिली, वहीं निजी खपत को शहरी मांग से समर्थन मिला। इसमें आपूर्ति पक्ष के बारे में कहा गया है कि विनिर्माण गतिविधियां और मजबूत हुईं। आवास की बढ़ती मांग और बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर के कारण निर्माण गतिविधियां मजबूत रहीं।



मर्सिडीज बेंज ने 18,123 वाहन बेचे, अब तक के सबसे ज्यादा

नई दिल्ली। लक्जरी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनी मर्सिडीज बेंज की भारत में खुदरा बिक्री स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) खंड में भारी मांग के कारण बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,123 इकाई रही है। यह किसी एक वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। मर्सिडीज बेंज ने वित्त वर्ष 2022-23 में 16,497 गाड़ियां बेची थीं। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने बयान में कहा कि हमने भारत में अबतक का सबसे अच्छा मासिक, तिमाही और पूरे साल का आंकड़ा हासिल किया है। यह भरोसा भारत में मर्सिडीज-बेंज के लिए बेजोड़ प्रतिक्रिया दिखाता है। मार्च तिमाही में कंपनी ने 5,412 गाड़ियां बेचीं जो मार्च, 2023 के 4,697 इकाई के आंकड़े से 15 प्रतिशत ज्यादा है।

डैमसन टेक की विनिर्माण कार्यों को चीन से भारत लाने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी

पावर बैंक, छोटे स्पीकर और मोबाइल से जुड़े उत्पाद बनाने वाली डैमसन टेक्नोलॉजीज अपने विनिर्माण कार्यों का आधा हिस्सा चीन से भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में 150 करोड़ का शुरुआती निवेश करेगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा प्रदाता डैमसन टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक रितेश गोयनका ने कहा कि कंपनी वर्तमान में चीन में उपकरणों का विनिर्माण कर रही है। अब आधा विनिर्माण कार्य भारत स्थानांतरित करने की योजना बना रही है। इसका कारण चीन पर कई देशों के प्रतिबंधों के साथ-साथ भारत में सरकारी योजनाओं के तहत दिये जा रहे लाभ हैं। उन्होंने कहा, कि वर्तमान में, हमारा राजस्व 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। हम आगामी वर्ष में लगभग 500 करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार भारत में लाने की योजना बना रहे हैं। हमारी दीर्घकालिक नजरिया धीरे-धीरे पूरे कारखाने के संचालन को भारत में स्थानांतरित करने का है।

राष्ट्रीय

एक नजर

लॉरेंस बिश्नोई का शार्पशूटर गिरफ्तार मोती नगर की गोलीबारी में था शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली के बाहरी इलाके से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित शार्पशूटर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले का रहने वाला सतेंद्र कुमार (20) पिछले महीने दिल्ली के मोती नगर इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल था। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर दिल्ली) आर.के. सिंह ने बताया कि सोमवार को कुमार के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी, जिसके बाद छापेमारी के दौरान उसे धर दबोचा गया। आरोपी ने खुलासा किया कि वह सितंबर 2023 में लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा-कपिल मान गिरोह के सदस्यों में से किसी एक के संपर्क में आया था।

झारखंड-असम में एनआईए की छापेमारी में पीएलएफआई का सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड और असम में छापेमारी के बाद नक्सली संगठन 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' के एक सशस्त्र सदस्य को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने स्थानीय पुलिस की मदद से बुधवार को झारखंड और असम में दो-दो स्थानों पर छापेमारी की और तलाशी ली। एनआईए के बयान के मुताबिक छापेमारी के दौरान झारखंड के खूंटी जिले से बिनोद मुंडा उर्फ सुक्खवा को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने बताया कि आरोपी नक्सली समूह पीएलएफआई का सशस्त्र सदस्य है और वह झारखंड में पीएलएफआई से जुड़े चार मामलों में वांछित था।

इंदौर में बीबीए छात्रा ने 16 मंजिला इमारत से लगाई छलांग, मौत

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में 16 मंजिला निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाकर 22 वर्षीय बीबीए छात्रा ने बृहस्पतिवार को खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि मुस्कान अग्रवाल (22) ने लसूड़िया थाना क्षेत्र में 16 मंजिला एक निर्माणाधीन इमारत की छत से कथित तौर पर छलांग लगाई और नीचे गिरते ही उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हमें अब तक मुस्कान का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को 16 मंजिला इमारत की छत पर मुस्कान का चश्मा और मोबाइल फोन मिला है। उन्होंने बताया कि मुस्कान बड़वानी जिले की रहने वाली थी और इंदौर के एक निजी महाविद्यालय से बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) की पढ़ाई कर रही थी। विश्वकर्मा ने बताया कि बीबीए छात्रा की मौत की अलग-अलग पहलुओं पर जांच की जा रही है।

तीन दशक की तपस्या का परिणाम है राम मंदिर का निर्माण: भागवत

छत्रपति संभाजीनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण 30 साल की तपस्या और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने यहां दत्ताजी भाले स्मृति समिति कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि पूरा देश राम लला की प्रतिमा स्थापित होने से अभिभूत है। भागवत ने अपने भाषण में कहा कि लोगों ने राम मंदिर निर्माण के लिए धन दिया। यह 30 साल के संघर्ष के बाद संभव हो पाया। हम 500 सालों से राम जन्मभूमि पर मंदिर चाहते थे। लोग चंदा देने को तैयार थे और पूरा देश मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समय अभिभूत था।कई लोगों की तपस्या और समर्पण से यह प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में दुनियाभर में भारत का कद बढ़ा है और उसकी धरोहर तथा संस्कृति की स्वीकार्यता बढ़ रही है।

किसानों को मिलेगी एमएसपी और अग्निपथ योजना को रद कर देगी कांग्रेस सरकार

किसान और युवा की कोई सुनने वाला नहीं: राहुल

जयपुर, एजेंसी

- जयपुर में बोले राहुल गांधी- मीडिया का काम जनता के मुद्दे उठाना, सिर्फ एक ही चेहरे को दिखाना नहीं

जनसभा को संबोधित करते राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के किसान अपनी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और युवा रोजगार मांग रहे हैं, महिलाएं महंगाई से राहत चाहती हैं, लेकिन उनका कोई सुनने वाला नहीं है।

गांधी ने कहा कि यह आम चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। यह चुनाव पिछड़ों का, दलितों का, आदिवासियों का, और सामान्य जाति के गरीबों का है। देश में दो सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई है। किसी से भी पूछो देश में बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है.. महंगाई दूसरा बड़ा मुद्दा है। नब्बे प्रतिशत लोग आपको कहेंगे पहले नंबर पर बेरोजगारी.. दूसरे पर महंगाई... लेकिन अगर आप भारतीय मीडिया से पूछेंगे या मीडिया को देखेंगे तो आपको लगेगा कि सबसे जरूरी मुद्दा अंबानी जी (के बेटे) की शादी है। मीडिया का काम जनता का मुद्दा उठाना है। मगर मीडियाकर्मी जनता की आवाज, जनता के मुद्दों के बारे में कभी बात नहीं करते.. यदि ये लोग बोलना भी चाहें तो इनके मालिक इन्हें नहीं बोलते देंगे।

22 अमीरों के पास उतना धन जितना 70 करोड़ जनता के पास

राहुन ने कहा हिन्दुस्तान के सबसे अमीर 22 लोगों के पास उतना ही धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। एक तरफ 70 करोड़ लोग उसमें पिछडे वर्ग, दलित आदिवासी, गरीब लोग और दूसरी तरफ 22 लोग। सत्तर करोड़ में से किसान कह रहे हैं, हमें एमएसपी दे दीजिये युवा कह रहा है हमें रोजगार दे दीजिये.. महिलाएं कह रही हैं महंगाई से हमें बचाइए... पर कोई सुननेवाला नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आएगी तो सबसे पहले जातीय जनगणना कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बनने पर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और सरकार में संविदा मजदूरी को खत्म किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने 'अरबपतियों' का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। नरेंद्र मोदी सीधा कह देते है.. मैं किसानों को एमएसपी नहीं दूंगा.. किसान आतंकवादी हैं.. और मैं एमएसपी नहीं दूंगा। हिन्दुस्तान के इतिहास में पहली बार किसान कर दे रहा है। हमारी सरकार एमएसपी लागू करेगी। यदि मोदी उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर सकते हैं तो कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करेगी।

सीएए, एनआरसी और यूसीसी हम स्वीकार नहीं करेंगे : ममता

रेड रोड में सभा को संबोधित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ● एजेंसी

कोलकाता, एजेंसी

- भाजपा जेल बनवाए लेकिन क्या 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रेड रोड में जनसभा को किया संबोधित

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां 'रेड रोड' में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान 'दंगा कराने' की कोशिश करेंगे। उन्होंने लोगों से 'साजिश का शिकार नहीं होने' का आग्रह किया। ईद का पर्व रमजान के महीने की समाप्ति पर मनाया जाता है।

बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे। मुझे लोगों से घृणा करनी नहीं आती। मैं नफरत फैलाने वाले भाषण नहीं देती। मैं चाहती हूं कि सभी शांति और सौहार्द के साथ भाइयों की तरह रहें। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। किसी को भी इस एकता को तोड़ने नहीं दीजिएगा। बनर्जी ने कहा जब तक मैं जिंदा हूं आपको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं भाजपा से कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।

क्रिकेटर हार्दिक पंड्या का सौतेला भाई ठगी के आरोप में गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के सौतेले भाई को 'पॉलिमर' कारोबार में उनके और उनके भाई क्रुणाल के साथ कथित तौर पर चार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को 37 वर्षीय वैभव पंड्या को आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी, आपराधिक साजिश, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या ने अपने सौतेले भाई के साथ मिलकर मुंबई में एक साझेदारी-आधारित इकाई की स्थापना की। वैभव ने साझेदारी खाते से लगभग एक करोड़ की धनराशि भी अपने खाते में स्थानांतरित कर ली।

अनुकरणीय प्रदर्शन का दावा दुष्प्रचार : थरूर

नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने गुरुवार को लोकसभा चुनावों में दक्षिण भारत में मजबूत प्रदर्शन के भाजपा के दावे को उसके दुष्प्रचार का परिणाम बताया और कहा कि सत्ताधारी दल उत्तर में साम्प्रदायिकता, धार्मिक विभाजन और मूलनिवासी सामाजिक विभाजन जैसे जो विमर्श गढ़ता है, वे वहां लागू नहीं होते।

थरूर ने दक्षिण में आक्रामक सियासी रणनीति अपनाने वाली भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक ऐसी पार्टी जो 'विकास' पर ध्यान केंद्रित करने का दावा करती है, उसके एजेंडे की उस क्षेत्र में स्वीकार्यता सबसे कम है जो वास्तव में सबसे अधिक 'विकसित' क्षेत्र है। थरूर ने कहा कि हिंदी, हिंदुत्व, हिंदुस्तान के प्रभुत्व की तलाश वास्तव में हमारी बहुलवादी चेतना की नींव के लिए सबसे प्रमुख खतरा है। कांग्रेस नेता ने भारतीय धर्मनिरपेक्षता देश की संस्कृति के 'डीएनए' में अंतर्निहित है और यह इतनी आसानी से गायब नहीं होगी।

देश में राम मंदिर की लहर से भाजपा को फायदा मिलने की संभावना पर, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य ने कहा, भाजपा का धर्म का राजनीतिकरण तब बहुत आगे बढ़ गया जब प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की, जिसके लिए वह स्पष्ट रूप से योग्य नहीं हैं।

उत्तर पश्चिम भारत में इस सप्ताहांत में बारिश, ओलावृष्टि की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को कहा कि लगातार दो पश्चिमी विक्षोभों और अरब सागर से आने वाली उच्च नमी के कारण इस सप्ताह के अंत में उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ों और मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश होने की संभावना है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश में 13 से 15 अप्रैल बारिश, बिजली कड़कने, ओलावृष्टि होने और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ मध्य और ऊपरी क्षोभमंडलीय पछुआ पवन के रूप में पश्चिम ईरान पर स्थित है। 13-15 अप्रैल के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना है।

गर्मी और लू से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने की बैठक

नई दिल्ली। गर्मी के महीनों में मौसम की स्थिति खराब होने के पूर्वानुमान के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को लू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कहा गया है कि आवश्यक दवाओं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और पीने के पानी की उपलब्धता के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र में तैयारियों की समीक्षा की गई।

भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं नोटबंदी और चुनावी बॉण्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने भाजपा को लिया आड़े हाथ, बोले- 400 से अधिक सीटें जीतना भाजपा के लिए सपना ही रहेगा

चुनावी बॉण्ड को बड़ा घोटाला और नोटबंदी को काले धन को सफेद में बदलने का तरीका करार देते हुए पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने भ्रष्ट कृत्यों पर गोपनीयता की चादर ढक देती है और उम्मीद करती है कि उनके बारे में कभी पता नहीं चलेगा।

सिन्हा ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 400 से अधिक सीटें जीतने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडी) की ताकत को कम आंका जा रहा है। सिन्हा (86) ने कहा कि वह राजनीति से संन्यास ले चुके हैं और वापसी की उनकी कोई योजना नहीं है, जबकि उनके पूर्व संसदीय क्षेत्र हजारीबाग से अनेक लोग उनसे इस बार चुनाव लड़ने का आग्रह कर चुके हैं। सिन्हा ने 2018 में भाजपा छोड़ दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र में राजग सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा था, यह सरकार तब तक ईमानदार है जब तक सत्ता में है। जैसे ही यह सत्ता से बाहर होगी तो भारत के लोगों को पता चलेगा कि यह अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। सिन्हा ने कहा कि नोटबंदी और चुनावी बॉण्ड इसके दो उदाहरण हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मैंने खुद से काफी मंथन करने के बाद यह किया। और मुझे पता चला कि वे भ्रष्टाचार के कृत्यों के सामने आने से बच गए हैं जिन्हें सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आने दिया गया है और इसका कारण है 'गोदी मीडिया'।

सिन्हा ने कहा कि किसी को इसकी फिक्र नहीं है। मैंने 2016 में नोटबंदी का उल्लेख किया था। अब हमें पता है कि नोटबंदी के बाद लगभग 100 प्रतिशत धन बैंकों में वापस आ गया। और मुझे एक भी ऐसे मामले, एक भी व्यक्ति या एक भी संस्था की जानकारी नहीं है जिस पर काला धन रखने के लिए मुकदमा चलाया गया हो।

दिल्ली कैपिटल्स की निगाहें सुधार पर, जीत की लय जारी रखना चाहेगी एलएसजी

लखनऊ, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इकाई को शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में फॉर्म में चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी।

एलएसजी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही है और सभी विभागों में अच्छा कर रही हैं, हालांकि 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव के पेट की चोट के कारण इस मैच में खेलने की उम्मीद नहीं है। इस 21 साल के खिलाड़ी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सिर्फ एक ओवर डाला था जिसक बाद वह मैदान से चले गये थे। यादव की अनुपस्थिति में एक और युवा तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने जिम्मेदारी से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट अपनी झोली में डाले। उनके अलावा नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई भी अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। एलएसजी के पास क्विंटन डिकॉक और केएल राहुल के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी मौजूद है। दक्षिण अफ्रीका के डिकॉक ने अभी तक दो अर्धशतकीय पारियां खेली हैं लेकिन कप्तान अभी तक अपनी शुरूआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके हैं। निकोलस पूरन भी शानदार फॉर्म में हैं जो पारी के अंत में लखनऊ की टीम को बड़ा स्कोर बनाने में मदद कर रहे हैं। हालांकि एलएसजी के लिए सबसे बड़ी चिंता देवदत्त पडीक्कल की फॉर्म बनी हुई है जो अभी तक दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके हैं। वहीं मेहमान टीम के लिए ऐसा लगता है कि उसके पास 'प्लान बी' की कमी है जो कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली 106 रन की हार से साफ दिखायी दिया। हाल में एक और जूझ रही टीम मुंबई इंडियंस से मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स -1.370 के खराब नेट रन रेट से अंक तालिका में निचले स्थान पर पहुंच गई। दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी चिंता उसकी तेज गेंदबाजी इकाई है जिसमें जरा भी धार नहीं दिखती। अब एलएसजी के खिलाफ मैच में जिम्मेदारी फिर खलील अहमद और उम्रदराज ईशांत शर्मा पर होगी जो लगातार अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। मुकेश कुमार के चोट से वापसी की उम्मीद है लेकिन वह भी अपने प्रदर्शन से धमाल नहीं कर पाये हैं। मध्यम गति के गेंदबाज सुमित कुमार और रसिक डार की गेंदबाजी पर डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और पूरन रनों का अंबार लगा सकते हैं। साथ ही तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट से वापसी के बाद धारदार गेंदबाजी नहीं कर सके हैं और चार मैच में उन्होंने 13.43 के इकोनोमी से रन लुटाये हैं। कप्तान ऋषभ पंत और ट्रिस्टन स्टब्स को छोड़ दें तो दिल्ली कैपिटल्स इस सत्र में अच्छी फॉर्म के लिये जूझती दिखी। पृथ्वी साव ने कुछ जरूरी रन जुटाये लेकिन उन्हें शीर्ष पर इससे बेहतर करने की जरूरत है। अभिषेक पोरेल को छोड़ दें तो किसी भी अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी ने अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखाया है।

दिल्ली कैपिटल्स : ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा।**

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	319
रियान पराग (राजस्थान)	05	261
शुभमन गिल (गुजरात)	06	255

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

खेल डायरी

आकांक्षा आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश के क्वार्टरफाइनल में

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आकांक्षा सौलंके ने अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरीज स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रीय खेलों की मौजूदा स्क्वाश चैम्पियन आकांक्षा ने बुधवार को दूसरे दौर में नार्वे की मैडेलिने हाईलैंड को 41 मिनट में 3-2 (13-15, 11-6, 9-11, 11-5, 11-6) से मात दी। उन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। गोवा की इस खिलाड़ी का सामना अब 15,000 डॉलर पुरस्कार राशि की पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल में मिस्र की जाना स्वाफी से होगा।

रूने को एक सेट में हराने के बाद दूसरे दौर में हारे नागल

मोंटे कार्लो। भारत के सुमित नागल ने जबर्दस्त जुझारूपन दिखाते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने को एक सेट में हराया लेकिन वर्षाबाधित दूसरे दौर का मुकाबला हार गए। बारिश के कारण यह मुकाबला बुधवार को स्थगित हो गया था। नागल ने खेल बहाल होने पर रूने से दूसरा सेट छीन लिया लेकिन आखिरी सेट में दो बार सर्विस गंवा दी। भारतीय क्वालीफायर नागल दूसरे सेट में रूने से 1-2 से पीछे थे जब बारिश हुई। उन्होंने दो घंटे 11 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 6-3, 2-6 से गंवाया।

प्रज्ञानांनदा और विदित जीते, गुकेश ने बढ़त कायम रखी

टोरंटो। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानांनदा और विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में महत्वपूर्ण जीत हासिल की जबकि डी गुकेश ने छठे दौर में ड्रा से संयुक्त शीर्ष स्थान बरकरार रखा। प्रज्ञानानंदा ने अजरबैजान के निजात अबासोव पर जीत दर्ज की जबकि गुजराती ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को पराजित किया। गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रा खेला। अभी टूर्नामेंट में आठ दौर बचे हैं। 17 साल के गुकेश और इयान नेपोमनियाच्ची ने पुरुष वर्ग में चार चार अंक से संयुक्त बढ़त बनाये रखी है। फिडे के ध्वज के अंतर्गत खेल रहे रूस के नेपोमनियाच्ची ने अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारूआना से ड्रा खेला।

इंडियन सुपर लीग फाइनल चार मई को

मुंबई। इंडियन सुपर लीग 2023-24 सत्र का फाइनल चार मई को खेला जाएगा जबकि इस फुटबॉल लीग के प्ले ऑफ मुकाबले 19 अप्रैल से शुरू होंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। लीग के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने बताया कि फाइनल के स्थल की घोषणा जल्द की जाएगी। आईएसएल ने बयान में कहा, ''सत्र का फाइनल चार मई को होगा। फाइनल में जगह बनाने की जंग की शुरुआत 19 अप्रैल को प्ले ऑफ मुकाबलों के साथ होगी। सेमीफाइनल मुकाबले अपने और विरोधी के मैदान पर होने वाले मैचों के प्रारूप में खेले जाएंगे।''

एडम जम्पा ने आईपीएल से अपना नाम लिया वापस

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एडम जम्पा ने थकान और जून में होने वाले टी-20 विश्वकप पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है। जम्पा ने राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने की पूर्व संध्या पर आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय विश्वकप जीत में एक प्रमुख गेंदबाज रहे थे। इसके बाद वह कुछ समय के लिए भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत के लिए रुके और फिर बीच में ही चले गए। उनके घरेलू सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल शामिल थे। इसके बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की शृंखला खेली।

उदित को रजत, अभिमन्यु और विकी को कांस्य

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत के उदीयमान पहलवान उदित को पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में जापान के केंटो युमिया के हाथों 4-5 से पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अभिमन्यु ने 70 किलो फ्रीस्टाइल में उजबेकिस्तान के बेजिजोन कुल्दाशेव को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता जबकि विकी ने 97 किलो में किर्गिस्तान के आंद्रेइ रोमानोविच अरोनोव को 10-1 से मात दी। ट्रायल में बजरंग पूनिया को हराने वाले रोहित कुमार 65 किलो में जापान के मासानोसुके ओनो से 3-5 से हार गए। मौजूदा अंडर-20 एशियाई चैम्पियन उदित ने सुनिश्चित किया कि देश का इस वर्ग में रिकॉर्ड अच्छा रहे। भारत ने 57 किग्रा वर्ग में लगातार चार एशियाई खिताब जीते हैं जिसमें ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि ने 2020, 2021 और 2022 में तथा अमन ने 2023 में स्वर्ण पदक अपने नाम किये। यह सीनियर स्तर पर उदित का दूसरा पदक होगा।

मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 7 विकेट से रौंदा

ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जमाए, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके

जसप्रीत बुमराह

मुम्बई, एजेंसी

ईशान किशन 69 रन और सूर्यकुमार यादव के 52 रनों की अर्धशतकीय पारियों और उससे पहले जसप्रीत बुमराह के पांच विकेटों की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 25वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात विकेट से हराकर लीग में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है।

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की ईशान किशन और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिये 101 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में आकाशदीप ने कोहली के हाथों ईशान किशन को कैच आउट कराकर मुम्बई को पहला झटका दिया था। ईशान ने सात चौके पांच छक्के उड़ाते हुए 69 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद 12वें ओवर में रोहित शर्मा को जेक्स ने आउट कर दिया। रोहित ने तीन चौके और तीन छक्के से 38 रन बनाये। सूर्यकुमार यादव ने पांच चौके और चार छक्के लगाये। उन्हें वैशाख ने 52 रन पर आउट किया। कप्तान हार्दिक पंड्या 21 और तिलक वर्मा 16 रन बनाकर नाबाद रहे। मुम्बई ने 15.3 ओवर में तीन विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आकाश दीप, विजयकुमार वैशाख और विल जेक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट पांच विकेट चटकाते हुए रॉयल चैलेंजर्स को बड़ा स्कोर बनाने रोक दिया था। हालांकि कप्तान फाफ डुप्लेसी 61 रन, रजत पाटीदार की 50 रन और आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक की नाबाद 53 रनों की तूफानी की पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 197 रनों लक्ष्य दिया था।

वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने तीसरे ही ओवर में विराट कोहली तीन रन का विकेट गवां दिया। चौथे ओवर में विल जेक्स भी आठ रन बनाकर लौट गये। रजत पाटीदार ने तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 50 रन बनाये। ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर और विजय कुमार वैशाख बिना खाता खोले ही लौट गये। डुप्लेसी ने चार चौके और तीन छक्के जड़ते हुए 61 रनों की पारी खेली। सौरव चौहान नौ रन बनाकर आउट हुये। दिनेश कार्तिक ने पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की पारी खेली।

ईशान किशन — रोहित शर्मा

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	5	4	1	8	+0.871
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
लखनऊ	4	3	1	6	+0.775
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	5	2	3	4	-0.196
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124
दिल्ली	5	1	4	2	-1.370

बेंगलुरु 196/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का ईशान बो बुमराह	03	09	0/0
फाफ डु प्लेसी का डेविड बो बुमराह	61	40	4/3
विल जैक्स का डेविड बो मधवाल	08	06	2/0
रजत पाटीदार का ईशान बो कोएत्जी	50	26	3/4
ग्लेन मैक्सवेल पगबाधा बो गोपाल	00	04	0/0
दिनेश कार्तिक नाबाद	53	23	5/4
महिपाल लोमरोर पगबाधा बो बुमराह	00	01	0/0
सौरव चौहान का मधवाल बो बुमराह	09	08	1/0
विजय कुमार विशाख का नबी बो बुमराह	00	01	0/0
आकाश दीप नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : नबी 1-0-7-0, कोएत्जी 4-0-42-1, बुमराह 4-0-21-5, मधवाल 4-0-57-1, गोपाल 4-0-32-1, शेफर्ड 2-0-22-0, पंड्या 1-0-13-0

मुंबई 199/3

15.3 ओवर, अतिरिक्त : 3

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ईशान का कोहली बो आकाश दीप	69	34	7/5
रोहित शर्मा का टॉपली बो जैक्स	38	24	3/3
सूर्यकुमार का लोमरोर बो विशाक	52	19	5/4
हार्दिक पंड्या नाबाद	21	06	0/3
तिलक वर्मा नाबाद	16	10	3/0

गेंदबाजी : टॉपली 3-0-34-0, सिराज 3-0-37-0, आकाश दीप 3.3-0-55-1, मैक्सवेल 1-0-17-0, विशाक 3-0-32-1, जैक्स 2-0-24-1

पीवी सिंधू और प्रणय हारे, एशिया चैंपियनशिप में चुनौती समाप्त

निंगबो (चीन), एजेंसी

- **चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हुईं**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एच एस प्रणय के गुरुवार को यहां अपने प्री क्वार्टरफाइनल में बाहर होने से बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौटने की कोशिश में जुटी सिंधू ने एक घंटे और नौ मिनट तक कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंत में छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान युए से 18-21 21-13 17-21 से पराजित हो गयीं। यह युए के खिलाफ पहली हार थी।

गुरुवार को मुकाबले से पहले युए के खिलाफ इस भारतीय का जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को चीनी ताइपे के गैर वरीय लिन चुन यि से महज 43 मिनट में 18-21 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीयों के एक अन्य नतीजे में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की युगल जोड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की तीसरी वरीय जोड़ी से 17-21 12-21 से पराजित हो गयीं। सिंधू ने पहले गेम में अनुभव का फायदा उठाते हुए 8-4 से बढ़त ले ली और इसे 14-8 तक बढ़ा दिया। पर चीन की खिलाड़ी ने शानदार वापसी की और सिंधू ने गलतियां करनी शुरू कर दी। युए ने सिंधू को लंबी रैलियों में उलझाकर थका दिया और 15-15 से बराबरी पर पहुंच गयीं। युए ने इसके बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने आक्रामक रूख अख्तियार किया और अपने अनुभव की बदौलत 16-8 से बढ़त बना ली। युए ने वापसी की सर्वश्रेष्ठ कोशिश की लेकिन सिंधू ने कोई मौका नहीं दिया और दूसरा गेम अपने नाम कर 1-1 से बराबरी हासिल कर ली। निर्णायक गेम में सिंधू 8-4 की बढ़त के बाद लय खो बैठीं।

पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मी. भाला फेंक सकता हूं: नीरज

नयी दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाये हैं। चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाये हैं। पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण पदक को बरकरार रखने का लक्ष्य बनाने वाले इस 26 साल के एथलीट ने गुरुवार को कहा, मैं पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का प्रयास करूंगा।

अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे मयंक यादव

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव कूल्हे में जकड़न के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सकेंगे। लखनऊ का सामना शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स से होगा जिसके बाद 14 अप्रैल को कोलकाता में खेलना है। लखनऊ के कोच जस्टिन लैंगर ने उम्मीद जताई कि मयंक 19 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच तक पूरी तरह से फिट हो जायेंगे। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि वह 19 अप्रैल तक फिट हो जायेगा। हम चाहते हैं कि वह हर मैच खेले। वह काफी मेहनत कर रहा है लेकिन कल का मैच नहीं खेल सकेगा।'' आईपीएल में पदार्पण के साथ 150 किमी की रफ्तार से गेंद डालकर सनसनी फैलाने वाले मयंक गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को एक ओवर डालने के बाद मैदान से चले गए थे। लैंगर ने कहा, ''उसके कूल्हे में जकड़न है। गुजरात के खिलाफ एक ओवर डालने के बाद उसे महसूस हुआ। हमने एमआरआई कराया, जिसमें थोड़ी सी सूजन नजर आई है। हमें उम्मीद है कि वह जल्दी ही मैदान पर लौटेगा।'' चोट के कारण दो मैचों से बाहर रहे तेज गेंदबाज मोहसिन खान के बारे में कहा कि उन्हें कोलकाता में उतारा जा सकता है।

बॉलीवुड हलचल

मिर्जापुर वेब सीरीज के लिए प्रशंसकों का प्यार बहुत गहरा है : रसिका दुग्गल

मुंबई, एजेंसी। लोकप्रिय वेब सीरीज ''मिर्जापुर'' के तीसरे सीजन का जल्द ही प्रीमियर होने वाला है और इसमें अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल का कहना है कि सीरीज की टीम यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है कि प्रशंसकों के लिए इसका अनुभव बेहद शानदार रहे। सीरीज में बीना त्रिपाठी का किरदार निभाने वाली रसिका दुग्गल ने कहा कि वह इस लोकप्रिय सीरीज का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। रसिका दुग्गल ने ''पीटीआई-भाषा'' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा, ''''मिर्जापुर'' को प्रशंसकों की जो सराहना और समर्थन मिला है, वह बहुत ही शानदार है, मेरे जीवन में इसका खास स्थान है। इसके प्रशंसकों का इसके प्रति लगाव काफी गहरा है। मैं बहुत खुश हूं कि हमने तीसरा सीजन बनाया है और दर्शकों को जल्द ही यह देखने को मिलेगा। मैं उनके लिए बहुत उत्साहित हूं।'' रसिका ने कहा, ''मेरा मानना है कि ''मिर्जापुर'' के प्रशंसक इसलिए काफी अधिक हैं क्योंकि लोगों ने वास्तव में इसके किरदारों को पसंद किया और उनके प्रति एक प्रकार का जुड़ाव महसूस किया है। यह शो दिखावटीपन नहीं करता है। यह उन किरदारों के साथ लोगों के जुड़ाव के बारे में है। हम पहले ही ऐसा कर चुके हैं, और हम यह काम हर सीजन में करते हैं। हमने इस सीजन में भी अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से ऐसा ही किया है।'' अभिनेत्री ने कहा कि अली फजल द्वारा निभाया गया बंदूकधारी गैंगस्टर गुड्डू भैया सीरीज में उनका पसंदीदा किरदार है। रसिका ने यहां रेड लॉरी फिल्म महोत्सव के पहले संस्करण से इतर कहा, ''अली ने गुड्डू भैया का किरदार जिस तरह से निभाया, वह मुझे बेहद पसंद आया।''

अर्जुन कपूर को पसंद आया राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत का ट्रेलर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर को राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अर्जुन कपूर को फिल्म 'श्रीकांत' का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर राजकुमार राव की जमकर तारीफ की है। अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म ''श्रीकांत' का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, यह देखना अद्भुत है कि आपके दोस्त हर फिल्म के साथ बेहतर काम करने की इच्छा रखते हैं। साथ ही अभिनय की सभी सीमाओं को पार करते रहते हैं।'' फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहा हूं। फिल्म श्रीकांत उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।

देवरा पार्ट 1 का नॉर्थ स्टेट्स में डिस्ट्रीब्यूशन करेंगे करण जौहर



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' का डिस्ट्रीब्यूशन नॉर्थ स्टेटस में करेंगे। एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्माकार करण जौहर भी अब इस फिल्म से जुड़ गए हैं। करण जौहर ने देवरा पार्ट 1 फिल्म के मेकर्स से हाथ मिलाया है। करण जौहर ने एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें वह जूनियर एनटीआर और देवरा पार्ट 1 के मेकर्स के साथ नजर आ रहे हैं। करण जौहर ने फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, बड़े तूफान के लिए खुद को तैयार कर लो, हमें इस बात का गर्व है कि इंडियन सिनेमा में मास फिल्म देवरा पार्ट 1 के मेकर्स से हमने नॉर्थ स्टेटस में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हाथ मिलाया है। फोटो में जूनियर एनटीआर, फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी, प्रोड्यूसर अपूर्व मेहता और फिल्म के निर्देशक शिवा कोराताला दिखाई दे रहे हैं। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

भारत में नई राजदूत होंगी ब्रिटेन की लिंडी कैमरून

नई दिल्ली। ब्रिटेन ने लिंडी कैमरून को भारत में नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। कैमरून निवर्तमान एलेक्स एलिस का स्थान लेंगी। भारत में ब्रिटेन के दूतावास ने गुरुवार को बताया है कि, लिंडी कैमरून को एलेक्स एलिस के उत्तराधिकारी के रूप में भारत गणराज्य में ब्रिटेन का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। एलिस को कोई अन्य राजनयिक जिम्मेदारी दी जाएगी। बयान में कहा गया है कि कैमरून इस महीने अपना कार्यभार संभालेंगी। कैमरून 2020 से ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र की मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले लिंडी ब्रिटेन के उत्तरी आयरलैंड कार्यालय के महानिदेशक के रूप में भी कार्यरत थीं।

छत्तीसगढ़ में एक लाख का इनामी समेत दो नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुड़गीचेरू से सुरक्षाबलों ने दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ के अध्यक्ष हेमला हुंगा (41) और पूनेम बुधरू (40) को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली हुंगा के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सली 19 अप्रैल 2022 को पेगड़ापल्ली गांव के जंगलों में पुलिस दल पर गोलीबारी करने और विस्फोट करने की घटना में शामिल थे।

रूस ने बड़े पैमाने पर यूक्रेन में दागीं 40 मिसाइलें, बिजली ठप

कीव। यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में रूस ने गुरूवार को बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि पूर्वी खार्किव क्षेत्र, दक्षिणी ज़ापोरीज़िया क्षेत्र, पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र और मध्य कीव क्षेत्र में बिजली उत्पादन केंद्रों पर हमले से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 10 मिसाइल हमले के बाद, खार्किव क्षेत्र के करीब दो लाख घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने यहां के मेट्रो स्टेशन में शरण ली है। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने रिपोर्ट में कहा कि दो थर्मल पावर प्लांट के उपकरण नष्ट हो गए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर बताया कि यूक्रेन पर रूस ने 40 से अधिक मिसाइल और करीब 40 ड्रोन दागे हैं।

पाकिस्तान में जो हालात हैं, उनसे एक बार फिर देश टूटेगा: इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने चेतावनी दी है कि देश में जो मौजूदा हालात हैं, उनसे एक बार फिर ढाका जैसी त्रासदी हो सकती है। इमरान खान ने साल 1971 के हालात की मौजूदा हालात से तुलना की और कहा कि देश आर्थिक तौर पर तबाही के कगार पर पहुंच सकता है। इमरान ने कहा कि कोई भी देश या संस्थान बिना आर्थिक स्थिरता के नहीं चल सकता। वहीं पार्टी के नेता बैरिस्टर राजा ने बताया कि इमरान खान अभी भी देश के लिए समर्पित हैं, लेकिन देशवासियों के लिए चिंतित भी हैं।

पाकिस्तानी फौज ने अपने ही पुलिस वालों को थाने में पीटा

- एक सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियार जब्त करने के बाद थाने पर किया हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सैनिकों ने बुधवार को पंजाब प्रांत के बहावलनगर में पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। यळ घटना मदरीसा पुलिस स्टेशन की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने एक पाकिस्तानी सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया था।

इसके बाद 7-8 गाड़ियों में बैठकर 40 से 50 सैनिक पुलिस थाने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने छड़ी और राइफल के बट से पुलिस अधिकारियों की जमकर पिटाई की। सैनिकों ने स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) और स्टेशन इंचार्ज को भी मारा। अधिकारियों के शरीर पर जख्मों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सैनिकों के हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर

शेयर किए जा रहे वीडियो के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पुलिसकर्मियों से वीडियो रिकॉर्डर छीन लिए थे। इसके बाद उन्हें लॉक-अप में बंद करके मारा गया। पंजाब पुलिस ने कहा, घटना को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। हमने इसकी जांच कराई है और दोनों संस्थानों ने शांतिपूर्ण तरह से मामले को सुलझा लिया है।

ब्रिटेन में 12 भारतीय गिरफ्तार वीजा उल्लंघन का लगा आरोप

लंदन, एजेंसी। ब्रिटिश इमिग्रेशन अधिकारियों ने वीजा शर्तों के उल्लंघन के शक में की गई छापेमारी के दौरान 12 भारतीयों को पकड़ा। इसमें एक महिला भी शामिल है। वे अवैध रूप से गद्दे और केक फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे।

बुधवार को ब्रिटेन के होम ऑफिस के एक बयान के मुताबिक, आव्रजन प्रवर्तन अधिकारी इंग्लैड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में खुफिया सूचना के बाद की गई कार्रवाई में पाया गया कि वहां अवैध रूप से काम हो रहा था। गृह कार्यालय के मुताबिक, वहां अवैध रूप से काम करने के संदेह में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पास में स्थित एक केक फैक्ट्री से चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें अपनी वीजा शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इसके बाद एक भारतीय महिला को एक निजी घर में आव्रजन अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया है। गृह कार्यालय के मुताबिक, दोपहर बाद भी मामले में आगे की कार्रवाई की गई। गृह कार्यालय की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि चार आरोपियों को ब्रिटेन से हटाने या भारत निर्वासन पर विचार होने तक हिरासत में लिया गया था, बाकी बचे आठ को शर्त पर जमानत दी गई। इस बीच, अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने अपने कारखानों में अवैध श्रमिकों को नियुक्त किया है तो दोनों व्यवसायों को जुर्माने की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट प्रक्षेपण में रूस कामयाब



मॉस्को। रूस ने गुरुवार को पहली बार अपने अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट का परीक्षण किया। यह टेस्ट लॉन्च सुदूर पूर्व में वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से किया गया। इससे पहले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन अंगारा रॉकेट के दो प्रक्षेपण अंतिम समय में रद कर दिए गए थे। दरअसल, दबाव प्रणाली में खराबी और इंजन प्रक्षेपण-नियंत्रण प्रणाली में समस्या होने के कारण रॉकेट टेस्ट लॉन्च को रद कर दिया गया था। हालांकि, यह रूस का तीसरा परीक्षण जो सफल हुआ। रूसी अंतरिक्ष अधिकारियों के लिए आज यानी 11 अप्रैल का दिन भाग्यशाली रहा। परीक्षण से पहले रूस ने अपना कॉस्मोनॉट दिवस मनाया। दरअसल, 63 साल पहले सोवियत संघ के यूरी गगारिन बाहरी अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इसी दिन को कॉस्मोनॉट दिवस कहा जाता है।

इस रॉकेट में छुपी हैं कई सारी खूबियां

रॉकेट लॉन्च करने वाले मिशन नियंत्रण ने बताया कि जैसे ही रॉकेट अंतरिक्ष में उड़ा, मिनटों में 25,000 किलोमीटर (15,500 मील) प्रति घंटे से अधिक तक आसमान की ऊंचाई में पहुंच गया था। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी, रोस्कोस्मोस ने बताया कि रॉकेट ने सामान्य रूप से काम किया। बता दें कि 54.5 मीटर (178.81 फुट) का तीन चरणों वाला रॉकेट, जिसका वजन लगभग 773 टन है, लगभग 24.5 टन वजन अंतरिक्ष में ले जा सकता है। रूस ने 1991 में सोवियत संघ के टूटने के कुछ साल बाद एक रूसी-निर्मित लॉन्च वाहन के रूप में अंगारा परियोजना की शुरुआत की थी। बता दें कि पहली अंगारा-ए5 परीक्षण उड़ान 2014 में हुई और दूसरी 2020 में उत्तरी रूस के प्लेसेत्स्क से हुई। 2021 में एक आंशिक परीक्षण किया गया जो असफल रहा था।

चीन का बदला रुख, भारत के साथ सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाने को तैयार

मोदी के बयान पर चीन ने दी प्रतिक्रिया, कहा- स्थिर संबंधों से साझा हितों की पूर्ति होगी

बीजिंग, एजेंसी

मजबूत और स्थिर संबंधों से चीन और भारत के साझा हितों की पूर्ति होगी। चीन की यह प्रतिक्रिया भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के साथ चीन के संबंध पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। मोदी के बयान के बाद चीन के तेवर ढीले पड़ गए हैं, और अब चीन भी सीमा पर शांति के परिंदे उड़ाना चाहता है।

बता दें, प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा था कि दोनों देशों को मिलकर बातचीत के जरिए सीमा विवाद का तत्काल हल निकाला जाना चाहिए। अब चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा है कि चीन ने प्रधानमंत्री की टिप्पणियों पर गौर किया है। माओ ने आगे कहा कि अगर भारत और चीन के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध होंगे, तो इससे दोनों देशों के साझा हितों की भी पूर्ति होगी।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सीमा विवाद पर कहा है कि भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को ठीक से प्रबंधित कर उचित रूप से रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं।

बता दें कि गुरुवार को पीएम मोदी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंध महत्वपूर्ण हैं। माओ निंग ने उम्मीद जताई कि दोनों देश एक साथ मिलकर एक दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने से आपसी विश्वास बढ़ेगा, जिससे संवाद और सहयोग कायम रहेगा। मिंग ने यह भी कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए मतभेदों का हल निकाला जाना जरूरी है।

सीमा पर हिंसक झड़प से दोनों देशों के बीच पैदा हुआ था गतिरोध

5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर पैंगोंग त्सो क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच गतिरोध पैदा हो गया था। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। चीनी सेना के अनुसार दोनों पक्ष अब तक गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। उधर भारत द्वारा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना को हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। भारत का कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती।

मई तक इजराइल जाएंगे 6 हजार भारतीय श्रमिक

तेल अवीव। इजराइल और हमास के बीच छह माह से युद्ध जारी है। ऐसे में इजराइल के निर्माण क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो गई है, जिस वजह से अप्रैल और मई में भारत से छह हजार मजदूर इजराइल जाएंगे। इजराइल सरकार ने बुधवार देर रात बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। इजराइल प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), वित्त मंत्रालय और निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा चार्टर उड़ानों पर सब्सिडी देने के संयुक्त निर्णय के बाद श्रमिकों को एयर शटल से इजराइल लाने के फैसले पर मुहर लगी है।

गौरतलब है कि इजराइली निर्माण उद्योग उन विशिष्ट क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देता है, जहां इजराइली श्रमिकों की कमी होती है। युद्ध से पहले इजराइल में 80 हजार श्रमिक वेस्ट बैंक से तो वहीं 17 हजार श्रमिक गाजा पट्टी से आए थे लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद से अधिकांश श्रमिकों का वर्क परमिट रद कर दिया गया है। बता दें, युद्ध के कारण देश में श्रमिकों की भारी कमी हो गई, जिस वजह से कई परियोजनाएं रुक गई। संकट को देखते हुए इजराइल सरकार ने यह कदम उठाया है। बता दें, कुछ दिन पहले भारतीय श्रमिकों को एक जत्था पहुंच चुका है।

न्याय तंत्र को कमजोर कर रहे सोशल मीडिया मंच: सुप्रीम कोर्ट

- सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

नई दिल्ली,एजेंसी

लंबित और विचाराधीन मामलों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिस तरह से संदेश और लेख प्रसारित किए जा रहे हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी की पीठ ने असम के विधायक करीम उद्दीन बरभुइया के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करते हुए सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की है।

बता दें कि विधायक को शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट के लिए अवमानना नोटिस जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में सोशल मीडिया पर टिप्पणियां और लेख पोस्ट किए जा रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह से सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भले ही हमारे कंधे किसी भी दोष या आलोचना को सहन करने के लिए काफी चौड़े हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की आड़ में सोशल मीडिया के माध्यम से न्यायालय में लंबित मामलों के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं, जो न्यायपालिका को कमजोर करने की तरफ इशारा कर रहे हैं।

भ्रामक पोस्ट पर विधायक को अवमानना नोटिस

पीठ ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक को अवमानना नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस मामले को अधिक गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। विधायक को कार्यवाही के दौरान कोर्ट में पेश होने का भी निर्देश दिया गया है। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने शीर्ष अदालत में फैसले के लिए आरक्षित एक मामले के संबंध में भ्रामक फेसबुक पोस्ट की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि मामले को उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर भारत क मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए।

यौन उत्पीड़न से निपटने को नए उपाय खोज रहा इंस्टाग्राम

लंदन। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम ने कहा कि वह युवा लोगों की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए नए उपाय कर रहा है, जिसमें एक ऐसी सुविधा भी शामिल है जो सीधे संदेशों (डीएम) में नग्नता को स्वतः धुंधला कर देगी।

इंस्टाग्राम ने एक ब्लॉग के माध्यम से जानकारी दी है, कहा कि यौन घोटालों और छवि दुरुपयोग के विभिन्न रूपों से लड़ने के लिए सुविधाओं का परीक्षण कर रहा है। मार्क जुकरबर्ग ने इस साल की शुरुआत में अमेरिकी संसद के सीनेट में इस तरह के दुर्व्यवहार के शिकार लोगों से माफी मांगी थी। इंस्टाग्राम ने कहा कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द नए नियम व अन्य फीचर का परीक्षण करेगा।

अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए एसटीएफ गठित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए पहली बार दूतावास ने बड़े कदम उठाए हैं। संदिग्ध मौत के बढ़ते मामलों के बीच वाशिंगटन स्थित दूतावास ने स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) बनाई गई है। साथ ही अमेरिका में रह रहे लगभग सात लाख भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षा गाइडलाइन भी जारी की गई है। दूतावास की एडवाइजरी के अनुसार भारतीय छात्र देर रात को संदिग्ध स्थानों पर जाने से बचें और जहां तक संभव हो ग्रुप में आवाजाही करें। किसी भी परेशानी में छात्र दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते है। छात्रों को दूतावास की वेबसाइट पर रजिस्टर कराने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे किसी भी इमरजेंसी में छात्रों को ट्रैक किया जा सके। दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी है कि, इस साल 11 भारतीय छात्रों की संदिग्ध मौत की जांच अब दूतावास की देखरेख में होगी। इसके लिए दूतावास ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय के लिए विशेष टीम बनाई है। ग्लोबल हिंदू फाउंडेशन और अन्य भारतीय संगठनों की मांग पर जांच में एफबीआई को भी शामिल किया जाएगा। एक ऑनलाइन वेब पोर्टल भी लॉन्च किया है। इसमें भारतीय छात्र अपनी शिकायतों को अपलोड कर सकेंगे। भारतीय समुदाय के नेता अजय भूतोड़िया का कहना है कि छात्रों की सुरक्षा के लिए अमेरिका के अन्य छोटे शहरों में भी विशेष सेल बनाए जाएं।

छात्रों पर हमले बर्दाश्त नहीं

वाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किरबी ने कहा है कि भारतीय छात्रों की संदिग्ध हालत में मौत और बढ़ते हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। भारतीय दूतावास की ओर से छात्रों की सुरक्षा के लिए उठाए गए नए कदमों को अमेरिका सरकार की ओर से सहयोग दिया जाएगा। जांच में भी तेजी के निर्देश दिए गए हैं।

ईरान से जब्त हथियार यूक्रेन भेजे

वाशिंगटन: अमेरिकी सेना ने यूक्रेन को पांच हजार एके-47 राइफल्स दी हैं। इस के साथ मशीन गन, स्नाइपर राइफल, आरपीजी-7 लॉन्चर और 5 लाख राउंड से ज्यादा गोलियां शामिल हैं। ये हथियार ईरान की एलीट फोर्स इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स के थे, जिसे अमेरिका ने जब्त किया था। ● एजेंसी

एसबीआई ने आरटीआई कानून के तहत चुनावी चंदे की जानकारी देने से किया इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत चुनाव आयोग को दिए गए चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देने से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह व्यक्तिगत जानकारी है जिसे किसी जिम्मेदार हैसियत से रखा गया है। एसबीआई ने यह भी कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन मौजूद हैं।

चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉण्ड का पूरा विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत करे, आयोग से कहा गया था कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करे। 12 मार्च को चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया। बैंक ने आरटीआई अधिनियम के तहत दिए गए दो छूट प्रावधानों का हवाला देते हुए जानकारी से इनकार किया, एक जिम्मेदार क्षमता में रखे गए रिकॉर्ड से संबंधित है और व्यक्तिगत जानकारी को रोकने की अनुमति देती है।

विज्ञान मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने हालिया शोध में किया खुलासा, बोले-रहस्य को समझने में शुरूआती कदम

मायावी डार्क मैटर का रहस्य उजागर करेंगे न्यूट्रॉन तारे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांड का सबसे बड़े हिस्से डार्क मैटर को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि न्यूट्रॉन तारे ही मायावी डार्क मैटर के रहस्य को उजागर कर सकते हैं। मेलबर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के हालिया शोध में यह खुलासा किया गया है। यह शोध ब्रह्मांड के सबसे बड़े रहस्य को समझने में एक महत्वपूर्ण शुरूआती कदम है।

डार्क मैटर की खोज विज्ञान की सबसे महान खोजों में एक मानी जाती है। इस अदृश्य पदार्थ का हमारे ब्रह्मांड में 85 प्रतिशत हिस्सा है। फिर भी हम इसे देख नहीं पाते हैं। डार्क मैटर प्रकाश के साथ संपर्क नहीं करता है और ना ही यह प्रकाश को अवशोषित नहीं करता है। यह प्रकाश को प्रतिबिंबित भी नहीं करता है। यह प्रकाश उत्सर्जित भी नहीं कर पाता है। जिस कारण हमारी दूरबीनें इसे सीधे नहीं देख सकतीं। इसके बावजूद हम जानते हैं कि इसका बड़ा वजूद ब्रह्मांड में मौजूद है। सिर्फ गुरुत्वाकर्षण खिंचाव हमें बताता है कि यह मौजूद होना चाहिए। यह अजीबो गरीब पहेली है, जिसका हल वैज्ञानिकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। डार्क मैटर को समझने के लिए नए शोध में बताया गया है कि न्यूट्रॉन तारे अलग-अलग होते हैं। वे इतने घने होते हैं कि डार्क मैटर कणों के तारे के साथ संपर्क करने की अधिक संभावना होती है। यदि डार्क मैटर कण तारे में न्यूट्रॉन से टकराते हैं, तो वे अपनी ऊर्जा खो देते हैं और कूछ समय बाद वहाँ काले पदार्थ का संचय होने लगते हैं। इसका पता पुराने व ठंडे न्यूट्रॉन सितारों के जरिए संभव है। इसे समझने के लिए ठंडे पड़ चुके न्यूट्रॉन तारों पर शोध किया जाना चाहिए। इस शोध मे डार्क मैटर पार्टिकल की गणना की गई। जिससे पता चला कि डार्क मैटर के कण आपस में टकराते हैं और ठंडे होकर नष्ट हो जाते हैं। इसके बाद इनकी ऊर्जा स्थानांतरित हो जाती है। बहरहाल न्यूट्रॉन तारों में इसका हल संभव नजर आता है।

डार्क मैटर का काल्पनिक चित्र।

कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है अधिकांश ऊर्जा

मेलबर्न विश्वविद्यालय के प्रो. निकोल बेल ने इस शोध को लेकर कहा है कि नई गणना से पहली बार पता चला है कि न्यूट्रॉन तारों में अधिकांश ऊर्जा कुछ ही दिनों में जमा हो जाती है। डार्क मैटर को समझने के लिए यह एक कड़ी है। विज्ञान पत्रिका द जर्नल ऑफ कॉस्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

बलूचिस्तान प्रांत में बस खाई में गिरी, 17 की मौत, 38 घायल

कराची। पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के एक सीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने गुरुवार बताया है कि, तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है। सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतकों और घायलों को कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया।

फ्लैश सीरीज अब दर्शकों का करेगी मनोरंजन

- ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव पर है उपलब्ध

अमृत विचार नेटवर्क

डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो एक्सक्लूसिव, इस अप्रैल में अपनी नई रहस्यमय थ्रिलर सीरीज, 'फ्लैश' के साथ दर्शकों के मनोरंजन के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस सीरीज में अंशुल पांडे, सागर कपूर और ख्वाहिश मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। शौर्य सिंह द्वारा निर्देशित, यह सीरीज एक पोर्ट्रेट फोटोग्राफर की मनोरंजक कहानी को उजागर करती है। यह मनोरंजक सीरीज विशेष रूप से 5 अप्रैल, 2024 से वॉचो एप पर उपलब्ध है। इस सीरीज की कहानी एक कुशल पोर्ट्रेट फोटोग्राफर वंश कुंद्रा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो रहस्यमयी अक्षा चौहान के साथ अपने करियर के शिखर को चुनता है। धन मिलने के वादे से आकर्षित होकर, वंश उसके भव्य और एकांत पेंटहाउस में जाता है, लेकिन वहां उसे एक अशांत माहौल का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, अक्षा एक चौंकाने वाले परिवर्तन से गुजरती है, जिससे वंश की धारणा को चोट पहुंचती है। इसकी गहराई में पहुँचने पर, वंश को पता चलता है कि वह धोखे और रहस्यों से बुने एक पेचीदा जाल में फंस गया है। प्रत्येक एपिसोड के साथ, 'फ्लैश' इस उलझी हुई कहानी की परतें खोलता है, जिससे दर्शकों की सांसें थम जाती हैं और वे हर सवाल का उत्तर जानने के लिए उत्सुक होते हैं। यह मंच अपने दर्शकों के लिए और भी अधिक रोमांचक कॉन्टेंट प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट मार्केटिंग प्रमुख सुखप्रीत सिंह ने कहा, वॉचो में, हम मानते हैं कि थ्रिलर्स एक स्थायी अपील रखते हैं, जो लिंग और उम्र की सीमाओं से परे है।

'फ्लैश' की रिलीज के साथ, हम अपनी पिछली थ्रिलर 'स्टेट वर्सेस आहूजा' की सफलता को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अंशुल पांडे ने कहा, जब मैंने पहली बार 'फ्लैश' की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं तुरंत अपने किरदार वंश कुंद्रा से आकर्षित हो गया। मैंने आमतौर पर टीवी पर भूमिका निभाई है, लेकिन ओटीटी पर नया अनुभव होगा।

फायर टीवी स्टिक, डिश एसएमआरथब, डी2एच मैजिक, एंड्रॉइड व आईओएस स्मार्टफोन सहित कई डिवाइसेस पर या www.watcho.com पर देखिए